सूर्योदय : 5:20
सूर्यास्त : 6:45
अधिकतम तापमान : 37.7
न्यूनतम : 25.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-324 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 16 मई 2026
28 ज़िकादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

भारत में पांच अरब डॉलर निवेश करेगा यूएई

■ पीएम मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर

अबू धाबी। भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए ऊर्जा, रक्षा, समुद्री, प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्रों में छह समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किये। अमीरात ने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद जायेद अल नहयान के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

इनमें इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) ने भारत में विशाखापतनम और चांदीकोल में तीन करोड़ बैरल तक कच्चे तेल के भंडारण की संभावनाओं, यूएई के फुजैरा में भंडारण और भारत में एलएनजी तथा एलपीजी भंडारण में सहयोग पर समझौता प्रमुख है। भारत की इंडियन ऑयल लिमिटेड (आईओसीएल) और अमीरात की एडीएनओसी ने एलपीजी आपूर्ति पर रणनीतिक सहयोग पर भी समझौता किया, जिसमें दीर्घकालिक आपूर्ति और खरीद समझौतों की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा।

रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों ने औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, विशेष संचालन, समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा और सुरक्षित संचार के लिए ढाँचा स्थापित किया, ताकि आपसी सहयोग और रणनीतिक सामंजस्य बढ़ाया जा सके। कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) और ड्राईडॉक्स वर्ल्ड (डीडीडब्ल्यू) ने वाड़ीनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें ऑफशोर फैब्रिकेशन शामिल है।

इसके अलावा, कोचिन शिपयार्ड, ड्राईडॉक्स वर्ल्ड और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मेरिटाइम एंड शिपबिल्डिंग (सीईएमएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन भारतीय समुद्री कार्यबल को प्रशिक्षित और रोजगार देने का ढांचा तैयार करेगा और भारत को शिपबिल्डिंग और शिप रिपेयर पेशेवरों के लिए एक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत के सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडैक), और यूएई के जी-42 ने भारत के एआई मिशन के हिस्से के रूप में 8 एक्साफ्लॉप सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने पर समझौता किया।

यूएई के निवेशकों ने भी वित्तीय प्रतिबद्धताओं की घोषणा की जिनमें अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) और भारत के नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट फंड (एनआईआईएफ) द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर में एक अरब डॉलर तक निवेश, एमिरेट्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (ईएनबीडी) द्वारा आरबीएल बैंक ऑफ़ इंडिया में तीन अरब डॉलर का निवेश और इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा सममान कैपिटल ऑफ़ इंडिया में एक अरब डॉलर का निवेश शामिल है। इन समझौतों और निवेश से दोनों देशों के आर्थिक और रणनीतिक संबंध गहरे होंगे। इसके साथ ही भारत की ऊर्जा और रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और प्रौद्योगिकी तथा समुद्री क्षेत्र में विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

पश्चिम एशिया में शांति के लिए भारत हरसंभव मदद को तैयार : मोदी

पश्चिम एशिया में मौजूदा हालातों पर पीएम मोदी ने कहा कि यूएई पर हुए हमलों की हम घोर निंदा करते हैं। यूएई को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इन परिस्थितियों में आपने जिस संयम और साहस का परिचय दिया है, ये सराहनीय है। राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने में आपके नेतृत्व में उठाए गए कदमों का हम अभिनंदन करते हैं। पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध की परिस्थिति का प्रभाव आज पूरे विश्व पर दिखाई दे रहा है।

योगी ने की महराजगंज में लोगों से तेल की खपत कम करने की अपील

■ मुख्यमंत्री ने 79 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

महराजगंज। सीएम योगी आदित्यनाथ ने महराजगंज से पेट्रोल और डीजल की खपत को लेकर बड़ी अपील की। दरअसल, सीएम योगी 79 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मध्य एशिया में जारी युद्ध के कारण तेल सप्लाई प्रभावित होने जैसी स्थिति का जिक्र किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से अपील की कि संकट के समय में हमें देश के साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील के सहयोग में खड़ा होने की बात कही। इसको लेकर चर्चा चल रही है। सीएम योगी ने प्रदेश की तरक्की और तेजी से बढ़ते राज्य के रूप में पहचान बनाने की बात भी इस मौके पर कही।

सीएम योगी ने महराजगंज में कार्यक्रम के दौरान कहा कि देश में अमेरिका और ईरान के बीच में युद्ध के कारण तेल की सप्लाई पर असर पड़ा है। डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की जितनी सप्लाई होती थी, युद्ध के कारण उस पर व्यापक असर पड़ा है। प्रतिदिन भारत सरकार को हजारों करोड़ का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान देश का है। देश का मतलब जनता का है। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि इस प्रकार की स्थिति में जनता की जिम्मेदारी क्या बनती है? उन्होंने कहा कि हम सरकार के साथ खड़े होकर के देश के साथ संबल बनें, यह हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री की बातों का जिक्र करते हुए कहा कि ईंधन की आपूर्ति के सप्लाई चेन को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। दुनिया के अंदर बड़े-बड़े देशों में डीजल, पेट्रोल और एलपीजी के दाम कई-कई गुना बढ़ गए हैं। भारत ने अब तक इसे नियंत्रित करके रखा है। सीएम ने कहा कि हमें विपक्ष के नकारात्मक राजनीति का शिकार नहीं होना है।

देश से बढ़कर कोई नहीं हो सकता : सीएम योगी

विपक्ष के तेल की सप्लाई को लेकर लगातार खड़े किए जा रहे सवालों पर सीएम योगी ने कहा कि अगर देश हित में कोई निर्णय लिया जाता है तो हमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा होना होगा। हमें देश के साथ खड़ा होना होगा। याद रखिए, देश से बढ़कर के कोई नहीं हो सकता है। सीएम योगी ने कहा कि जो देश हित में होगा और जो देश का नेतृत्व करेगा, जो प्रधानमंत्री मोदी जी कहेंगे, हम उनके साथ खड़े होंगे। उन्होंने इस बात के पक्ष में हर देशवासी, यूपीवासी और महराजगंजवासी को एक सुर होने की बात कही।

पेपर लीक का मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

■ नीट के प्रश्नपत्र तैयार करने वाली कमेटी में था शामिल

नई दिल्ली। सीबीआइ ने नीट पेपर लीक का सरगना पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार कर लिया है। कुलकर्णी महाराष्ट्र के लातूर के एक कालेज में रसायन विज्ञान का लेक्चरर था और चार पहले सेवानिवृत होने के बाद नीट के प्रश्नपत्र तैयार करने वाली कमेटी में था। कमेटी के सदस्य होने के कारण अप्रैल के अंतिम सप्ताह में उसके हाथ में प्रश्नपत्र लग गया और उसके बाद पूणे की मनीषा बाघमारे के सहारे उसने उसे लीक कर दिया। तीन मई को हुई नीट परीक्षा को पेपर लीक की पुष्टि के बाद रद कर दिया गया और सीबीआइ ने 12 मई को एफआइआर दर्ज कर इसकी जांच शुरू की। कुलकर्णी को मिलकर कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

सीबीआइ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार गुरूवार को मनीषा बाघमारे की गिरफ्तारी और उससे पूछताछ के बाद पीवी कुलकर्णी का नाम सामने आया था। पेपर लीक में शामिल आरोपितों से बातचीत और पैसे के लेन-देन के सबूत के बारे में संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाने के बाद मनीषा बाघमारे को गिरफ्तार किया गया था। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मनीषा अपने घर पर छात्रों को नीट की तैयारी कराती थी। कुलकर्णी से पेपर मिलने के बाद मनीषा ने छात्रों के लिए विशेष क्लास बुलाई और उन्हें नीट के संभावित सवालों, उसके विकल्पों और सही जवाब के बारे में बताया। सीबीआइ के अनुसार, क्लास में छात्रों के हाथ लिखे नोटबुक में लिखे सवाल हूबहू वही थे, जो नीट की परीक्षा में पूछे गए थे। सीबीआइ को आशंका है कि कुलकर्णी के साथ-साथ एनटीए में प्रश्नपत्र बनाने वाली कमेटी के अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते हैं। राजस्थान में गेस पेपर की आड़ में बेचे गए लीक प्रश्नपत्र में जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र भी हूबहू मिले हैं।

21 जून को नीट-यूजी की परीक्षा दोबारा होगी अगले वर्ष से कम्प्यूटर बेस्ड होगी : प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी और छात्रों को 14 जून तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। श्री प्रधान ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले वर्ष से नीट परीक्षा ओएमआर शीट के बजाय कम्प्यूटर आधारित मोड में कराई जाएगी। साथ ही इस बार दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रों को अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा शहर चुनने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा, ताकि उन्हें यात्रा और अन्य परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तीन मई को आयोजित परीक्षा के बाद सात मई को कुछ शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद सरकार ने तत्काल जांच शुरू कर दी। जांच में 12 मई तक यह स्पष्ट हो गया कि गेस पेपर के नाम पर असली प्रश्नपत्र के सवाल बाहर पहुंचे थे।

मोदी ने अडानी के लिए अमरीका के साथ किया समझौता : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के मुद्दे को उठाते हुए आरोप लगाया है कि पीएम मोदी ने यह समझौता अपने मित्र अडानी को बचाने के लिए किया है।

भारत की किसी भी भूमिका का स्वागत : अराघची

■ पश्चिम एशिया संकट के बीच दिल्ली आए ईरानी विदेश मंत्री का बड़ा बयान

नई दिल्ली। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान से जुड़े किसी भी मामले का कोई सैन्य समाधान नहीं है। ईरान एक अकारण आक्रमण का शिकार है। सीजफायर के बीच भारत आए ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि यदि दूसरा पक्ष गंभीर हो तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं। अराघची ने कहा कि हमारे पास अमेरिका पर भरोसा न करने के सभी कारण हैं। वे अपने किसी भी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सके। साथ ही ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में शांति के लिए भारत द्वारा निभाई जा सकने वाली किसी भी भूमिका का स्वागत करते हैं।

ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने शुक्रवार नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम इस क्षेत्र में शांति के लिए भारत द्वारा निभाई जा सकने वाली किसी भी भूमिका का स्वागत करते हैं। हम फिर से लड़ाई शुरू कर सकते हैं, लेकिन हम कूटनीति के लिए भी तैयार हैं। वर्तमान बातचीत अविश्वास और अमेरिका की ओर से विरोधाभासी संदेशों से प्रभावित हो रही है। मुझे उम्मीद है कि अंततः कूटनीति की जीत होगी। साथी ही ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार नहीं चाहे हैं। यह हमारी नीति नहीं है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि हम अभी युद्धविराम की स्थिति में हैं, हालांकि यह बहुत अस्थिर है। लेकिन हम इसे बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं ताकि कूटनीति को एक मौका मिल सके। उन्होंने बार-बार हमारी परीक्षा ली है। हम कभी भी किसी दबाव या धमकी के आगे नहीं झुकते। हम किसी भी प्रतिबंध का भी विरोध करते हैं। ईरानी लोग केवल सम्मान की भाषा ही समझते हैं।

आम आदमी पर महंगाई की मार, बढ़ गए पेट्रोल और डीजल के दाम

■ 3.29 रुपये प्रति लीटर तक की हुई बढ़ोतरी

लखनऊ में अब पेट्रोल 97.53 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 90.81 रुपए प्रति लीटर हो गई है।

नई दिल्ली। ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल की जंग का असर अब भारत के आम आदमी पर पड़ने लगा है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों में हुई कीमत की बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी इजाफा हो गया है।

सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3.29 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल में प्रति लीटर 3 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में सीएनजी की कीमत मे भी 2 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही सीएनजी की कीमत 79.09 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी की गई है। साथ ही पेट्रोल की कीमत 108.74 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री के तत्काल संज्ञान लेने के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे प्रभारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मितौली तहसील के ग्राम जमुनिया कढ़ैले में 13 मई की रात आई तेज आंधी और बारिश ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। मकान की छत भरभराकर गिरी और उसके नीचे दबकर 40 वर्षीय रतिराम पुत्र दीना की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांव पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और सरकारी सहायता का भरोसा दिया गांव पहुंचे प्रभारी मंत्री ने पूर्व सांसद जुगुल किशोर, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता और डीएम अंजनी कुमार सिंह की मौजूदगी में मृतक की पत्नी और बच्चों को चार लाख रुपये की दैवीय आपदा सहायता, 6500 रुपये गृह अनुदान का डेमो चेक सौंपा। साथ ही खाद्यान्न किट देकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। गांव में मंत्री के पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। परिजनों की आंखें नम थीं तो प्रशासनिक अमला राहत पहुंचाने में जुटा नजर आया प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि बीते दिनों आई तेज आंधी-बारिश ने जमुनिया कढ़ैले गांव के एक परिवार का सहारा छीन लिया। हादसे में रतिराम की मौत बेहद दुखद है। मुख्यमंत्री के तत्काल संज्ञान लेने के बाद वह स्वयं पीड़ित परिवार तक पहुंचे हैं, ताकि सरकारी मदद बिना देरी के उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता, कृषि पट्टा समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उन्होंने भावुक अंदाज में कहा कि ऐसी त्रासदी का दर्द वही परिवार समझ सकता है, जिसने अपना कमाने वाला सदस्य खोया हो। सरकार सिर्फ आर्थिक मदद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान देगी प्रभारी मंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हर परिवार तक मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तेजी से राहत पहुंचाई जा रही है। आगे भी पीड़ित परिवार को जो भी जरूरत होगी, सरकार हर स्तर पर उनके साथ खड़ी मिलेगी डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि परिवार को दैवीय आपदा मद से चार लाख रुपये, गृह अनुदान, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, पारिवारिक लाभ योजना, निराश्रित महिला पेंशन सहित सीएम बाल सेवा योजना के अंतर्गत दोनों बच्चों का नामांकन कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से कृषि पट्टा भी उपलब्ध कराया जाएगा इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, प्रभारी तहसीलदार दिनेश कुमार बीडीओ मोहित कौशिक समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम ने विभागवार एवं परियोजनावार समीक्षा की प्रोजेक्ट अलंकार, भवन निर्माण,मनरेगा में कम प्रगति की स्थिति पर जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में संचालित विकास कार्यों और योजनाओं की रफ्तार को और तेज करने के उद्देश्य से डीएम अंजनी कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित सूचनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार आंकड़ों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की माह तक आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करते हुए संबंधित पोर्टल पर अपडेट की जाए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि शासन स्तर पर सीधे सीएमआईएस पोर्टल और सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिन विभागों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, वे तत्काल सुधारात्मक कदम उठाते हुए पोर्टल पर अद्यतन व सही जानकारी दर्ज करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़े नियमित रूप से अपडेट रहें, ताकि जिले की रैंकिंग प्रभावित न हो उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगले माह तक प्रत्येक विभाग की प्रगति हर हाल में सुधारनी होगी, अन्यथा संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने यह भी कहा कि ष्द्धद्वह्य पोर्टल पर दर्ज परियोजनाओं का निर्धारित माइलस्टोन के अनुसार प्रतिमाह प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें निर्धारित समय के अंतर्गत पूर्ण करते हुए संबंधित प्रशासकीय विभाग को हस्तगत किया जाना सुनिश्चित करें, जो परियोजनाओं में निर्धारित समयावधि से विलंब चल रही है समुचित कारण सहित उनकी पूर्णता की तिथि संशोधित करा लिया जाए बैठक में डीएम ने विभागवार एवं परियोजनावार समीक्षा करते हुए प्रोजेक्ट अलंकार, भवन निर्माण,मनरेगा में कम प्रगति की स्थिति पर नाराजगी जताई। जननी सुरक्षा योजना और फैमिली आईडी की धीमी प्रगति पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर लक्ष्य के अनुरूप सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड और सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित योजनाएं/ परियोजना का माह तक आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा समय से माह के आखिरी सप्ताह तक संबंधित पोर्टल पर उनका अंकन किया जाए। विभाग वार प्राप्त मासिक अंक/आंकड़े महज नंबर नहीं, प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का आईना हैं। अधिकारी सुनिश्चित करें कि डाटा अद्यतन और जमीनी हकीकत से मेल खाते हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही से न सिर्फ विभाग की रैंकिंग गिरेगी, बल्कि जिले की छवि भी प्रभावित होगी।इनकी रही मौजूदगी = सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीएसटीओ विचित्र कुमार साहू सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

घर के बाहर बैठे ग्रामीणों पर तेंदुए ने किया हमला, चार लोग घायल

लखीमपुर खीरी। धौरहरा वन रेंज क्षेत्र के भेड़हिया इलाके में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार अलसुबह घर के बाहर बैठे ग्रामीणों पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है ईसानगर थाना क्षेत्र की ग्रामसभा भेड़हिया के मजरा शुक्लनपुरवा गांव में शुक्रवार सुबह ग्रामीण घरों के बाहर बैठे थे। तभी अचानक पहुंचे तेंदुए ने बिपिन (45), माया प्रकाश (45), भागीरथ (48) और संदीप (42) पर हमला कर दिया। हमले में बिपिन और संदीप को मामूली चोटें आईं, जबकि मायाप्रकाश और भागीरथ गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए लाठी-डंडों के साथ तेंदुए को दौड़ाया, जिसके बाद वह मौके से भाग निकला। इससे बड़ी घटना टल गई। घायल ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मायाप्रकाश और भागीरथ को लखीमपुर रेफर कर दिया ।

नगर निगम कर्मचारियो ने कूड़ा उठाने कार्य का बहिष्कार कर नगर निगम में दिया धरना

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के तत्वाधान में निजीकरण टेंडर को निरस्त करने को लेकर सफाई व्यवस्था एवं कूड़ा उठान के कार्य का बहिष्कार कर आम सभा मोतीझील मुख्यालय में किया गया।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि पूरे शहर में किसी वार्ड में सफाई नहीं हुई न ही कूड़ा गाड़िया निकली है,कल से नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर वार्ता लगभग तीन चरणों में हुई, नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त आवेश खान से दो बार बात हुई जिसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमित सिंह उपस्थित रहे आज प्रातः अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव से वार्ता हुई। अधिकारियों के सामने समिति ने ये टेंडर निरस्त करने की मांग रखी तो अधिकारियों ने दूसरे विकल्प की बात किया तो नेताओं ने यह कहा गया कि जो हमारे 6000 कर्मचारी आउटसोर्स पर सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कार्य कर रहे हैं उन्हें स्थावत रखा जाए उनको (निजी कंपनी) में न भेजा जाए, जिस पर नगर आयुक्त महोदय से गंभीरता पूर्वक वार्ता हुई, जिस पर लिखित रूप से समझौता शाम 5 बजे देर से प्राप्त होने के कारण कल पुनः 9 बजे प्रातः सभा बुलाकर आंदोलन वापस किये जाने का निर्णय लिया जाएगा।

प्राकृतिक खेती से समृद्ध होगा प्रदेश, खरीफ में दलहन-तिलहन बढ़ाने पर जोर

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। चित्रकूटधाम एवं झांसी मण्डल की संयुक्त मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2026 तथा जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कैलाश भवन ऑडिटोरियम में प्रमुख सचिव कृषि, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। गोष्ठी परिसर में कृषि, बीज, कृषि रक्षा, मृदा परीक्षण, भूमि संरक्षण, रेशम, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, लघु सिंचाई, इफको, कृभको, किसान कॉल सेंटर तथा पशुपालन विभाग सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थाओं द्वारा कृषि प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए गए। तीनों मण्डलों के किसानों ने गोष्ठी में प्रतिभाग कर आधुनिक कृषि तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि वैदिक काल से भारत में प्राकृतिक खेती की परंपरा रही है, जिसके कारण लोग स्वस्थ एवं निरोगी जीवन जीते थे। वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से अनेक गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 110 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन विस्तार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा गेहूं और धान के अत्यधिक आच्छादन को कम करने की आवश्यकता है। साथ ही दलहनी फसलों का क्षेत्रफल चार लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष प्राकृतिक खेती योजना के अंतर्गत 95 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम करने तथा हरी खाद एवं जैविक खाद के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने की सलाह देते हुए कहा कि भविष्य में बिना फार्मर रजिस्ट्री के कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करना संभव नहीं होगा।

कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूटधाम एवं झांसी मण्डल में जल संकट की स्थिति को देखते हुए दलहन, तिलहन, मूंगफली एवं रागी जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बीज गोदामों पर बीज की दर एवं उपलब्ध मात्रा का स्पष्ट अंकन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जल संरक्षण के लिए चेकडैम निर्माण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वर्षा जल का संचयन कर सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराया जा सके। गोष्ठी में तीनों मण्डलों के 13 जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों ने अपने-अपने जनपदों की कृषि संबंधी समस्याओं एवं सुझावों को रखा।

5 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.05.2026 को 05 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष भेजा गया । विवरण निम्नवत् है

नाम पता गिरफ्तार वारण्टी/अभियुक्त-

1.कौशल गिरि पुत्र गार्गी गिरि निवासी ग्राम खईंया थाना फूलबेहड जनपद खीरी उम्र करीब 52 वर्ष संबधित मु0अ0स0 926/26 धारा 85/115(2)/352 BNS व ड॰डी पी एक्ट

2.रामकुमार पुत्र गजौधर निवासी ग्राम खईंया थाना फूलबेहड जनपद खीरी उम्र 50 वर्ष संबधित मु0अ0स0 81/20 धारा 60(2) EX Act व 272 भादवि पेशी दिनांक 19.05.2026 न्यायालय -अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी न्यू लखीमपुर खीरी

3.अनवारुल पुत्र मो0 हुसैन निवासी ग्राम कोडरी मजरा खईंया थाना फूलबेहड जनपद खीरी उम्र 21 वर्ष मु0अ0स0 4657/25 धारा 323/504/506/324 भादवि पेशी दिनांक 23.05.26 न्यायालय ए0सीजे0एम प्रथम लखीमपुर खीरी

4.मौ0 हुसैन पुत्र मुबारक अली ग्राम कोड़री मजरा खईंया थाना फूलबेहड जनपद खीरी संबधित मु0अ0स0 4657/25 धारा 323/504/506/32 पेशी दिनांक 23.05.26 न्यायालय ए0सीजे0एम प्रथम लखीमपुर खीरी

5.इनामुल्हक उम्र 28 वर्ष पुत्र मो0 हुसैन निवासी ग्राम कोड़री मजरा खईंया थाना फूलबेहड जनपद खीरी संबधित मु0अ0स0 4657/25, अ0स0 285/24 धारा 323/504/506/324 भादवि पेशी दिनांक 23.05.26 न्यायालय ए0सी0जे0एम लखीमपुर खीरी।

बिना बताए घर से बाइक लेकर निकले चार किशोर सड़क हादसे का हुए शिकार

लखीमपुर-खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र में रिश्तेदार की बाइक लेकर बिना बताए घर से निकले चार किशोर सड़क हादसे का शिकार हो गए। चहलार गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ गई। हादसे में ईसानगर निवासी 16 वर्षीय शिवशंकर की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए ईसानगर-हसनपुर कटौली मार्ग पर यह हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, बाइक शिवदत्त चला रहा था और किसी ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। हादसे में शिवशंकर (16) पुत्र दिनेश, शिवदत्त (18) पुत्र बाबूराम, बालबीर (13) पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल निवासी ईसानगर और अनतलब (12) पुत्र शकील निवासी शिवपुर घायल हो गए।आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। वहां शिवशंकर की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और मामले की जांच कर रही है ।

ट्रेन में चढ़ते समय महिला का छिना मंगलसूत्र

लखीमपुर-खीरी। मैलानी जं से डालीगंज को जाने वाली ट्रेन संख्या 55083 से लखीमपुर जा रही महिला का ट्रेन में चढ़ते समय मंगलसूत्र छिना,मैलानी जीआरपी चौकी पर नहीं ली गई तहरीर,पीड़ित महिला को जीआरपी थाना लखीमपुर भेजा,यात्री सुरक्षा की पोल खुली जबकि ट्रेन छुटने के समय रेलवे स्टेशन पर और ट्रेन के अंदर जीआरपी का एस्कॉर्ट मौजूद रहता है।

मारपीट मे घायल सेवादार की उपचार के दौरान मौत

सहारनपुर। थाना कुतुबशेर क्षेत्र के एक आश्रम में दो सेवादारों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में गंभीर रूप से घायल एक सेवादार की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को थाना कुतुबशेर क्षेत्रांतर्गत एक आश्रम में दो सेवादारों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने दूसरे के सिर पर संभवतः लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

जय जवान, जय किसान से आगे बढ़ती खुशहाली की नई तस्वीर

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। जय जवान, जय किसान का नारा भले ही वर्षों पुराना हो, लेकिन इसकी असली तस्वीर आज देश के गांवों में साफ दिखाई देती है। भारत की पहचान माने जाने वाले किसानों के चेहरों पर अब वह मुस्कान लौट रही है, जो कभी संघर्ष और परेशानियों के बीच कहीं खो जाती थी। इस बदलती तस्वीर के पीछे केंद्र सरकार की कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का बड़ा योगदान है। इन्हीं में शामिल हैं नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की सड़क विकास परियोजनाएं, जिन्होंने ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने का काम किया है। साथ ही, इन परियोजनाओं को धरातल पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में टोल प्लाजा और हाईवे ऑपरेटिंग एजेंसियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बेहतर सड़कें और मजबूत कनेक्टिविटी ने किसानों की जिंदगी को आसान बनाया है। पहले जहां खराब रास्तों और लंबी दूरी के कारण किसानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब बेहतर सड़क, सुरक्षित सफर और सुविधाओं ने उनकी राह आसान कर दी है। इन परियोजनाओं का असर सिर्फ खेती तक सीमित नहीं रहा। गांवों में बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने वाली रुकावटें कम हुईं, लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचने की सुविधा मिली और रोजगार के नए अवसर भी बढ़े हैं। एक समय ऐसा था जब सड़क संपर्क की कमी के कारण गांवों में जरूरी सेवाएं भी समय पर नहीं पहुंच पाती थीं। शादी-विवाह जैसे पारिवारिक आयोजनों में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं।

इस खुशहाली का बड़ा श्रेय राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को जाता है, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़कर विकास के नए रास्ते खोले हैं। आज सैकड़ों गांव सीधे हाईवे नेटवर्क से जुड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

इस बदलाव की सबसे बड़ी उदाहरण कानपुर से फतेहपुर होते हुए प्रयागराज तक जाने वाला ह्ण्-19 है।

इस मार्ग से जुड़े ग्रामीण इलाकों में अब विकास और खुशहाली साफ दिखाई देती है। किसान अब सब्जियां, फूल और अनाज की खेती को बड़े स्तर पर मंडियों तक पहुंचा पा रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में भी बढ़ोतरी हुई है।

स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि इस परियोजना ने सिर्फ किसानों का जीवन आसान नहीं बनाया, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ाए हैं। सड़क निर्माण और उससे जुड़े विकास कार्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति दी है।

दो नशा तस्कर गिरफ्तार, 15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

सहारनपुर। थाना देहात कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करने में सफलता कर ली। डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों व नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए तीनों जनपदों में ऑपरेशन सवेरा-नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है। थाना देहात कोतवाली पुलिस ने इसी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा व उपनिरीक्षक यमुनाप्रसाद के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान दो शातिर नशा तस्करों अरमान पुत्र सजाउल रहमान व शाकिर पुत्र जाकिर निवासीगण 62 फुटा रोड टावर वाली गली हाकमशाह कालोनी थाना कुतुबशेर को मशापुरा से नहर की पटरी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

शिवसैनिको के आक्रोश के बाद प्रशासन ने बाला साहेब की प्रतिमा को पुनः किया रंगरोगन

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। शिवसेना यूबीटी कानपुर नगर जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने संगठन पदाधिकारियों के साथ गुजैनी अम्बेडकर नगर स्थित बालासाहेब ठाकरे प्रतिमा का पुनः निरीक्षण किया। मौके पर जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि विगत दिनों अराजक तत्वों के द्वारा हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की प्रतिमा के हाथ को तोड़ दिया गया था। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पहुंचे शिवसैनिको के आक्रोश के बाद जिला प्रशासन आनन फानन में मौके पर ही प्रतिमा का रंगरोगन तथा पुनः पुताई के लिए कारीगर बुलाकर कार्य को प्रारंभ कराया जिसके बाद शिवसैनिक शांत हुए थे। आज जिलाध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंच बाला साहेब की प्रतिमा पर गंगाजल पुष्प दूध से जलाभिषेक कर मालार्पण कर मिष्ठान वितरित कर हर्ष प्रकट किया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने बाला साहेब अमर रहे के जोरदार नारे लगाए। मुख्य रूप से महासचिव सुरेन्द्र राजपूत रंजीत सिंह सेंगर वरिष्ठ सचिव शिवम शुक्ला शैलेन्द्र सक्सेना गोविंद कुशवाह अनिल शर्मा अरविन्द कुमार राजू सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

सफाई कार्य का ठेका निजी हाथों में देने का किया विरोध

सफाई कर्मचारी संगठनों ने प्रदर्शन कर दिया धरना

सहारनपुर। सफाई कार्य का ठेका निजी हाथों में दिए जाने के विरोध में आज सफाई कर्मचारी संघ के विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से नगर निगम परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया। आज नगर निगम परिसर में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस, उप्र स्थानीय निकाय संयुक्त सफाई कर्मचारी संघ के नेतृत्व मे सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए बृजमोहन चनालिया, अम्बर चंदेल, अविनाश बिरला, विनोद घावरी, चेतन चनयाने, रघुवीर चन्देल, वरदान घावरी ने कहा कि जब से सफाई व्यवस्था निजी हाथों में सौंपी गयी है। तब तब सफाई कर्मचारियों का आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण हुआ है। वर्तमान कार्यरत कर्मचारी बहुत मेहनत और लगन से सफाई कार्य करता है तभी तक तो नगर सहारनपुर की स्वच्छता रैंक प्रतिवर्ष बढ़ रही है। शहरी आजीविका केन्द्र द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों का समय पर वेतन, ईएसआई ईपीएफ आदि देती है और कर्मचारियों का शोषण भी नहीं करती है। इस कारण वर्तमान शहरी आजीविका केन्द्र से कर्मचारियों की आपूर्ति पर समस्त सफाई कर्मचारी खुश हैं। सभी कर्मचारियों की पूरजोर मांग है कि यदि हम सभी सफाई कर्मचारियों को निजी कम्पनी को 78 करोड में बेचा गया तो समस्त सफाई कर्मचारी काम बन्द कर हडताल पर चले जायेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन में महेन्द्र वैद, अब्दुल गफ्फार, सुनील घाघट, हिमांशु, कमल किशोर, राजकुमार, रतन अमित, आशु बिरला, बबीत डबराल, सोनू बिरला. राजकुमार चन्देल, मुनेश, तौसीफ, रतन्, रोहित, कुलदीप हंस, उदय महरोक, नाधीराम आदि शामिल रहे।

आरक्षण का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वर्गीकरण जरूरी: मा. इसम

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश के जिलाध्यक्ष मास्टर इसम सिंह के नेतृत्व में अतिपिछड़ा एवं महादलित वर्ग को अलग आरक्षण तथा राजनीतिक भागीदारी दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 340 का उल्लेख करते हुए पिछड़े वर्गों की सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि देश में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की व्यवस्था लंबे संघर्ष और विभिन्न आयोगों की सिफारिशों के बाद लागू हुई। काका कालेलकर आयोग से लेकर मंडल आयोग तक की रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया गया कि पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार दिलाने के लिए समय-समय पर प्रयास किए गए, लेकिन कमजोर एवं अतिपिछड़ी जातियों को अब तक आरक्षण का समुचित लाभ नहीं मिल सका है। जिलाध्यक्ष मास्टर इसम सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा पिछड़े वर्गों के वर्गीकरण को लेकर कई आयोग गठित किए गए। न्यायमूर्ति रोहिणी आयोग तथा उत्तर प्रदेश में गठित राघवेंद्र समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आरक्षण का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वर्गीकरण बेहद आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उत्तर प्रदेश में अतिपिछड़ा एवं महादलित वर्ग को आबादी के अनुपात में अलग आरक्षण प्रदान किया जाए। इसके अलावा पंचायत से लेकर लोकसभा एवं विधानसभा तक अलग राजनीतिक आरक्षण, प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक निःशुल्क शिक्षा, उत्पीड़न रोकने के लिए अलग कानून बनाने तथा महारध्तुरहा जाति को अभिलेखों में दर्ज किए जाने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर अनिल कश्यप, अमरीश कश्यप, शेखर कश्यप, कुलबीर सिंह, अविनाश चैधरी, कंवरपाल कश्यप, सुनील कुमार, विकास कुमार, रीना राणा, गीता कोरी, झिलमिल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लू ओ और धूल से बचाव के लिए निगम की नयी पहल

सहारनपुर। नगर निगम ने भीषण गर्मी से लोगों को राहत देने तथा पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए एक नयी पहल की है। निगम के उद्यान विभाग द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो पर फॉग कैनन व्हीकल द्वारा मिस्ट फॉगिंग(जल की महीन फुहार यानि धुंध की तरह) करायी जा रही है। नगर निगम के उद्यान प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर शहर में भीषण गर्मी के दृष्टिगत मिस्ट फॉगिंग करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि फॉग कैनन व्हीकल से मिस्ट फॉगिंग कराये जाने से जहां मौसम का तापमान कम होता है वहीं यह लोगों को लू से बचाती है। इससे मौसम में भी शीतलता आती है और लोगों को इससे राहत का अहसास होता है। उन्होंने बताया कि इससे हवा में धूल के कण भी कम होते है। इस तरह मिस्ट फॉगिंग पर्यावरण की दृष्टि से भी बहुत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि आज दिल्ली रोड, हसनपुर चैक, कोर्ट रोड, घंटाघर, अंबाला रोड तथा देहरादून रोड आदि प्रमुख मार्गो पर फॉग कैनन व्हीकल द्वारा मिस्ट फॉगिंग करायी गयी है।

पदक विजेता किक बॉक्सरों का हुआ भव्य स्वागत

सहारनपुर। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मेरठ की आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में 11 से 13 मई तक आयोजित हुई उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सहारनपुर के किक बॉक्सरों ने 20 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। पदक विजेताओं के सहारनपुर लौटने पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार व सचिव मनोज प्रजापति ने बताया कि प्रदेश स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता मे सहारनपुर के खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रतिभाग करते हुए पॉइंट फाइट इवेंट में शिवांशी, खुशबू और समीर कुमार धुलीयान ने स्वर्ण पदक जीता। जानवी, परिणीति और रोहन ने रजत पदक पर कब्जा किया। अवनी, नीति जैनत, कुणाल, शगुन, आरवी डाबर, आराध्या, आलोक कुमार, ध्रुव किरताज, सिमरन और चांदनी ने कांस्य पदक हासिल किए। किक लाइट इवेंट में लखन कुमार सैनी ने स्वर्णिम पंच लगाते हुए गोल्ड मेडल जीता। रोहन ने रजत और आलोक कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। म्यूजिक इवेंट्स में कुणाल ने अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित स्वागत समारोह में सहारनपुर के आरएसओ जितेंदर यादव, क्रीडाधिकारी राहुल चोपड़ा, सहारनपुर मंडल ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनकी खेल भावना की सराहना की।

समस्याओं का समाधान न होने पर भड़के किसान, तहसील में किया प्रदर्शन

वादाखिलाफी से नाराज हलधर किसान यूनियन ने घेरी तहसील, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

महोबा। किसानों की समस्याओं का निराकरण न होने से नाराज भारतीय हलधर किसान यूनियन ने शुक्रवार को तहसील में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ही समस्याओं पर विचार नहीं किया गया तो किसान यूनियन आगे की रणनीति तैयार कर विशाल धरना प्रदर्शन करेगी।

विकासखंड कबरई के गंज गांव के किसानों की समस्याओं को लेकर कई बार किसान यूनियन ने जिले के अधिकारियों और सिंचाई विभाग के राजमंत्री रामकेश निषाद से मुलाकात की थी। अधिकारियों ने जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक समस्याओं पर कोई गौर नहीं किया गया, जिससे किसान मुआवजे की मांग को लेकर आज भी भटक रहा है। अधिकारियों और राज्यमंत्री की वादा खिलाफी से नाराज यूनियन ने शुक्रवार को तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर प्रदर्शन कर विरोध जताया। उपजिलाधिकरी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि गंज गांव के ग्रामीणों को मुआवजा, पिपरामाफ की चकबंदी, उरवारा गांव की घटिया गुणवत्ता सड़क निर्माण, बंसल कंपनी के सड़क निर्माण में की जा रही अनियमितता पर अंकुश लगाने और पिपरामाफ गांव के प्रधान पति द्वारा पद का दुरुपयोग कर सरकारी धन का बंदरबांट करने आदि मांगों का निराकरण कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार, मोतीलाल, पंकज अवस्थी, अरविंद, भागीरथ, रामदयाल, अन्नूलाल, शान सिंह सहित तमाम किसान शामिल रहे।

निरंकारी सत्संग भवन में श्रद्धा और भक्ति का संगम, सैकड़ों ने लिया आत्मशांति का आनंद

सच्ची सेवा दिखावे से परे प्रेम और विनम्रता का मार्ग है : सतगुरु माता सुदीक्षा जी

अवधनामा संवाददाता

महोबा। हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति पर शहर के निरंकारी सत्संग भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और सत्संग में आत्मशांति का आनंद लिया साथ ही संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में परम् श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन किया गया।

सतगुरु में माता सुदीक्षा ने अपने आशीर्वचनों के माध्यम से कहा कि बाबाजी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का दिव्य उदाहरण रहा। उन्होंने प्रेरित किया कि मानव जीवन का प्रत्येक क्षण सार्थक बने और हर पल इंसानियत, करुणा एवं मानवीय मूल्यों का प्रमाण प्रस्तुत करे।

बाबाजी ने सदैव यही शिक्षा दी कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर मानवीय गुण विकसित कर निराकार का आसरा लेते हुए सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीयें। कहा कि यदि किसी के जीवन में दुख, पीड़ा या संघर्ष है, तो हमारा कर्तव्य उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदनशीलता और सहयोग से उसे शांत करना है।

उन्होंने कहा कि जीवन ऐसा हो जो रिश्तों में प्रेम एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ करे और यही बाबाजी की शिक्षाओं का सार व सच्ची मानवता का स्वरूप है। सतगुरु माता ने समझाया कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के पश्चात जीवन केवल व्यक्तिगत सीमाओं तक नहीं रहता, बल्कि समस्त मानवता की सेवा, कल्याण और उत्थान का माध्यम बन जाता है। सच्ची सेवा दिखावे से परे प्रेम, विनम्रता और निस्वार्थता से परिपूर्ण होती है, जबकि वास्तविक भक्ति शब्दों से आगे बढ़कर व्यवहार, विचार और कर्मों में झलकती है। सत्संग के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

कटिंग मेमोरियल कालेज के इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाया जाएगा बेहतर

सरकार की और से प्रदान की जा रही सभी सुविधाओं को हर बच्चे तक पहुंचाने का होगा प्रयास : राकेश कुमार

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। कटिंग मेमोरियल इंटर कॉलेज के नवनियुक्त प्रबंधक राकेश कुमार चत्री ने कहा कि कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के साथ-साथ शिक्षा के स्तर में भी व्यापक सुधार लाया जाएगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। शुक्रवार को कार्यभार संभालने के बाद शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रबंधक ने कहा कि कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी आशा है कि इसमें आप सभी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज परिसर में अनुशासन एवं शैक्षणिक माहौल को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में पठन-पाठन की सुविधा मिल सके। साथ ही शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। प्रबंधक ने कहा कि माइनॉरिटी शिक्षण संस्थानों के विकास के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हालांकि कुछ योजनाओं का लाभ वर्तमान में मिल रहा है, लेकिन अब भी कई योजनाओं से यहां के छात्र-छात्राएं वंचित हैं। ऐसे बच्चों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित शिक्षण सुविधाएं एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को पूरी पारदर्शिता के साथ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही यह भी कहा कि संस्थान में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षा, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराना प्रबंधन की जिम्मेदारी है, जिसके लिए लगातार कार्य किया जाएगा। कार्यभार संभालने के पश्चात प्रबंधक ने कॉलेज परिसर का अपनी पूरी टीम के साथ भ्रमण किया और जहां जो दिक्कतें नजर आई उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का भी भरोसा दिया इस दौरान उनके साथ श्री द राइट रेव्ह मोरिस एडगर दान अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे और उन्होंने भी कॉलेज के संपूर्ण विकास में अपना पूर्ण योगदान देने का भरोसा दिया इसके पूर्व प्रबंधक एवं अन्य सभी का प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत कोचिंग के लिए विषय विशेषज्ञ 05 जून तक करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत कुमार मलिक ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत विभिन्न सेवाओं जैसे-सिविल सेवा, जेईई, नीट की परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए जिले में निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। कोचिंग केन्द्र पर छात्र-छात्राओं को सत्र 2020-27 में पढ़ाने एवं सलाह प्रदान करने के लिए सम्बन्धित सेवाओं की कोचिंग के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले योग्य इच्छुक (सरकारी/ गैर सरकारी) विषय विशेषज्ञ के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अतिथि प्रवक्ता शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों सहित अपना प्रस्ताव विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में 05 जून की सांय 05 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं में व्याख्याताओं को 90 मिनट या व्याख्यान के सापेक्ष 2000 रूपये अथवा कार्मिक विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जाएगा। विषय विशेषज्ञ का चयन जिला स्तर पर विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा में ट्रायल लेक्चर के उपरान्त विभन्न शर्तों के अधीन किया जाएगा। किसी भी जानकारी के लिए प्रवीन कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर (7827309160) व हरपाल सिंह प्रभारी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना (8077299645) पर सम्पर्क किया जा सकता है। मलिक ने पात्र अथिति प्रवक्ता के लिए अर्हताओं की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सम्बन्धित पाठ्यक्रम की समुचित जानकारी होनी चाहिए। सिविल सेवा के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कालेजों के शिक्षक एवं आईएएस मुख्य परीक्षा अथवा पीसीएस (साक्षात्कार) अथवा दो बार, पीसीएस (मुख्य) परीक्षा में शामिल आवेदन कर सकते हैं। नीट के लिए सम्बन्धित विषय में एमएससी प्रथम श्रेणी अथवा एमबीबीएस और जेईई के लिए सम्बन्धित विषय में एमएससी प्रथम श्रेणी अथवा एमटेक व बीटेक की डिग्री धारित करने वाले आवेदक आवेदन कर सकते हैं। सामान्य हिन्दी व सामान्य अंग्रेजी के अध्यापन के लिए आवेदक का सम्बन्धित विषय में परास्नातक की डिग्री एवं 03 वर्ष का अध्यापन का अनुभव होना आवश्यक है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पर अव्यवस्थाओ का बोलबाला मरीज़ परेशान

बसखारी, अंबेडकरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति सामने आई है। शुक्रवार को अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान कई वार्ड खाली मिले, जबकि ड्यूटी पर स्टाफ नर्स और डॉक्टर नदारद दिखाई दिए।

एनबीएसयू (ह्वक्र) कक्ष में भी कोई स्टाफ मौजूद नहीं मिला, जिससे नवजात शिशुओं और गंभीर मरीजों की देखभाल पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मरीजों और उनके परिजनों ने आरोप लगाया कि घंटों इंतजार के बावजूद उन्हें समय से इलाज नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल में मौजूद कई मरीजों के परिजनों ने वीडियो बयान देते हुए बताया कि 'न कोई नर्स है, न डॉक्टर, हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।' वहीं अस्पताल के कई कमरों में ताले लगे मिले और व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई नजर आईं।

सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी के विवादित बयान पर भड़का ब्राह्मण समाज, एफआईआर की मांग

सपा नेता भाटी के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

महोबा। ब्राह्मणों पर कथित विवादित बयान देने के मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। कई शहरों में विवादित टिप्पणी के चलते ब्राह्मण समाज के अलावा तमाम पार्टियों ने लोगों ने प्रदर्शन कर अपनी गुस्सा जाहिर करते हुए सपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। इसी क्रम में शुक्रवार का (सपा) के प्रवक्ता के कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ ने भाटी के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है।

ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के बैनर तले दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी के साथ नागरिक शुक्रवार को सदर कोतवाली पहुंचे। संगठन के जिला संयोजक आदर्श तिवारी के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने आरोपी प्रवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए लिखित तहरीर दी। इसके साथ ही, उन्होंने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट और वीडियो के माध्यम से ब्राह्मण समाज के खिलाफ अमर्यादित, अपमानजनक और जातिगत विद्वेष फैलाने वाली टिप्पणी की है। इसमें समाज की तुलना वैश्या से करने का आरोप लगाया।

ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ का कहना है कि यह कृत्य एक गंभीर और संज्ञेय अपराध है, जिससे पूरे सनातन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाटी ने समाज के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस प्रशासन तत्काल मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं करता तो समाज के लोग सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर मनोज, सौरभ तिवारी, देवेंद्र सुल्लेरे, महेंद्र, मनोज शुक्ला और प्रदीप पांडे सहित कई प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

गेल ने सिटी गैस डिसटीब्यूशन के अंतर्गत कैंटोनमेंट स्थित एक होटल पर आपूर्ति का शुभारंभ किया

अवधनाम ब्यूरो

वाराणसी। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए कैंटोनमेंट क्षेत्र स्थित 'होटल ज़ायन इन' को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क से सफलतापूर्वक जोड़ते हुए गैस आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है।

आपूर्ति का शुभारंभ सुशील कुमार, महाप्रबंधक द्वारा किया गया,जो वाराणसी के संचालन का नेतृत्व भी कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रवीन गौतम (मुख्य प्रबंधक मार्केटिंग) देबाशीष साहू सुमित सागर सहित अन्य लोक उपस्थित थे। गेल के अधिकारी ने बताया कि, 'होटल ज़ायन इन' कैंटोनमेंट क्षेत्र का एक प्रमुख वाणिज्यिक प्रतिष्ठान है, जहां आतिथ्य सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में इस प्रतिष्ठान में प्रति माह लगभग 25 से 30 एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती थी, किंतु पीएनजी आपूर्ति से अब इन सिलेंडरों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि,वर्तमान समय में पीएनजी एक विश्वसनीय एवं किफायती ऊर्जा विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। यह उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक बचत के साथ-साथ सुविधाजनक एवं आधुनिक ऊर्जा समाधान प्रदान करता है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वे पीएनजी कनेक्शन अपनाएं और दीर्घकालिक बचत के साथ सुरक्षित एवं आधुनिक ऊर्जा प्रणाली का लाभ उठाएं।

ग्रीन चौपाल में हरियाली बढ़ाने का लिया गया संकल्प

हजपुरा, अम्बेडकरनगर। सम्मनपुर क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को 'ग्रीन चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधरोपण करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने घरों के आसपास पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

सम्मनपुर, बारियावन, रामनगर नरसिंहपुर, सहनेमऊ, सिकंदरपुर, हजपुरा, कजपुरा, कटघरमूसा, दाउदपुर, सलाहुद्दीनपुर एवं सुलेमपुर समेत सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित चौपाल में लोगों को हरियाली के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। बारियावन में ग्राम पंचायत अधिकारी दीप चरण शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने घर के आसपास कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी बेहद जरूरी है। वहीं रामनगर नरसिंहपुर में ग्राम प्रधान सुमन सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण एसपी ने दौड़ लगवाकर जांची फिटनेस

पुलिस अधीक्षक ने परखी महोबा पुलिस की 'चुस्ती-फुर्ती' डायल-112 की फर्स्ट एड किट का भी लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड के निरीक्षण दौरान एसपी ने पुलिस बल बल को अनुशासन, एकरूपता एवं उत्कृष्ट टर्नआउट बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए साथ ही अनुशासन और फिटनेस की जांच की। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, जिसमें परिवहन शाखा का विशेष रूप से निरीक्षण करते हुए वहां रखे अभिलेखों एवं उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया गया।

साप्ताहिक परेड में एसपी ने पहुंचकर सर्वप्रथम परेड की सलामी ली, इसके बाद पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए दौड़ कराई साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए सामूहिक ड्रिल का अभ्यास कराया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित रहे। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का भ्रमणकर विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एसपी ने पेशी रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों की गुणवत्ता एवं अद्यतन स्थिति की जांच की गई तथा अभिलेखों के समुचित संधारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण दौरान पुलिस लाइन परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का देखते हुए एसपी ने साफ-सफाई के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने डायल-112 वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध फर्स्ट एड किट की जांच की गई। इस दौरान सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए गए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान की जा सके।

जिला अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया तेज, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

अलीगढ़। मलखान सिंह जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों की सूचना शासन को प्रेषित कर दी गई है, ताकि शीघ्र नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 1400 से 1500 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, जिनमें बड़ी संख्या सामान्य रोगों के साथ त्वचा एवं हृदय संबंधी समस्याओं से ग्रसित मरीजों की भी होती है। वर्तमान में विशेषज्ञ चिकित्सकों के कुछ पद रिक्त होने के बावजूद अस्पताल प्रशासन उपलब्ध चिकित्सकों एवं संसाधनों के माध्यम से मरीजों को निरंतर उपचार सुविधा उपलब्ध करा रहा है। गंभीर हृदय रोगियों के लिए आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल मेडीकल कॉलेज रेफर किया जाता है, जिससे उन्हें समयबद्ध उपचार मिल सके। वहीं रेडियोलॉजी सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने के लिए शासन स्तर पर लगातार पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना चिकित्सालय प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जल्द ही विशेषज्ञ सेवाओं में और सुधार देखने को मिलेगा।

युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के अस्सी घाट पर गुरुवार की देर रात हिंदूवादी संगठनों के द्वारा एक मुस्लिम युवक को छेड़खानी का आरोप लगाते हुए मारपीट कर कान पकड़वा कर माफी मांगते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पिटाई के बाद सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई गई। आरोप है कि युवक घाट पर हिंदू लड़कियों के साथ हिंदू युवक बनकर आरोपी मुस्लिम युवक घूमता मिला। घाट पर मौजूद हिंदूवादी संगठन के लोगों ने युवती के साथ टहल रहे युवक को पकड़ लिया। वायरल वीडियो के बावत भेलूपुर पुलिस ने बताया कि मामला जानकारी में आने के बाद जांच की जाएगी।

बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय पर जारी की गई नोटिस मांगा स्पष्टीकरण

जलालपुर अंबेडकरनगर। कक्षा पांच तक की मान्यता लेकर कक्षा आठ तक की कक्षाएं संचालित करने एवं बिना मान्यता के विद्यालय संचालन पर खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर मालीपुर,जी डी स्मारक विद्यालय मालीपुर,सूरजा देवी प्राथमिक विद्यालय शेखूपुर, स्मार्ट कैरियर पब्लिक स्कूल जहांगीरपुर बड़ेपुर मदरसा नूरफातमी पब्लिक स्कूल बसिया को शिक्षा विभाग ने कक्षा पांच तक की कक्षाएं संचालित करने की मान्यता दी है। प्रबंधकों की मनमानी के कारण मानकों को ताक पर रख कर कक्षा आठ की कक्षाएं संचालित की जा रही थी। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रबंधकों को नोटिस जारी कर कक्षा 6 से कक्षा 8 तक की कक्षाओं को तत्काल बंद करते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है, वहीं सिसारा में बिना मान्यता के संचालित रजिया सुल्तान मदरसा डिवहारे तर टड़वा को तत्काल बंद कर नजदीक के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामाकन कराने की कहा है।

ग्राम पंचायत तौलिहवा मे चौपाल का हुआ आयोजन

सफाई कर्मी, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी रोजगार सेवक रहे नदारद

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत ग्राम पंचायत तौलिहवा में शुक्रवार को 'गाँव की समस्या गाँव में समाधान' करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ पंचायत राम विलास ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, जन्मप्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र,राशनकार्ड, बिजली बिल,वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है।

वहीं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने सफाई कर्मी की शिकायत करते हुए सफाई कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया जिस पर एडीओ पंचायत ने सफाई कर्मी को फोन कर तत्काल मौके पर बुलाया, लेकिन फिर भी सफाई कर्मी मौके पर नहीं आया। जिससे साफ पता चलता है कि सफाई कर्मी की मनमानी हावी है। उक्त कार्यक्रम में आशा आंगनबाड़ी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक आदि भी मौके पर उपस्थित नहीं रहे। जो इस बात का प्रमाण है कि पंचायत स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। और ऐसे कार्यक्रमों में जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रुचि नही ली जा रही है। जबकि ऐसे कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर से सूची जारी की जाती है।

उक्त अवसर पर पंचायत सहायक राम विलास , पंचायत सचिव दिलीप कुमार यादव , ग्राम प्रधान झगरु,राजेश कुमार, कल्लू, चैतू, रिषिकेश, जुगुन, जगदीश निषाद, आदि लोग मौजूद रहे।

बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक

गोण्डा। आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला पंचायत सभागार में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ से बचाव, राहत एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने की। इस दौरान कटरा बाजार विधायक बावन सिंह, तरबगंज विधायक प्रेम नारायन पाण्डेय, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, करनैलगंज विधायक अजय सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे, भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर समय से सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम द्वारा किया गया कूडा घोघी तट पर कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। कूड़ा नदी के बांये तट पर स्थित कूड़ा-घोघी के मध्य ग्राम-इमिलिया एवं कि0मी0 20.040 से 20.290 के मध्य ग्राम-मस्जिदिया के समीप कटाव निरोधक कार्य का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा परियोजना के कार्य में लांचिंग एप्रन एवं स्टेपस्लोप पिचिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना में 250 मी0 की एज क्रेटिंग, स्टेप स्लोप पिचिंग, स्लोप पिचिंग एवं 03 रो में परक्यूपाईन का कार्य प्रस्तावित है साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि कार्य के प्रारम्भ की तिथि 31.03.2026 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.06.2026 है। कार्य स्थल पर कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप संतोषजनक पायी गयी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने निर्देश दिया कि समस्त कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान इं0 कृपा शंकरभारती, अधिशासी अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड, रवि रंजन कुमार, सहायक अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड, राधेश्याम भारती, जूनियर इंजीनियर, ड्रेनेज खण्ड, राकेश कुमार, जूनियर इंजीनियर, ड्रेनेज खण्ड, उपस्थित रहे।

ग्रीन फील्ड कालेज, इलसिया ग्रान्ट रामकोट, सीतापुर, पिन कोड-261001

आवश्यकता है

सहायक आचार्य-(बी0एस0सी0)- रसायन विज्ञान-02 पद, जन्तु विज्ञान-02 पद, वनस्पति विज्ञान-02 पद, भौतिक विज्ञान-02 पद, गणित 02 पद।

योग्यता- यू0जी0सी0/लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी - दिनांक 25 मई 2026 तक, प्रबन्धक, ग्रीन फील्ड कालेज, सीतापुर पिन-261001 मो0-9044826653 के पते पर समस्त शैक्षिक प्रपत्रों के साथ आवेदन पंजीकृत डाक से भेजे अथवा greenfieldcollege.gfc@gmail.com पर मेल करे।

प्रबन्धक/सचिव

ग्रीन फील्ड कालेज, सीतापुर।

मो.-9044826653

जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, कथित फायरिंग को लेकर उठे सवाल

दो पक्षों में मारपीट, घायल युवक के शरीर से गोली निकलने की चर्चा से बढ़ी हलचल

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद के बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लेहड़ा चौकी के बिशुनपुर अदरौना गांव में पुरानी जमीनी रंजिश गुरुवार रात हिंसक संघर्ष में बदल गई। दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और कथित फायरिंग तक पहुंच गया। घटना के बाद गांव में दहशत और तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। वहीं घटना को लेकर पुलिस के शुरुआती दावों पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार गांव निवासी भगौती यादव और तीजू यादव के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार रात दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले और इसी दौरान कथित तौर पर कई राउंड फायरिंग भी हुई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में पिंटू नामक युवक सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार घायल पिंटू की जांघ से गोली निकाले जाने की चर्चा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस का कहना है कि मौके पर फायरिंग की घटना नहीं हुई। इस बीच घायल के शरीर से गोली मिलने की बात सामने आने के बाद ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

सीएम ने 208.40 करोड़ की 79 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

महराजगंज जनपद के नौतनवा विधानसभा में जनता को किया संबोधित

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद के नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा आयोजित हुई। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। सभा स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्थानीय विधायक ऋषि त्रिपाठी के नव निर्मित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभा स्थल पहुंचे और जनसमूह का अभिवादन किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन ने महराजगंज की तस्वीर बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार विकास, सुरक्षा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देकर गांव से शहर तक विकास कार्यों को गति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की योजनाओं और कानून-व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है तथा विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने सीमावर्ती जनपद महराजगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महराजगंज जनपद को कुल 208.40 करोड़ रुपये लागत की 79 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें 171.52 करोड़ रुपये की लागत से 42 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 36.88 करोड़ रुपये की लागत से 37 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। शिलान्यास परियोजनाओं में 26 परियोजनाएं शासन स्तर तथा 16 परियोजनाएं विभागीय स्तर की रहीं, जबकि लोकार्पण की 20 परियोजनाएं शासन स्तर और 17 विभागीय स्तर की शामिल रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री दया शंकर मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आया।

अयोध्या में शुरू हुआ 'नो व्हीकल डे' अभियान

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ईंधन बचत व पर्यावरण संरक्षण की अपील का असर अब सरकारी कार्यालयों में भी दिखने लगा है। उद्यान विभाग अयोध्या मंडल में शुक्रवार को 'नो व्हीकल डे' अभियान की शुरुआत की गई, जिसके तहत अधिकारी और कर्मचारी निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक परिवहन व साइकिल का प्रयोग कर कार्यालय पहुंचे।उद्यान विभाग के उपनिदेशक अनूप कुमार चतुर्वेदी ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को 'नो व्हीकल डे' के रूप में मनाया जाएगा, ताकि ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके।अभियान में कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सर्राफा व्यापारी पर हमला, लाखों के जेवर व बाइक लूटकर फरार हुए बदमाश

धनहिया से लौटते समय जंगल मार्ग पर हुई वारदात

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम सर्राफा व्यापारी से लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई। बदमाशों ने जंगल मार्ग पर व्यापारी को घेरकर डंडों से हमला किया और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात समेत बाइक लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर बाजार निवासी रंजीत सोनी (35) धनहिया चौराहे पर सोने-चांदी की दुकान संचालित करते हैं। रोज की तरह गुरुवार शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बताया गया कि मल्हनी-फुलवरिया जंगल मार्ग के पास पहले से घात लगाए बैठे चार से पांच बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। सभी हमलावर बाइक से पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों ने व्यापारी पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़े। इसके बाद आरोपी उनके पास मौजूद सोने-चांदी के जेवरात और बाइक लूटकर मौके से फरार हो गए।

ईंधन बचाओ अभियान को भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी गति, स्कॉर्पियो छोड़ बाइक से पहुंचे बैठक में

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ईंधन बचाओ' अपील का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने बुधवार को संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में अपनी निजी स्कॉर्पियो कार छोड़कर मोटरसाइकिल से पहुंचकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। वह मीडिया प्रभारी सुशील मिश्रा के साथ बाइक से बैठक स्थल पहुंचे। जिलाध्यक्ष के बाइक से पहुंचने पर वहां मौजूद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाकर उनकी पहल का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल एक सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में उठाया गया दूरदर्शी कदम है।उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों के मौजूदा हालात के चलते वैश्विक स्तर पर ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक को अपनी दैनिक आदतों में बदलाव कर ईंधन और ऊर्जा की बचत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गैर-जरूरी यात्राओं से बचना, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करना और कार पूलिंग अपनाना समय की जरूरत है।जिलाध्यक्ष ने कहा कि ईंधन की हर बूंद की बचत देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों से भी इस मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठकर सरकार के प्रयासों का समर्थन करने की अपील की।

तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत, गांव में पसरा मातम

कुमारगंज -अयोध्या। थाना खण्डासा क्षेत्र के डूंड़ी अमानीगंज गांव में शुक्रवार को तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार गांव निवासी बब्लू रैदास की पुत्रियां नैनी (5) और सुनैनी (8) दोपहर करीब 12 बजे घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित पांडे तारा तालाब में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान दोनों बच्चियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं।बताया गया कि बच्चियों के शोर मचाने पर आसपास मौजूद एक युवक तालाब में कूद पड़ा और दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डासा ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक चंद्रभानु पासवान भी गांव पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहायता का

एनटीपीसी टांडा में 16 मई से शुरू होगा स्वच्छता पखवाड़ा

अयोध्या। NTPC टांडा परियोजना में 16 मई से 31 मई 2026 तक ÷स्वच्छता हर किसी का दायित्व है÷ थीम पर आधारित ÷स्वच्छता पखवाड़ा-2026÷ आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

पखवाड़े का शुभारंभ उमंग स्टेडियम से प्रभात फेरी एवं स्वच्छता शपथ के साथ होगा। इस दौरान निबंध, पोस्टर मेकिंग, ÷कचरे से कंचन÷, ÷कबाड़ से जुगाड़÷ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इसके अलावा स्वच्छता श्रमदान, वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक, सफाई अभियान, नालियों की सफाई और ग्राम सभाओं में फॉगिंग जैसी गतिविधियां भी संचालित होंगी। एनटीपीसी टांडा ने सभी कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

तहसील रुदौली में आक्रोशित अधिवक्ताओ ने विरोध मार्च निकाल कर धरने पर बैठे

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। न्यायालय में वाद विचाराधीन एवं एस डी एम कोर्ट से स्थगना देश होने के बावजूद बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के पूर्व महामंत्री संतोष कुमार पाण्डेय की भूमि पर निर्माण कार्य कर पिलर उठाने से आक्रोशित तहसील रुदौली के अधिवक्ताओं ने एस डी एम से निर्माण कार्य होने पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए अविलंब उसे रोक जाने की मांग की ।एस डी एम द्वारा 3 बजे तक समय देने तक असहमत अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारे लगाते हुए विरोध जुलूस निकाल कर तहसील भवन के गेट पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन एडवोकेट की अध्यक्षता में सैकड़ों अधिवक्ता धरने पर बैठ गए।धरना स्थल पर हुई अधिवक्ताओं की सभा में पूर्व महामंत्री संतोष पाण्डेय प्रकरण पर आक्रोश व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य को ध्वस्त कराए जाने की मांग की वक्ताओं में साहब सरन वर्मा, गोरख नाथ तिवारी,हरि नारायण यादव, ओम प्रकाश मिश्र, अब्दुल जब्बार ,शिव वरदान तिवारी , कुलभूषण यादव,राम भोला तिवारी,रवींद्र तिवारी, गया शंकर कश्यप, प्रमोद द्विवेदी, सतींद्र प्रकाश शास्त्री ,रमेश तिवारी, बालेंदु सिंह,नरेंद्र मिश्र, अजय कुमार , संतराम रावत, दाता राम, राम रतन यादव ,वेद प्रकाश तिवारी, विनोद कुमार लोधी, अमर सिंह यादव, रामेश्वर पिंटू ,रमेश सिंह , अमरेश यादव सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल हई खां ने किया।

रुदौली के मुख्य मार्ग पर बहता रहा नाली का गंदा पानी

जुमे के दिन लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

रुदौली-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) अयोध्या नगर के व्यस्ततम मार्ग नवाब बाज़ार पुरुषोत्तम वार्ड में शुक्रवार को पूरे दिन नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहा जिससे राहगीरों दुकानदारों और नमाज़ के लिए आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जुमे के दिन मुस्लिम आबादी वाले इलाके में पूरे दिन सड़क पर फैली गंदगी और बदबू से लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला स्थानीय लोगों का आरोप है कि वार्ड सभासद की लापरवाही के चलते नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है जिसकी वजह से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर फैल गया। सबसे अधिक परेशानी नमाज़ियों, व्यापारियों और स्कूली बच्चों को हुई दुकानदारों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी वार्ड सभासद इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है लोगों ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि नगर के मुख्य मार्ग की यह हालत होने के बावजूद चेयरमैन और संबंधित वार्ड सभासद को समस्या दिखाई नहीं दे रही है नगर के नागरिक आलोक चौरसिया ताबिश अंसारी और अशरफ अली ने कहा जुमे जैसे महत्वपूर्ण दिन पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में गंदे पानी का सड़क पर बहना नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है लोगो का कहना कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे रुदौली वासियों ने मांग की है कि तत्काल नालियों की सफाई कराकर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके इस संबंध में अधिशासी अधिकारी प्रेम नाथ से बात करने का प्रयास किया गया परंतु उनका फ़ोन नहीं लगा

दलालों और कथित फर्जी बाबुओं के कारनामों को लेकर मिल्कीपुर तहसील एक बार फिर सुर्खियों में

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील एक बार फिर दलालों और कथित फर्जी बाबुओं के कारनामों को लेकर सुर्खियों में है। मोहम्मदपुर अमानीगंज निवासी मोनू पुत्र स्वर्गीय देवी प्रसाद की शिकायत पर चट्टू पाण्डेय उर्फ दयाशंकर पाण्डेय समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि तहसील परिसर में बैठकर जमीन के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और धन उगाही का खेल चल रहा था। शकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी खुद को उपजिलाधिकारी और तहसीलदार का करीबी बताकर लोगों को झांसे में लेते थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कथित फर्जी बाबू का पूर्व में वीडियो भी वायरल हो चुका है, जिसमें फाइलों के नाम पर वसूली की चर्चा सामने आई थी। उस समय प्रशासन ने तहसील परिसर में उसके प्रवेश पर रोक भी लगाई थी, लेकिन सवाल यह है कि फिर वही चेहरे दोबारा सिस्टम में कैसे सक्रिय हो गए मामले ने तहसील परिसर में फैले दलाल तंत्र की पोल खोल दी है। अधिवक्ताओं ने भी संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन देकर तहसील को दलाल मुक्त करने की मांग उठाई थी।

जनता दर्शन में शिकायतों का हो रहा त्वरित निस्तारण

अयोध्या। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपद में जनता दर्शन के माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी समस्याएं सुनने के निर्देश दिए हैं।जनता दर्शन में ग्राम दसौली पुराकलंदर सोहावल निवासी राजमति ने आबादी के रास्ते पर अवरोध की शिकायत की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सोहावल ने नायब तहसीलदार व पुलिस बल के साथ जांच कर दोनों पक्षों की सहमति से रास्ता खुलवाया। ग्राम प्रधान को मार्ग की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए।वहीं फिरोजपुर उपरहार निवासी जुनैद अंसारी ने इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण की मांग की थी।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी घोषित

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डिप्लोमा फार्मासिस्ट राज्यपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को शहर के एक स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित किया गया। अधिवेशन में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।चुनाव अधिकारी मंडलीय सचिव नरेंद्र वर्मा की देखरेख में पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। सभी सदस्यों की सहमति से पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ।नई कार्यकारिणी में कृपाशंकर चौधरी को जिलाध्यक्ष, गोरखनाथ वर्मा को मंत्री, देशराज सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को संगठन मंत्री, रामेश्वर शुक्ला को उपाध्यक्ष, राम गोपाल को संयुक्त मंत्री, राम बौद्ध वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा विनय गौतम को संप्रेषक चुना गया। इसके अलावा संरक्षक मंडल में सेवानिवृत्त चीफ फार्मासिस्ट आर.के. सिंह, जेपी जायसवाल, विनोद त्रिपाठी और शंकर यादव को शामिल किया गया। चुनाव के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।अधिवेशन में जिला चिकित्सालय अयोध्या के संजीव कुमार गुप्ता, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, बलराम वर्मा, विजय प्रकाश वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, सोनिल तिवारी, विशाल यादव, दीपक गुप्ता, अजय सिंह, जेपी वर्मा, घनश्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम चौपाल में नहीं पहुंचे विभागीय अधिकारी

बीकापुर-अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र की कटारी और मऊ ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कटारी पंचायत भवन में प्रधान संतराम निषाद की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में पंचायत सचिव अंशु यादव ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और शिकायतें सुनीं।ग्रामीणों ने खतौनी संशोधन, प्रधानमंत्री आवास, चकरोड पटाई और नाली निर्माण समेत कई समस्याएं उठाईं। सात किसानों की फार्मर रजिस्ट्री भी की गई। वहीं मऊ ग्राम पंचायत में आयोजित चौपाल में पंचायत सचिव राजेश चौधरी और प्रधान परशुराम निषाद मौजूद रहे। दोनों चौपालों में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और पूर्ति विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे, जबकि नोडल अधिकारी भी नहीं पहुंचे।

रामकोट व कटरा की स्मार्ट पार्किंग का डीएम ने किया निरीक्षण

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) श्रीराम मंदिर के समीप रामकोट एवं कटरा क्षेत्र में निर्माणाधीन मैकेनाइज्ड स्मार्ट पार्किंग परियोजना का शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। करीब 65 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रही इस परियोजना में श्रद्धालुओं व पर्यटकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को परियोजना समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था को स्मार्ट तकनीक से सुसज्जित किया जाए।निर्माणाधीन पार्किंग में कार पार्किंग के साथ डॉरमेट्री, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पब्लिक टॉयलेट, सिक्योरिटी गार्ड रूम, सर्विस रूम, पंप रूम तथा फायर व अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

डीजल-पेट्रोल की बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस का हमला, जनता पर बोझ बढ़ाने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने बढ़ी कीमतों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है, ऐसे में ईंधन के दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है।उन्होंने कहा कि डीजल और पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आवश्यक वस्तुओं पर पड़ेगा, जिससे रोजमर्रा के सामान महंगे हो जाएंगे और आम आदमी की परेशानी और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होते ही भाजपा सरकार ईंधन के दाम बढ़ा देगी, जो अब सच साबित हो रहा है।

जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान जनता को गुमराह कर वोट हासिल करती है। उन्होंने भगवान राम से प्रार्थना करते हुए कहा कि सरकार को सद्बुद्धि मिले और वह उद्योगपतियों के बजाय आम जनता के हित में फैसले ले।महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी यह साबित करती है कि केंद्र सरकार जनहितकारी निर्णय लेने में पूरी तरह विफल हो चुकी है और महंगाई से त्रस्त जनता को और परेशान करना चाहती है।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों से पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करने की अपील के बाद कीमतों में वृद्धि का कोई औचित्य नहीं रह जाता। पार्टी नेताओं ने केंद्र सरकार से

प्रधान संगठन ने डीएम से मिल उठाई पंचायत चुनाव व ग्राम निधि की मांग

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर ग्राम पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को रखा।प्रधान संगठन ने मांग की कि पंचायत चुनाव समय से कराए जाएं। यदि चुनाव में विलंब हो तो ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए अथवा पूर्व की भांति प्रधानों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी जाए। संगठन ने बताया कि इसी मांग को लेकर 18 मई को जिले के सभी प्रधान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

चार लोगों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह पर पुलिस की सख्ती

मिठौरा (महराजगंज)। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से सिंदुरिया पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार आरोपितों पर विभिन्न थानों में पूर्व से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि लालती पत्नी स्वर्गीय श्रवण चौहान, निवासी गौरी बढ़ेपूरवा थाना कोठीभार, के विरुद्ध कोठीभार थाने में तीन तथा चौरी-चौरा थाने में एक मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा अंजली उर्फ अंजलिका पत्नी करण साहनी निवासी भेड़ियहवा थाना कसानगंज, जिला कुशीनगर, सुमित्रा देवी पत्नी स्वर्गीय उमेश निवासी पिपरामाफी थाना कसानगंज, जिला कुशीनगर तथा काजल चौहान पत्नी राजन गुप्ता निवासी चकबंदी दक्षिणी टोला थाना कसानगंज, जिला कुशीनगर के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार ये सभी एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं, जिसकी सरगना लालती बताई जा रही है। गिरोह शादी कराने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी, जालसाजी एवं छलपूर्वक धन उगाही का कार्य करता था। एक सप्ताह पूर्व भी इन लोगों को शादी के नाम पर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मामले में एटा जनपद के थाना मिरहची क्षेत्र के लोधामई निवासी रंजीत चौहान ने दो मई को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि आरोपितों ने पहले से विवाहित युवती को कुंवारी बताकर उससे शादी कराने का झांसा दिया। आरोप है कि शादी के खर्च के नाम पर 10 हजार रुपये, शादी के लिए 90 हजार रुपये नकद, एक मंगलसूत्र और एक जोड़ी पायल ली गई। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।

मृतक के खाते से लाखों की निकासी पर बैंक फंसा, उपभोक्ता फोरम ने ब्याज सहित भुगतान का दिया आदेश

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) मोतीबाग स्थित तत्कालीन इलाहाबाद बैंक (वर्तमान इंडियन बैंक) की मुख्य शाखा में मृतक खाताधारक के खाते से लाखों रुपये निकाले जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम ने बड़ा फैसला सुनाया है। फोरम ने बैंक को मृतक के परिजनों को निकाली गई पूरी धनराशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार रीडगंज स्थित हमदानी कोठी निवासी अब्दुल हलीम अंसारी का बचत खाता इलाहाबाद बैंक की मोतीबाग शाखा में था। उनके खाते में वर्ष 2001 तक लाखों रुपये जमा थे। अब्दुल हलीम की मृत्यु के बाद परिजनों को खाते की जानकारी नहीं मिल सकी। बैंक से जानकारी मांगने पर भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। बाद में मृतक के पुत्रों ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी प्राप्त की। जांच में सामने आया कि खाते में वर्ष 2008 तक 6 लाख 19 हजार 91 रुपये मौजूद थे। आरोप है कि इसके बाद खाते में मदनलाल नाम दर्ज कर एटीएम के माध्यम से पूरी रकम निकाल ली गई। मामले को लेकर मृतक के पुत्र अकील अहमद अंसारी, हसन अहमद और हुसैन अहमद ने इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक व जोनल कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया।सुनवाई के बाद उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम के अध्यक्ष दयाराम एवं सदस्य सचीन्द्रनाथ ने एकपक्षीय फैसला सुनाते हुए बैंक को निर्देश दिया कि वह मृतक के परिजनों को 6 लाख 19 हजार 91 रुपये 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित अदा करे। साथ ही 4 हजार रुपये क्षतिपूर्ति और 2 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में देने का भी आदेश दिया गया है। फोरम ने बैंक को दो माह के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

एनटीपीसी टांडा में 16 मई से शुरू होगा स्वच्छता पखवाड़ा

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) NTPC टांडा परियोजना में 16 मई से 31 मई 2026 तक स्वच्छता हर किसी का दायित्व है÷ थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा-2026 आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय डु स्टेडियम से प्रभात फेरी एवं स्वच्छता शपथ के साथ होगा। इस दौरान निबंध, पोस्टर मेकिंग, कचरे से कंचन, कबाड़ से जुगाड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा स्वच्छता श्रमदान, वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक, सफाई अभियान, नालियों की सफाई और ग्राम सभाओं में फॉगिंग जैसी गतिविधियां भी संचालित होंगी। एनटीपीसी टांडा ने सभी कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर किया चौपाल

ग्रामीणों ने चौपाल मे किया बिजली विभाग के जेई व जल मिशन कि शिकायत

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवपुर मस्जिदीया में शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल में डीएम द्वारा ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी लिया गया तथा समीक्षा की गयी।और उनके द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ पात्र व्यक्तियो की मिल रही है या नही डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या हो वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दे। जिलाधिकारी द्वारा गोदभराई कार्य भी किया गया।सबसे पहले जिलाधिकारी द्वारा देवपुर मस्जिदिया मे बन रहे कुडा नदी के तट पर बाढ राहत कार्य का निरिक्षण भी किया गया ।सीडीओ बलराम सिंह द्वारा कहा गया की हर व्यक्ति फार्मर रजिस्ट्री करा ले जिससे सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल सके। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता देकर आत्मनिर्भर बन सके।डीडीओ ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताये हर विभाग के कर्मचारी मौजूद है बताओ समाधान किया जाये।बिजली विभाग के जेई के खिलाफ चौपाल मे मौजूद लोगों ने फोन न उठाने की शिकायत की। वसीर मोहम्मद प्रधान ने सप्लाई स्पेटर के खिलाफ सीडीओ से शिकायत की। जल जीवन मिशन के द्वारा तोडे गये गांव के सडको की शिकायत करते हुए सही कराने की माग किया। मोहनाग प्राथमिक विघालय के प्रधानाचार्य द्वारा बाउंड्री वाल को टीक कराने की माग किया गया।इस दौरान एस डीएम राहुल सिंह, सीडीओ बलराम सिंह, डीडीओ राज मणि वर्मा, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, पीडी नगेंद्र मोहन त्रिपाठी, डीपीआरो, जिलापोरवेशन अधिकारी,सप्लाई स्पेटर माला गुप्त,बीडीओ सर्वेश मोहन, सचिव प्रियंका गोस्वामी, प्रधान रचना श्रीवासतव,जितेन्द्र प्रकाश श्रीवासतव,एडीओ पंचायत, देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, दिलीप पटेल, ईश्वर देव, विजय पाल, अमित कुमार चौधरी, एडीओ पंचायत,अरविन्द मणि त्रिपाठी,अरबाज चोधरी, इसरार अहमद, एवं तमाम अधिकारी व ग्रामवासी आदि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई शादी हेतु अनुदान उपलब्ध कराने के संबध में बैठक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। अनुसूचित जाति/जनजाति/सामान्य वर्ग/ अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान उपलब्ध कराने के संबध में शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति/जनजाति/सामान्य वर्ग/ अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्ति व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान उपलब्ध कराने के लिए नियमावली/शासनादेश के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में आधार प्रमाणीकरण/ईकेवाईसी लागू की गयी है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड, पुत्री का आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते का पासबुक एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है। आवेदक(माता-पिता/अभिभावक) शादी अनुदान पोर्टल पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदक तथा पुत्री दोनो का आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जायेगा। आधार का अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। पिछड़ी जाति हेतु आवेदक की आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में रू0 100000 (रू0 एक लाख) प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, एवं अनुसूचित जाति/जनजाति/सामान्य वर्ग के आवेदक की आय शहरी क्षेत्र में रू0 56460 तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080 प्रति वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। शादी अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलान आवेदन शादी की तिथि के 90 दिवस पूर्व तथा 90 दिवस पश्चात तक ही स्वीकार्य है,किन्तु उक्त अवधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 1 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिए। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 2 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला एवं दिव्यांग आवेदको को वरीयता प्रदान की जायेगी। शादी अनुदान की धनराशि नियमानुसार पात्र लाभार्थियों के खातो में रू0 20000 ईपेमेण्ट के माध्यम से प्रेषित जायेगी। योजनान्तर्गत पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति शादी अनुदान पोर्टल पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन की हार्डकापी समस्त संलग्नको सहित सम्बन्धित तहसील अथवा विकास खण्ड में जमा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक ने किया सीएचसी बेवा का निरीक्षण

अस्पताल की व्यवस्थाओं पर मरीजों ने जताया संतोष, विधायक ने पथरी के ऑपरेशन व महिला चिकित्सक की तैनाती का दिया भरोसा

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। जनसेवा के प्रति समर्पित क्षेत्रीय विधायक सैय्यदा खातून ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (शाष्ट) बेवा का औचक निरीक्षण कर वहाँ की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने वार्डों में जाकर मरीजों से सीधा संवाद किया और उन्हें मिल रहे उपचार व सुविधाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

संवाद के दौरान मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक को बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता और पर्याप्त दवाइयां मिल रही हैं, जिससे उन्हें इलाज के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ता। मरीजों के सकारात्मक फीडबैक पर विधायक ने संतोष व्यक्त किया।

अस्पताल परिसर में मीडिया और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि पिछले चार वर्षों में उनके निरंतर प्रयासों से सीएचसी बेवा में कई आवश्यक सुविधाएं शुरू हुई हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुँचाना है, और पिछले कुछ वर्षों में यहाँ लगातार सुधार देखने को मिला है।' विधायक ने क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन की सुविधा और एक स्थायी महिला चिकित्सक की तैनाती की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन मांगों को शासन स्तर पर प्राथमिकता देकर शीघ्र पूरा कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सर्पदंश और कुत्ता काटने जैसी आपातकालीन स्थितियों के लिए एंटी-वेनम और अन्य दवाओं का विशेष स्टॉक सुनिश्चित करने हेतु सीएमओ व अधीक्षक को कड़े निर्देश दिए।

अस्पताल के बेहतर रखरखाव और अनुशासित कार्यप्रणाली को देखते हुए विधायक ने अस्पताल अधीक्षक की सक्रियता और संवेदनशीलता की खुले मन से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रबंधन के कारण ही आज बेवा सीएचसी क्षेत्र की जनता के लिए एक भरोसे का केंद्र बन गया है।

इण्टर कॉलेज के छात्र से मारपीट कोतवाली में दी तहरीर

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर। कोतवाली जलालपुर क्षेत्र में इंटर कॉलेज के एक छात्र के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घायल छात्र ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपू पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम डड़वा मदरहा थाना जलालपुर, जो जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है, ने आरोप लगाया कि विद्यालय की छुट्टी होने के बाद वह गेट के बाहर अपनी बाइक स्टार्ट कर घर जाने लगा। इसी दौरान विद्यालय के ही अजय नामक युवक ने उसकी बाइक की चाबी निकाल ली। जब दीपू ने इसका विरोध करते हुए कारण पूछा तो अजय ने अभद्रता करते हुए कहा कि 'अभी बताता हूं चाबी क्यों निकाली है।'

आरोप है कि इसके बाद अजय ने किसी को फोन किया, जिसके कुछ ही देर बाद कई युवक मौके पर पहुंच गए। पीड़ित के अनुसार सचिन, किशन, शिवम, अजय, सुधांशु, राज और विशाल समेत अन्य लोगों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा गाली-गलौज की। मारपीट में दीपू के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित का आरोप है कि जब उसने मारपीट का कारण पूछा तो विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल छात्र जलालपुर कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता : विधायक अजय सिंह

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। हर्रैया विधानसभा के धुरदा ग्राम पंचायत में जनपद के पहले उत्सव भवन का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह ने शुक्रवार को किया। लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उत्सव भवन के बनने से क्षेत्र के दर्जनों गाँवों के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। इस उत्सव भवन के निर्माण से धुरदा सहित आसपास के गांवों के लोगों को लाभ मिल सकेगा। कहा कि अब ग्रामीणों को शादी-विवाह, सामूहिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकें तथा सांस्कृतिक आयोजनों में सहूलियतें मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन का निर्माण गांव के विकास का प्रतीक है।

यह भवन क्षेत्र की सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। परशुरामपुर प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश पाण्डेय ने कहा कि अब तक क्षेत्र में किसी बड़े सार्वजनिक भवन की सुविधा नहीं थी, जिससे लोगों को निजी स्थानों या दूसरे क्षेत्रों का सहारा लेना पड़ता था। उत्सव भवन बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और सामाजिक कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से आयोजित हो सकेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि पंडित सरोज मिश्रा, खुशीराम वर्मा प्रधान, अखिलेश सिंह, भरत सिंह, वीरू सिंह, दीपक सिंह, अवनीश सिंह, सत्येंद्र सिंह, पुरुषोत्तम तिवारी, शिवनाथ मौर्या, रामसुभावन यादव, आशीष राजभर, नरेंद्र राजभर, राजन सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

गैस वितरण व्यवस्था पर उठे सवाल, उपभोक्ता परेशान

देवी अवस्थी संवाददाता

गोण्डा। जिले की श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी पर घरेलू रसोई गैस वितरण में अनियमितताओं को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। कई उपभोक्ताओं ने समय से गैस सिलेंडर न मिलने, बार-बार एजेंसी और गोदाम के चक्कर लगाने तथा बिना डिलीवरी के मोबाइल पर 'सिलेंडर डिलिवर्ड' का मैसेज भेजे जाने की शिकायत की है।

पूरे उदई निवासी उपभोक्ता वीरेंद्र पांडे ने बताया कि उनके कंज्यूमर नंबर 43665733 पर गैस सिलेंडर की बुकिंग एक सप्ताह पहले कराई गई थी। आरोप है कि एजेंसी पर लगातार दो दिन जाने के बाद उन्हें पर्ची देकर गोदाम भेज दिया गया, लेकिन गोदाम पहुंचने पर कर्मचारियों ने गैस खत्म होने की बात कहकर अगले दिन आने को कहा। उपभोक्ता का कहना है कि एजेंसी से पर्ची मिले पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला और न ही एजेंसी की ओर से कोई सूचना दी गई। उपभोक्ताओं के अनुसार गैस सिलेंडर न मिलने से परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खाना न बन पाने के कारण स्कूल जाने में छोटे बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है परिवार मजबूरी में महिलाओं को चूल्हे का उपयोग करना पड़ रहा हैं। जबकि भारत सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना लाई गई थी ताकि किसी महिला को चूल्हे पर खाना न बनाना पड़े क्योंकि लकड़ी व कंडा का उपयोग करने से महिलाओं की आंखों और फेफड़ों पर प्रभाव पड़ता था गैस सिलेंडर ना मिलने से होटल से खाना मंगवाना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में जिले की एक अन्य गैस एजेंसी पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई किए जाने के बावजूद वितरण व्यवस्था में सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग के बाद 25 से 45 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

मेगा विद्युत कैम्प में समस्याओं का त्वरित हुआ समाधान

1.15 लाख की राजस्व की हुई वसूली

दानिश मेहदी

अम्बेडकरनगर। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विद्युत वितरण खण्ड टाण्डा द्वारा आज 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मुबारकपुर परिसर में मेगा विद्युत कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया गया। शिविर को लेकर उपभोक्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभागीय सेवाओं का लाभ उठाया।कैम्प के दौरान कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया गया। मीटर संबंधी 4 मामलों में खराब मीटरों को तत्काल बदलकर नए मीटर स्थापित किए गए। वहीं बिल संशोधन से संबंधित 11 प्रकरणों में आवश्यक स्थलीय जांच रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है तथा सभी मामलों का निस्तारण अगले कार्यदिवस तक सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अतिरिक्त नए विद्युत कनेक्शन के लिए 4 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका पंजीकरण कर लिया गया है। संबंधित उपभोक्ताओं के यहां आगामी दो दिनों के भीतर स्थलीय निरीक्षण कर विद्युत कनेक्शन जारी किया जाएगा।कैम्प के दौरान 45 उपभोक्ताओं द्वारा अपने बिजली बिल जमा किए गए, जिससे विभाग को कुल ?1,15,998 (एक लाख पंद्रह हजार नौ सौ अट्ठानवे रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ।कैम्प का संचालन अधिशाषी अभियंता ई0 मोहित कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ई0 वीरेंद्र कुमार शुक्ला, अवर अभियंता ई0 संजय कुमार यादव, अवर अभियंता (मीटर) ई0 तकरीम, स्मार्ट मीटर सुपरवाइजर राजन दुबे, जेएमटी विजेंद्र विश्वकर्मा, तकनीशियन रविन्द्र नाथ, राम सिंगार वर्मा, जुमेराती, जयनाथ यादव, कार्यालय सहायक शिवशंकर, कंप्यूटर ऑपरेटर सुरजीत कुमार, लाइन स्टॉफ अली अब्बास, अवधेश कुमार, मुफीद, सतीश कुमार, राजेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, विकास वर्मा, अभिषेक मौर्य, विशाल यादव, उमेश वर्मा, जामवंत तथा मीटर रीडर गुड्डू सहित समस्त विभागीय स्टाफ उपस्थित रहा। सभी कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए कैम्प को सफल बनाया।कैम्प का औचक निरीक्षण अधीक्षण अभियंता ई0 रजनीश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उपभोक्ताओं से अपील : विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से समय से बिजली बिल जमा करने की अपील की है, ताकि अनावश्यक बकाया से बचा जा सके तथा विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे। विभाग ने कहा कि समय पर बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुचारु विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड उपभोक्ताओं को पारदर्शी, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में टांडा नगर क्षेत्र के स्टेस बैंक के पास अवर अभियंता के के तिवारी के नेतृत्व में सीनियर लाइनमैन सैयद वकार मेहदी की देख रेख में लगाया गया जहां भी बकाया भुगतान की वसूली की गई।

वजीरगंज थाने में चर्चाओं का बाजार गर्म, वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों पर उठे सवाल

गोण्डा। जनपद के वजीरगंज थाना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाने में कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है और फरियादियों को अपेक्षित न्याय नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि कई मामलों में पीड़ितों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में चर्चा है कि थाना प्रभारी विपुल पाण्डेय के कार्यकाल के दौरान पुलिस कार्यशैली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि फरियादियों के साथ व्यवहार को लेकर भी शिकायतें सामने आती रहती हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय चर्चाओं के अनुसार, थाने में तैनात सिपाही सुशील सिंह पिछले लगभग सात वर्षों में अलग-अलग अवधि में तीसरी बार इसी थाने में तैनात हैं। वहीं चर्चित दीवान विनोद सोनी के भी लंबे समय से इसी थाने में बने रहने की चर्चा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से एक ही थाने में जमे रहने से कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के निर्देश दिए जाते रहे हैं, लेकिन वजीरगंज क्षेत्र में इन निर्देशों के पालन को लेकर चर्चाएं बनी हुई हैं। अब लोगों की निगाहें पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई पर टिकी हैं कि इन चर्चाओं और शिकायतों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

गोण्डा। थाना तरबगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, नगदी और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, रगड़गंज चौराहे के पास संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोण्डा की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देखकर चालक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, 1570 रुपये नकद तथा नोकिया कंपनी का की-पैड मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अक्रूर उर्फ अद्दू निवासी ग्राम भानपुर थाना तरबगंज जनपद गोण्डा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

बोलेरो को बचाने में हुआ अनियंत्रित ट्रक पलटा

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के बेवां-उतरौला मार्ग पर बुधवार सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा भवानीगंज थाना क्षेत्र की सिलोखरा चौकी से कुछ दूरी पर स्थित गौहनिया गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10:30 बजे बिहार से बहराइच जा रहा धान लदा ट्रक सामने से आ रहे बोलेरो वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक चालक को बाहर निकाला गया। हादसे में चालक को हल्की चोटें आई हैं।

गौसंरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल, किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

बस्ती । जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में गौसेवा संबंधी योजनाओं की समीक्षा में नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि गौसंरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होने निर्देश दिया कि क वे प्रत्येक सप्ताह गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण करें, वहॉ की व्यवस्थाओं का सतत् अनुश्रवण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी ने कहा कि गौआश्रय स्थलों में रह रहे गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बीमार एवं घायल गोवशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए कहा कि आश्रय स्थलों में स्वच्छता बनाये रखना अत्यन्त आवश्यक है ताकि गोवंशों को किसी प्रकार की बीमारी का खतरा न हों। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बीमार पशुओं का अलग रखा जाय, उन्हें उसी स्थान पर भूसा, चारा व पानी उपलब्ध कराया जाय। मृत पशुओं का शव सम्मानपूर्वक दफन किया जाय। इसके अतिरिक्त गर्मी और बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए गोवंशों को लिए पर्याप्त छाया, पानी एवं सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गयें। उन्होने यह भी कहा कि नर व मादा गौवंशों को अलग-अलग रखा जाय। उन्होने डीएफओ को निर्देशित किया कि गौआश्रय स्थलों पर छायादार पौधों का पौधरोपण युद्धस्तर पर सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गौआश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील अवस्था में रहें, जिससे आवश्यकतानुसार अवलोकन किया जा सकें। उन्होने कहा कि पशुओं का टीकाकरण समय से हो तथा समस्त आवश्यक रजिस्टर अद्यतन रहें। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नैपियर घास की बुआई की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण कर निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध करायेंगे।

परांविधिक स्वयं सेवकगण (अधिकार मित्र) का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

सिद्धार्थनगर। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार श्रीवास्तव-तृतीय के निर्देश के क्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के क्रियान्वयन हेतु पराविधिक स्वयं सेवकगण (अधिकार मित्र) का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित समाधान समारोह 2026 (विशेष लोक अदालत) जिसमे बैंकिग परिवार कानून, मोटर दुर्घटना वाद, भूमि अधिग्रहण, कर विवाद, उपभोक्ता/ सेवा मामले, किराया विवाद जैसे केस शामिल किए जा सकते है, के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया तथा आमजन के मध्य प्रचार-प्रसार हेतु निंदेशित किया गया।

कहा कि आमजन अपने मामले जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित है को गूगल फॉर्म लिंक पर 31 मई 2026 तक आवेदन कर सकते है।

पिकप और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर, तीन घायल

अवधनामा संवाददाता

बोदरवार, कुशीनगर। कसानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार के दक्षिण बगहाबीर बाबा के स्थान के पास कसानगंज बोदरवार पिपराइच मार्ग पर कसानगंज की ओर से आ रही पिकप और पिपराइच की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल डिस्कवर की आपस मे टक्कर हो गयी जिसमें बाईक के परखच्चे उड़ गए और उस सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गये। मौके पर पहुंची बोदरवार पुलिस चौकी की पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया और वाहनों को चौकी पर ले गयी।

शुक्रवार को शाम साढ़े चार बजे के आसपास सुग्गा पाकड़ निवासी जाहिद अली पुत्र हनीफ उम्र लगभग 40 वर्ष ,अपनी बहन नजमा व अपने 10 वर्षीय पुत्र अरमान को लेकर आ रहे थे। अभी घोघरा के आगे बगहाबीर बाबा के स्थान के पास पहुंचे ही थे कि कसानगंज की ओर से आ रही पिकप से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गयी और तीनो गंभीर रुप से घायल हो गये।

लोगों द्वारा सूचना देने पर बोदरवार चौकी इंचार्ज शनि जावला अपने हमराहियों कांस्टेबल संदीप प्रजापति, संदीप यादव व राकेश कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए ऐम्बुलेंस द्वारा कसानगंज सीएचसी भिजवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल कुशीनगर रेफर कर दिया। जिसमें दस वर्षीय अरमान की हालत बहुत अधिक नाजूक बताई जा रही है। बोदरवार चौकी की पुलिस ने दोनो वाहनों को अपने कब्जे में लेकर पुलिसिया कार्रवाई शुरू कर दी।

युद्ध संकट हमारी दहलीज पर

प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काफिला कम कर उदाहरण पेश किया है। बुधवार को दो वीडियो सामने आए। एक में काफिले में मात्र दो कारें थीं और दूसरे वीडियो में 4 कारें दिखाई दीं। यह किफायत नहीं, जोखिम है। प्रधानमंत्री से ऐसी कोई अपेक्षा और शिकायत नहीं थी। प्रधानमंत्री एसपीजी के सुरक्षा-कवच में रहते हैं। उस सुरक्षा का अपना प्रोटोकॉल होता है, लिहाजा काफिले में 15 या 20 कारें हैं, इस पर सवाल उठाना ही बेमानी है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से किसी भी किस्म का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री की नजीर का अनुसरण रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, सडक़ परिवहन मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने किया है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और बिहार के 'भगवा मुख्यमंत्री' सम्राट चौधरी अब भी 19-20 कारों के काफिले के साथ घूमते नजर आए हैं। बहरहाल उन्हें भी जल्द ही सद्बुद्धि आ जाएगी। काफिलों की किफायत और अन्य व्यवस्थाएं स्थायी होनी चाहिए, भेड़चाल या ढोंग के मायने बेहद खतरनाक होंगे। बचत प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि तक ही अपरिहार्य नहीं होनी चाहिए। सरकारों में सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक स्तर के आईएएस, आईपीएस अधिकारियों को अलग-अलग सरकारी वाहन दिए गए हैं। कटौती उनमें बहुत जरूरी है। वे सभी 2-4 किमी दूर के सरकारी आवासों से दफ्तर तक आते हैं और फिर घर लौटते हैं। सरकारी वाहनों की ऐयाशी और भौकाल खत्म किए जाने चाहिए। ऐसे अधिकारियों को एक विशेष बसनुमा वाहन से दफ्तर लाया जाए और शाम को घर छोड़ा जाए। यह संवैधानिक प्रोटोकॉल नहीं है कि सभी अफसर 'महाराज' की तरह सुविधाएं भोगें। यदि देश में पेट्रोल-डीजल का संकट है, तो किफायत अपरिहार्य है। आपातस्थिति के लिए तो छूट हमेशा बनी रही है। दरअसल ये अधिकारी ही हमारी व्यवस्था के नीति-निर्माता हैं, लिहाजा निरंकुश-से हैं।

बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ऑनलाइन बैठकों की अपील की है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश भी जारी करवा दिए हैं, तो ये आला अफसर भी अमल करें। यदि प्रधानमंत्री की पूरी अपील को स्वीकार कर लागू किया जाए, तो साल भर में 11.5 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। यह बहुत बड़ी राशि है। यदि काफिला छोटा कर तेल बचाया जाता रहा, तो साल भर में करीब 91,250 लीटर डीजल बचेगा। इस तरह 1 करोड़ रुपए की बचत की जा सकेगी। यह शोशेबाजी, रुतबेबाजी अब छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध से उपजे संकट भारत की दहलीज तक आ गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक सार्वजनिक मंच से कहा है कि यदि ईरान युद्ध जारी रहा और लंबा खिंचा, तो सरकार को पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ाने पड़ेंगे। रसोई गैस का सिलेंडर भी महंगा होगा, क्योंकि ये सभी आयातित हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी बड़े दुखी अंदाज में खुलासा कर रहे हैं कि देश की तेल कंपनियों को 1000 करोड़ रुपए हररोज का औसतन घाटा झेलना पड़ रहा है। युद्ध के 75 दिनों में यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। निश्चित है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। बुधवार को कच्चे तेल के दाम 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए थे। हालांकि युद्ध के इस अंतराल में 98 देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ चुके हैं। 40 देशों को तेल से जुड़े प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। अमरीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, रूस समेत वियतनाम, फिलीपींस, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड आदि देशों को पेट्रो उत्पादों की राशनिंग करनी पड़ी है और कई प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। भारत ने इन 75 दिनों में यह बोझ अपनी जनता पर पडऩे नहीं दिया है, यह बहुत महत्वपूर्ण है। अब संकट बढ़ता जा रहा है, तो शुरुआत बचत से की जा रही है।

संकट में संयम की अपील

रोहित माहेश्वरी

खाड़ी युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। ऐसे सवाल यह है कि क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डेवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है।

दरअसल युद्ध और होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा-संकट दुनिया भर में है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हर रोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा, सरकार को खाद पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों को देनी पड़ रही है। नतीजतन बुनियादी ढांचे और विकास पर किया जाने वाला पूंजीगत खर्च कम करना पड़ रहा है। चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। तमाम आयातों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यह 'अकाल' हम 1990-92 के दौर में झेल चुके हैं, जब देश का 67 टन सोना गिरवी रखना पड़ा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के 'दान' के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरुआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं।

डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 'रुपए' में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय 'रुपया' दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे 'राष्ट्रीय सुरक्षा' से जोड़ कर आंका जा रहा है। निस्संदेह, हालात काफी दिनों से चुनौतीपूर्ण बने हैं, रुपये में तेज गिरावट व महंगे कच्चे तेल के आयात की वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार काफी दबाव में रहा है। आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि इस घोषणा के लिये विधानसभा चुनाव परिणामों का इंतजार क्यों किया गया। कुछ लोगों का मानना है कि सत्ता शीर्ष से किया गया आह्वान कई बार देश में असुरक्षा बोध पैदा करता है, जिसका नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। दरअसल, इससे कृत्रिम संकट पैदा करने वाले तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। इससे चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी को भी बढ़ावा मिलता है। इसमें दो राय नहीं कि देश बड़ी मात्रा में कच्चा तेल व सोना आयात करता है। जाहिर बात है जब इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ती हैं तो इन दोनों के कारण भारी दबाव देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

आयरन, जिंक और सेलेनियम जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व, जिन्हें अक्सर तंत्रिका पोषक तत्व कहा जाता है, स्वस्थ मस्तिष्क विकास और कार्य के लिए आवश्यक हैं। फिर भी आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बयां करते हैं। अकेले आयरन की कमी भारत में पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 50% बच्चों को प्रभावित करती है (एनएफएचएस-5)। पांच वर्ष से कम आयु के 67.1% बच्चों में एनीमिया दर्ज किया गया, जो पिछले सर्वेक्षण से अधिक है। 12-59 महीने की आयु के बच्चों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि विश्लेषण सहित हाल के साक्ष्यों से पता चला है कि 60% से अधिक बच्चों में एनीमिया के साथ या उसके बिना सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी थी।

भारत के बच्चों को भोजन के अलावा भी और चीजों की आवश्यकता

कुछ समय पहले मेरे क्लिनिक में पांच साल की एक बच्ची लाई गई। वह अपनी उम्र के बच्चों की तुलना में विकास के कई चरणों में पीछे लग रही थी। उसकी बोलने की गति धीमी थी और वह अपने हमउम्र बच्चों जितनी सक्रिय या जुड़ी हुई नहीं दिख रही थी। उसके विकास के आकलन में वह तीन साल की बच्ची के स्तर पर पाई गई। उसकी मां बहुत चिंतित थीं।

डॉ. सरथ गोपालन

बच्ची बीमार नहीं थी। कोई ऐसी बीमारी या निदान नहीं था जो इसकी वजह समझा सके। लेकिन जब हमने कोविड-19 के पिछले दो वर्षों के बारे में बात की, तो तस्वीर साफ होने लगी। लंबे लॉकडाउन के कारण स्कूल बंद रहे, वह ज्यादातर समय घर पर रही, खेल की जगह स्क्रीन ने ले ली और भोजन पहले की तुलना में अधिक साधारण और सीमित हो गया। उन शांत वर्षों में उसके मस्तिष्क को वह सब नहीं मिल पाया जिसकी उसे बढ़ने के लिए जरूरत थी। वह कोई अपवाद नहीं थी। अलग-अलग क्लिनिकों में बाल रोग विशेषज्ञ और विकास विशेषज्ञ एक ही तरह की स्थिति देख रहे थे-ऐसे बच्चे जो शारीरिक रूप से स्वस्थ थे, लेकिन विकास में पीछे रह गए थे। यह वायरस की वजह से नहीं था, बल्कि उसके बाद पैदा हुई परिस्थितियों की वजह से था।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मस्तिष्क का 90% विकास पांच वर्ष की आयु से पहले ही हो जाता है, जिससे प्रारंभिक वर्ष बच्चे के संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक भविष्य को आकार देने का सबसे बड़ा अवसर बन जाते हैं। इस दौरान बनने वाले तंत्रिका संबंध सीखने, भाषा, स्मृति और जीवन भर के लिए लचीलेपन को मजबूत करते हैं। इस अवधि में सही पोषण प्राप्त करना सबसे शक्तिशाली निवेशों में से एक है जो हम कर सकते हैं। आयरन, जिंक और सेलेनियम जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व, जिन्हें अक्सर तंत्रिका पोषक तत्व कहा जाता है, स्वस्थ मस्तिष्क विकास और कार्य के लिए आवश्यक हैं। फिर भी आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बयां करते हैं। अकेले आयरन की कमी भारत में पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 50% बच्चों को प्रभावित करती है (एनएफएचएस-5)। पांच वर्ष से कम आयु के 67.1% बच्चों में एनीमिया दर्ज किया गया, जो पिछले सर्वेक्षण से अधिक है। 12-59 महीने की आयु के बच्चों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि विश्लेषण सहित हाल के साक्ष्यों से पता चला है कि 60% से अधिक बच्चों में एनीमिया के साथ या उसके बिना सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी थी। यह अकेले हीमोग्लोबिन की संख्या से कहीं अधिक व्यापक पोषण संबंधी अंतर की ओर इशारा करता है। डोकोसाहेक्सानोइक एसिड (डीएचए), एक ओमेगा-3 फैटी एसिड, मस्तिष्क की संरचना,

स्मृति निर्माण और दृश्य विकास में सहायक होता है। कोलीन, एक अन्य आवश्यक पोषक तत्व, अब मस्तिष्क के विकास के लिए अनिवार्य माना जाता है। जब माताएं गर्भावस्था के दौरान कोलीन का सेवन करती हैं, तो यह स्वस्थ जीन गतिविधि और कोशिका संरचना, तथा मस्तिष्क के प्रमुख क्षेत्रों - जिनमें स्मृति और चिंतन के लिए जिम्मेदार क्षेत्र शामिल हैं - के विकास में सहायक होता है। ये पोषक तत्व बच्चे के आहार में वैकल्पिक नहीं हैं, बल्कि उनकी क्षमता के लिए मूलभूत हैं।

बच्चे के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण पोषण संबंधी हस्तक्षेप जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। मस्तिष्क का विकास भ्रूण अवस्था में ही शुरू हो जाता है, और मां की पोषण स्थिति सीधे तौर पर उस तंत्रिका आधार को आकार देती है जिससे बच्चा जन्म लेता है। डीएचए गर्भ में तंत्रिका संपर्क को सहारा देता है; गर्भावस्था के दौरान आयरन और फोलिक एसिड का सेवन कम जन्म वजन और विकास में देरी के जोखिम को कम करता है। फिर भी, भारत में केवल 44% गर्भवती महिलाओं ने अनुशंसित 180 या उससे अधिक दिनों तक आयरन-फोलिक एसिड सप्लीमेंट का सेवन किया (एनएफएचएस-5), जो एक बहुत बड़ा और लक्षित करने योग्य अवसर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि किशोरियों में निवेश करना अगली पीढ़ी में निवेश करना है। एक स्वस्थ लड़की स्वस्थ मां बनती है, और एक स्वस्थ मां अपने बच्चे को सर्वोत्तम संभव शुरुआत देती है। भारत में 59% किशोरियों में एनीमिया की समस्या है, इसलिए स्कूलों, सामुदायिक कार्यक्रमों और लक्षित पूरक आहार के माध्यम से इस समूह को प्राथमिकता देना संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा में प्रभावी उपायों में से एक है।

हालांकि पोषण महत्वपूर्ण है, मस्तिष्क के विकास के लिए दो समानांतर इनपुट आवश्यक हैं: पर्याप्त पोषण और भावनात्मक-सामाजिक उत्तेजना। महामारी ने इसे सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। यूनिसेफ का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर सात में से एक बच्चे ने कोविड-19 के दौरान विकास या सीखने में महत्वपूर्ण हानि का अनुभव किया, जो मुख्य रूप से बीमारी के कारण नहीं, बल्कि साथियों के साथ मेलजोल, बातचीत और खेल की कमी के कारण हुआ। स्क्रीन ने मानवीय संपर्क का स्थान ले लिया, और भाषा, शारीरिक और सामाजिक विकास प्रभावित हुआ। संवेदनशील देखभाल, मौखिक संवाद, स्पर्श संबंधी जुड़ाव और एक उत्तेजक वातावरण तंत्रिका तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और स्वस्थ मस्तिष्क संरचना के लिए आवश्यक हैं। प्रारंभिक बचपन के कार्यक्रम जो पोषण संबंधी सहायता और विकासात्मक उत्तेजना दोनों को एकीकृत करते हैं, ऐसे परिणाम देते हैं जो इनमें से कोई भी अकेले प्राप्त नहीं कर सकता। भारत की कार्यक्रम संरचना इस पर अमल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। पोषण अभियान और पीएम पोषण जैसे कार्यक्रम पहले से ही देश भर में लाखों माताओं और छोटे बच्चों तक पहुंच रहे हैं। पोषण पखवाड़ा जैसी पहल पोषण के इर्द-गिर्द निरंतर, सामुदायिक स्तर पर लामबंदी की शक्ति को दर्शाती है। वितरण संरचना, जिसमें आंगनवाड़ी नेटवर्क, अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी और सामुदायिक स्तर पर पहुँच शामिल है, स्थापित है। अब अवसर यह है कि इस ढांचे से मिलने वाले लाभों को और अधिक बढ़ाया जाए। उचित प्रशिक्षण और सहयोग से, वे शारीरिक विकास पर नज़र रखने से लेकर माता-पिता को प्रारंभिक प्रोत्साहन, संवेदनशील देखभाल और बाल विकास प्रथाओं पर मार्गदर्शन देने तक अपनी भूमिका का विस्तार कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के नर्चरिंग केयर फ्रेमवर्क को एकीकृत करना, जो पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल को एक सुसंगत इकाई में जोड़ता है, इस विकास के लिए एक स्पष्ट और वैज्ञानिक रोडमैप प्रदान करता है।

पेपर लीक के दोषियों को मिले कड़ी सजा

एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से पांच में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। इनमें जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापस लेने पड़े थे। मांग है कि एनटीए को केंद्रीयकृत करने के बजाय संसद के प्रति जवाबदेह बनाया जाए। वहीं एनटीए कह रहा है कि छात्रों को नया आवेदन नहीं करना होगा, न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लगेगा। यह भी कि एनटीए अपने संसाधनों का प्रयोग करके दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी।

मेडिकल और डेंटल कोर्सेज में दाखिले के लिए तीन मई को नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट परीक्षा 2026 परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब पौने तेईस लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। ये परीक्षाएं देश के 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में 5400 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी गयी है। वास्तव में, पेपर लीक होने के आरोपों के बाद जांच एजेंसियों की सिफारिश पर परीक्षा रद्द की गई है। केंद्र सरकार

डॉ. ओपी त्रिपाठी

ने कथित रूप से डेटा लीक और धांधली की व्यापक जांच के लिए सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कहा है कि व्यवस्था में विश्वास बहाली के लिए फिर से परीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। कहा जा रहा है कि एनटीए ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा निष्कर्षों की प्रारंभिक जांच के आधार पर परीक्षा स्थगन का फैसला लिया।

बेशक, इस फैसले ने उन लाखों छात्रों को निराश ही किया है जो महीनों से परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब उन्हें नये सिरे से परीक्षा की तैयारी करनी होगी। नीट प्रवेश परीक्षा स्थगित किए जाने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने एनटीए व केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोले हैं। कहा जा रहा है कि एनटीए में सुधार नहीं, अब पूरी संरचना बदलने की जरूरत है। एक संसदीय समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनटीए के बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है। राजनेता पीपर लीक व प्रश्नपत्रों में गलती सामने आने को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बता रहे हैं। साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली को बदलने की मांग की जा रही है। साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर शंका जतायी जा रही है।

वहीं कांग्रेस का आरोप है कि एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से पांच में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। इनमें जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापस लेने पड़े थे। मांग है कि एनटीए को केंद्रीयकृत करने के बजाय संसद के प्रति जवाबदेह बनाया जाए। वहीं एनटीए कह रहा है कि छात्रों को नया आवेदन नहीं करना होगा, न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लगेगा। यह भी कि एनटीए अपने संसाधनों का प्रयोग करके दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। साथ ही एनटीए ने परीक्षा में गड़बड़ी की जवाबदेही स्वीकारी है। चिंता इस बात की भी है कि परीक्षाओं की पवित्रताओं पर चोट पहुंचाने वाले पारदर्शिता का दावा करने वाले सिस्टम में भी सेंध लगाने से नहीं चूकते।

दरअसल, आरोप है कि नीट का पेपर 'क्वेश्चन बैंक' के जरिये लीक किया गया, जिसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के तीन से ज्यादा सवाल थे। जिसमें आधे हूबहू परीक्षा में आए। आशंका है कि सोशल मीडिया के जरिये ये प्रश्नपत्र लाखों तक पहुंचे। हालांकि, इस मामले का खुलासा सीकर से हुआ, लेकिन कहते हैं कि पेपर पहले केरल से एक मई को आया और उसके तार नासिक से लेकर उत्तराखंड तक जुड़े थे। एनटीए ने कहा है कि सात मई की रात एक व्हिसलब्लोअर से उन्हें पेपर लीक की सूचना मिली। बताते हैं कि सीकर के एक पीजी संचालक ने पेपर लीक की सूचना पुलिस को दी। कालांतर में पेपर से जुड़ी ऑनलाइन चैट वायरल हो गई। एनटीए द्वारा जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपने के बाद एक दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए। वस्तुतः यह सिर्फ एक परीक्षा ही रद्द नहीं हुई है, उन सपनों को भी गहरी चोट पहुंची है जो लाखों बच्चों के मन में पल रहा था। यह सपना था डॉक्टर बनने का। देश के लाखों बच्चे नीट की तैयारी को युद्ध की तरह लड़ते हैं। सुबह से रात तक किताबों में डूबे रहना, दोस्तों से दूरी, त्योहारों पर खुशियों का त्याग, मानसिक दबाव और लगातार बढ़ती प्रतियोगिता। इन सब के बीच यह पढ़ाई इन बच्चों के जीवन का कठिन दौर होता है। ऐसे में जब परीक्षा में सफलता की उम्मीद लगाए बच्चों को परीक्षा रद्द होने की खबर मिलती है तो उनके भीतर सिर्फ निराशा का भाव ही नहीं बल्कि पूरे सिस्टम के प्रति अविश्वास पैदा होता है। यह तो जांच में सामने आएगा कि आखिर नीट जैसी महत्त्वपूर्ण परीक्षा से पहले ही गेस पेपर में बड़ी संख्या में सवालों के मिलने व परीक्षा रद्द होने के बाद बच्चों को यह मानसिक आघात पहुंचाने के जिम्मेदार कौन हैं? लेकिन इस फैसले के बाद बच्चों और उनके परिवारों के मन में उठ रहे भावों को मापने का पैमाना शायद किसी एजेंसी के पास नहीं है।

कितने ही बच्चों में अवसाद की स्थिति पैदा हो सकती है तो कितनों ही के मन में यह धारणा भी बन सकती है कि ईमानदारी से मेहनत करने का कोई मूल्य नहीं है। इस त्रासदी का दूसरा चेहरा उन अभिभावकों का है जिनके लिए एक परीक्षा केंद्र तक बच्चे को भेजना संघर्ष था। किसी ने खेत गिरवी रखे होंगे, किसी ने उधार लिया होगा, तो किसी ने अपनी जरूरतें कम की होंगी ताकि बच्चा कोचिंग कर सके। गांवों से निकलकर बड़े शहरों तक पहुंचने वाले इन बच्चों के पीछे सिर्फ महत्वाकांक्षा नहीं, पूरे परिवार का त्याग होता है। यह विडंबना ही है कि भ्रष्टाचार के बाजार में लाखों छात्रों की मेहनत और सपने नीलाम हो रहे हैं। कुछ लोग लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण के भी आरोप लगा रहे हैं। तभी कई बार नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बावजूद किसी को बड़ी सजा अब तक नहीं मिली है। यही वजह कि नीट परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट में बदलने की मांग की जा रही है क्योंकि पेन-पेपर मोड में पेपर लीक होने की ज्यादा आशंका रहती है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा को सुरक्षित व पारदर्शी बताया जा रहा है। साथ ही पारदर्शी जांच व जवाबदेही तय करने की बात कही गई है। सवाल स्टाफ की आउटसोर्सिंग को लेकर भी उठे हैं। परीक्षाएं हाइब्रिड परीक्षा मॉडल के साथ ऑनलाइन कराने की भी मांग है। इस बीच एनटीए ने परीक्षा की नयी तारीख का ऐलान कर दिया है। पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2024 बनाया था। नीट जैसे मामलों में ये सीधे लागू होता है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता के तहत भी मामला दर्ज किया जाता है। इसके तहत सामान्य पेपर लीक करने वाले आरोपी पर दोष सिद्ध होने पर 3 से 5 साल तक की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर आरोपी गिरोह के तौर पर काम करता है। तो उसे 5 से 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये तक जुर्माना भरना पड़ सकता है।

ग़ज़ल नामा: सुहैल काकोरवी की फ़नकाराना काविश

ज़ाहिर है कि न कोई किताब हर एक के पास पहुँच पाती है, न हर सुख़नवर से हर सुख़न-शनास मुतास्सिर होता है। दुनिया बहुत बड़ी है और चेहरों का एक हुजूम है। वहीं सर-ज़मीन-ए-लखनऊ में एक बाकमाल शायर, अदीब और दानिशवर सुहैल काकोरवी हैं। इस बार हमारे सामने उनका मजमुआ 'ग़ज़ल नामा' आ गया, जो नए तजुर्बों का कामयाब मजमुआ है। इस हवाले से उनकी किताबें 'ओम नामा', 'गुल नामा' और 'नीला चाँद' हैं, जिनकी शोहरत के डंके बज चुके हैं। कौन बड़ा शायर है जिसने ग़ज़ल नहीं कही, लेकिन सुहैल काकोरवी ने मुकम्मल 'ग़ज़ल नामा' तहरीर किया, जिसमें उनकी फ़नकारी का जौहर यूँ दरख़्शंदा है कि उन्होंने 'ग़ज़ल' को अज़-अव्वल ता-आख़िर रदीफ़ बनाया। मुख़्तलिफ़ क़वाफ़ी और बहूर में कही ग़ज़लें शामिल कीं, लेकिन हर शे'र में क़ाफ़िया का रदीफ़ से बिला शिरकत-ए-ग़ैरे इत्तिसाल (जुड़ाव) है। यानी क़ाफ़िया और रदीफ़ के दरमियान कोई लफ़्ज़ बरा-ए-मददगारी नहीं रखा गया है। यह आसान काम नहीं था, लेकिन सुहैल साहब की क़ादिर-उल-कलामी ने इसे मुमकिन बना दिया।

डॉ. परवीन शुजात

दूसरा क़ाबिल-ए-ज़िक्र पहलू यह है कि उन्होंने ग़ज़ल के अज्ज़ा-ए-लाज़मी जैसे– रदीफ़, क़ाफ़िया, बहर–इन सबको रदीफ़ बनाकर ग़ज़लें कह दीं और मज़कूरा अज्ज़ा-ए-तर्कीबी से ग़ज़ल की तश्कील का जो निज़ाम है, उसकी इशारात और किनायात से निशान-दही की। और सफ़हात में बा-सद इश्तियाक़ जब हम आगे बढ़ते हैं, तो इन मौज़ूआत पर ग़ज़लें दिखाई देती हैं जो पैहम ग़ज़ल में आते हैं, और वो हैं–इश्क़, दिल, दिमाग़। रदीफ़ के वसीले से मौज़ू बनाया और इन मौज़ूआत में भी क़वाफ़ी का बराह-ए-रास्त रब्त रदीफ़ से है।

बुलंद-पाया सहाफ़ी शकील शम्सी ने अपने मुक़द्दमा का उनवान ही दिया है–'ग़ज़ल नामा या कारनामा'। प्रोफ़ेसर शबीब अनवर अलवी ने उनसे क़ल्बी रवाबित का ज़िक्र किया और 'ग़ज़ल नामा' की खूबियों पर ग़ायराना निगाह डाली और किताब की क़द्र-ओ-क़ीमत वाज़ेह की। शायर और मोतबर अदीब मख़मूर काकोरवी का भी किताब में दीबाचा के तौर पर मज़मून है, जिसमें सुहैल काकोरवी के क़ाबिल-ए-ज़िक्र अदबी कामों का बहुत खुलूस से जायज़ा लिया गया है और उनका मज़मून किताब हासिल करने और इसके मुताला का शौक़ जगाता है।

जिन अशआर ने बेसाख़्ता मुतास्सिर किया वही तब्सिरे में शामिल किए जा रहे हैं, वरना हर शे'र ग़ज़ल का लतीफ़ अफ़साना है। यही ग़ज़ल का हुस्न है कि इसका हर शे'र अपने में एक अलग कहानी का इज्माल रखता है। तहसीनी मज़ामीन के बाद 'बहर' रदीफ़ बनी है और वही आग़ाज़ है:

जज़्बात से मिलती है तो करती है वफ़ा
बहर- बुनियाद-ए-ग़ज़ल गोई है और इसकी
अदा बहर -अगलों ने सुहैल इसके ज़वाबित
जो किए तय
करती नहीं जाइज़ कभी कुछ इसके सिवा
बहर

हर क़ाफ़िया रफ़ीक़ मेरा मेहरबाँ रदीफ़ -
अल्फ़ाज़ जिस्म, नाज़-ए-ग़ज़ल और जाँ
रदीफ़ - ख़रमन जला था शर का यही चाहता
था मैं

मिसरा बरा-ए-ख़ैर था बर्क़-ए-तपाँ रदीफ़
थी गुल रदीफ़ और चमन-ज़ार क़ाफ़िया
निखरी ग़ज़ल जो इसमें था दिलदार क़ाफ़िया
जागा वो ख़ाब-ए-नाज़ से गूँजा वो मेरा शे'र

मैंने किया था सर्फ़ जो बेदार क़ाफ़िया
: अब आते हैं पैहम ग़ज़ल का हुस्न निखारने वाले लफ़्ज़ जो रदीफ़ बने हैं, वो ग़ज़ल का वक़ार भी हैं और आबरू भी। सबसे पहले दिल की धड़कनें ग़ज़ल से हम-आहंग हैं:

वो यार है हसीन तो उसका हसीन दिल
है आशिक़ी में उसका बहुत ही मतीन दिल

तब्दीलियों में क़ल्ब के मतलब हैं आशकार अंदाज़ में वो जब भी मिले है नवीन दिल

(क़ल्ब के मायने तब्दीली हैं, हिंदी लफ़्ज़ 'नवीन' ब-मायने 'नया', क्या खूब शे'र बना है) इसके बाद 'दिमाग़', जिसमें अक़्ल का मस्कन है, रदीफ़ बनता है और वही जब फ़आल हो, आला शायरी वजूद में आती है:

जब मेरे अज़्म-ए-इश्क़ से उलझा मेरा दिमाग़
झुँझलाया मेरे दिल पे मेरा हारा हुआ दिमाग़
वो हुस्न-ए-दिलनवाज़ दलीलों से है बुलंद
मंतिक़ को छोड़कर हुआ उस पर फ़िदा दिमाग़, इज़हार मैंने उससे मोहब्बत का अब किया
सूरत पे उसकी जबकि नज़र आ गया दिमाग़

इश्क़ तो ग़ज़ल को अपनी गिरफ़्त में ले लेता है और मौलाना रूम फ़रमाते हैं: शाद बाश ऐ इश्क़-ए-ख़ुश सौद-ए-मा ऐ तबीब-ए-जुमला इल्लत-हा-ए-मा वो इस नतीजे पर पहुँचते हैं कि तमाम इल्लतों का दरमाँ

सड़कों पर डटेगी ईटीएफ टीम अतिक्रमण पर कसा शिकंजा

अवधनामा संवाददाता

वृंदावन (मथुरा)। मथुरा-वृंदावन नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त के नेतृत्व एवं अपर नगर आयुक्त के आदेशानुसार प्रवर्तन दल द्वारा वृंदावन के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संयुक्त चिकित्सालय से अटल्ला चुंगी, विद्यापीठ बिहारी जी मंदिर, इस्कॉन मंदिर, पापड़ी चौक, रमणरेती, जुगलघाट तथा वीआईपी गेट तक सड़कों और मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी की गई 22 रेडियों को पकड़कर कार्रवाई की गई तथा मार्गों को पूरी तरह साफ कराया गया।

वृंदावन में सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा अभियान, 22 रेडी पकड़ी गईं

टीम ने दुकानदारों और रेडी संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

प्रवर्तन दल के प्रभारी कर्नल आरके सिंह ने बताया कि नगर निगम को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि शाम के समय मुख्य मार्गों पर बड़ी संख्या में धकेल एवं रेडियां लग जाने से यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है तथा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्णय लिया गया है कि वृंदावन में प्रवर्तन दल की टीम अब सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक क्षेत्र में लगातार मौजूद रहेगी और अतिक्रमण करने वालों पर नजर रखेगी।

उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में यह अभियान पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जा रहा है और आगामी दिनों में वृंदावन के घाटों पर लगी अवैध धकेलों एवं अस्थाई अतिक्रमणों के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य अधिक मास एवं आगामी धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन और बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

अभियान के दौरान प्रवर्तन दल टीम, नगर निगम कर्मचारी मौजूद रहे। नगर निगम प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि वृंदावन की सड़कों, परिक्रमा मार्गों और घाटों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महिला व्यापार मंडल के 15 दिवसीय शैक्षणिक शिविर शुरू

अवधनामा संवाददाता

बिंदकी/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (कंछल गुट) महिला इकाई नगर बिंदकी द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शैक्षणिक शिविर का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के लंका रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया।

शिविर का शुभारंभ हवन-पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महिला व्यापार मंडल की नगर अध्यक्ष स्वाती ओमर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों के स्किल और हुनर को विकसित करना है। उन्होंने बताया कि शिविर में इंग्लिश स्पीकिंग, हैंडराइटिंग, डांस, मेहंदी डिजाइन, होम डेकोरेशन, वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाना, बैग, मोबाइल कवर, रोटी कवर, टेबल हैंगिंग, साड़ी कवर बनाना, प्राथमिक ब्यूटीशियन कोर्स, पेंटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राधा साहू, डॉ. राजेश गुप्ता उर्फ राजा भैया, अनूप अग्रवाल, गोवर्धन गुप्ता, रिंकू तिवारी, संजय अग्रवाल, संगीता गुप्ता, बीके सीता, बीके दिव्या, सुशील कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान महिला व्यापार मंडल की महामंत्री किरण सोनी, उपाध्यक्ष डाली गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीपिका ओमर, कंचन ओमर, डॉ. सुमन श्रीवास्तव, स्वर्णिम, उमा एवं रेखा गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

आईजीआरएस पर अवैध वसूली का अवैध निस्तारण, अभिवावक त्रस्त अधिकारी मस्त

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। विद्यालयों में अवैध वसूली की पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गजब निराले ढंग से निस्तारण करने में माहिर हैं जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय। जानकार बताते है कि नवीन सत्र प्रारंभ हुए एक माह से अधिक गुजर चुका है लेकिन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ने एक भी एडेड, वित्त विहीन ओर राजकीय विद्यालय का निरीक्षण करना उचित नहीं समझा है । विधालयों से लगातार अवैध रूप से वसूली की लगातार शिकायतें की जा रही है कुछ शिकायतें पोर्टल पर दर्ज कराई गई है । एडेड, राजकीय में विद्यालयों में कक्षा 8 तक शुल्क माफ है उसके बाबजूद विद्यालयों द्वारा अवैध रूप से शुल्क लिया जा रहा है वही दूसरी ओर कक्षा 9 से 12 तक शासनादेश के अनुसार शुल्क 250 छमाही निर्धारित है जिसकी रसीद नियमनुसार विद्यालयों

सख्त जेडी के गजब निराले उनके अधीनस्थ

द्वारा विद्यार्थियों को देनी चाहिए और रसीद देने की पावती रिकॉर्ड में रखनी चाहिए उसका भी पालन शायद कोई विधालय कर रहा होगा। अधिकतर विद्यालयों में टी सी, नवीन प्रवेश के नाम पर 50 रुपए से लेकर 250 रुपये ताज लिए जा रहे हैं। किसी भी एडेड, राजकीय माध्यमिक विद्यालय में शासनादेश के अनुसार लिए जाने वाले शुल्क का विवरण विद्यालयों की दीवार पर प्रदर्शित नहीं किया गया है। वही दूसरी ओर आईजीआरएस पोर्टल पर अवैध वसूली धन की मिली शिकायतों पर उचित निस्तारण न कर विभाग ने सार्वजनिक रूप से सभी शिकायतों का निस्तारण दिनांक 12/5/26 को पत्र निर्गत करके निस्तारण करते हुए अपनी मंसा को स्पष्ट कर दिया है जिससे विद्यालय संचालकों को खुली लुट करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। जबकि कुछ दिनों पूर्व अपने सख्त रवैया के लिए जाने वाले सयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा भी जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय को नहीं सुधार पा रहे हैं जिस प्रकार आगरा में ताबड़तोड़ एक्शन लेते हुए पटल सहायको के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की मथुरा में वह देखने को नहीं मिल रही हैं।

- **शासनादेश द्वारा निर्धारित शुल्क वाल राइटिंग कर प्रदर्शित करना हो अनिवार्य :** अभिभावकों का कहना है कि यदि एडेड ओर राजकीय माध्यमिक विद्यालय शासनादेश के अनुसार लिया जाने वाले शुल्क को विद्यालय की दीवार पर पेंट से प्रदर्शित करने के आदेश संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा और जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा सभी प्रिंसिपलों को कर देते है तो कुछ रोकथाम हो सकती हैं जो विधालय दीवार पर प्रदर्शित नहीं करते है तो उन विद्यालय के प्रधानाचार्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

जलनिधियों, नदियों और यमुना मैया की पीड़ा पर हुआ विचार-विमर्श

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। खागा नगर सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित के आवास पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ से पधारे प्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक आचार्य डॉ. चन्द्रांशु जी महाराज का आगमन हुआ। इस दौरान नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक लोगों ने उनका स्वागत किया।

आचार्य डॉ. चन्द्रांशु जी महाराज ने धर्मेंद्र दीक्षित के परिवार से मुलाकात कर उनके पिता एवं भतीजे के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने परिवार को दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर पर्यावरण पहरूवा एवं बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने आचार्य जी से आग्रह किया कि वे अपनी कथाओं एवं प्रवचनों में प्रकृति, पर्यावरण, नदियों, तालाबों, झीलों और यमुना मैया की पीड़ा को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने कहा कि आज नदियां प्रदूषण और अतिक्रमण की समस्या से जूझ रही हैं, जबकि गांवों के पारंपरिक तालाब और जलस्रोत लगातार समाप्त होते जा रहे हैं।

मिशन शक्तिः महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति 5.0 (फेज-2)' अभियान के तहत जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रमों के तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न ग्राम चौपालों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण के प्रति जागरूक किया। शुक्रवार को अभियान के अंतर्गत टीमों ने बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, अधिकारों की सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

ट्रैफिक की पाठशाला में छात्राओं को पढ़ाया गया सड़क सुरक्षा का पाठ

अवधनामा संवाददाता

खागा/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशानुसार शुक्रवार को गणेश शंकर विद्यार्थी बालिका इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर घोष में 'ट्रैफिक की पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य नसरीन सिद्दीकी एवं उप निरीक्षक दिलीप यादव थाना सुल्तानपुर घोष की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक दिलीप यादव ने छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सभी यह संकल्प लें कि स्वयं सुरक्षित यात्रा करेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर त्रिवेणी संगम हाईवेज के वरिष्ठ सीएसआर एवं सुरक्षा प्रबंधक फिरोज़ ख़ान ने कहा कि अपने परिवार की सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रत्येक अभिभावक की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि

सड़क पर थोड़ी सी सतर्कता अपनाकर हम जीवन और पैसों की बर्बादी से बच सकते हैं : नसरीन सिद्दीकी

तेज रफ्तार अपनों की जान की सबसे बड़ी दुश्मन है, इसलिए वाहन की गति नियंत्रित रखें तथा स्वयं भी हेलमेट पहनें और अपने परिवार को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्रधानाचार्य नसरीन सिद्दीकी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं और अपनी जीवनभर की बचत इलाज एवं रिकवरी में खर्च कर देते हैं। सड़क पर थोड़ी सी सतर्कता अपनाकर हम जीवन और पैसों की बर्बादी से बच सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

विधायक गौरी शंकर ई-रिक्शा से पहुंचे कार्यक्रम में

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा का एक वीडियो इस समय उरई और जालौन में चर्चा का विषय बना हुआ है। आमतौर पर गाड़ियों के काफिले में नजर आने वाले सदर विधायक इस बार ई-रिक्शा में सफर करते दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि भाजपा के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विधायक ई-रिक्शा से पहुंचे। जैसे ही लोगों ने उन्हें ई-रिक्शा में देखा, वीडियो बनाना शुरू कर दिया और कुछ ही देर में यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। स्थानीय लोगों के बीच इसको लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कई लोग इसे सादगी और ईंधन बचत का संदेश बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने से जोड़कर देख रहे हैं। विधायक ने कहा कि अगर जनप्रतिनिधि खुद साधारण और इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेंगे, तो आम जनता भी प्रेरित होगी।

डीएम-एसपी की अनोखी पहल, हटाई एस्कॉर्ट गाड़ियां...

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। में जिला प्रशासन ने एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल करते हुए बड़ा संदेश दिया है। जनपद के डीएम राजेश कुमार पाण्डेय और एसपी विनय कुमार सिंह ने अपनी सुरक्षा में लगी एस्कॉर्ट गाड़ियों को हटाकर ईंधन बचाने का संदेश दिया। देश के प्रधानमंत्री की अपील के बाद डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने खुद पहल करते हुए कलेक्ट्रेट के पास स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी से पैदल कलेक्ट्रेट तक आने की अपील अधिकारियों से की। डीएम ने कहा कि ईंधन बचाना समय की जरूरत है और इसकी शुरुआत हम सभी को खुद से करनी होगी। वहीं एसपी विनय कुमार सिंह ने भी अपनी सुरक्षा में लगी गाड़ी हटाकर प्रशासनिक अधिकारियों के सामने मिसाल पेश की। डीएम और एसपी की इस पहल की जनपद में जमकर चर्चा हो रही है। लोगों का कहना है कि अगर अधिकारी खुद आगे आकर ऐसे कदम उठाएंगे तो आम जनता भी निश्चित रूप से प्रेरित होगी। पूरा मामला जालौन मुख्यालय उरई स्थित डीएम और एसपी कार्यालय से जुड़ा है, जहां दोनों अधिकारियों ने सादगी और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए बड़ा संदेश दिया है।

एसडीएम की पहल, गांव की समस्या के लिए बनाया व्हाट्सएप ग्रुप

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। एसडीएम द्वारा एक नवाचारी पहल की गई है। तहसील क्षेत्र के दोनों ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लिए अलग अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें गांव का कोई भी व्यक्ति जुड़कर अपनी समस्या रख सकता है। उसकी समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। एसडीएम रिंकू सिंह राही ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह पहल शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने कामों के लिए तहसील मुख्यालय तक न भागना पड़े। प्रशासन उनके पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को दूर करेगा। व्हाट्सएप ग्रुप में सभी विभागों के अधिकारियों को गांव के लोगों को जोड़ा जा रहा है। ग्रामीण सोशल मीडिया पर साझा की गई लिंक अथवा गांव के लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव आदि से मिलकर अपना नंबर अपने गांव के ग्रुप में जोड़ सकते हैं। यदि किसी ग्रामीण को कोई समस्या है तो साक्ष्य सहित अपनी शिकायत अपने गांव के ग्रुप में साझा कर सकता है।

जनगणना में पूर्ण सहयोग करें : मौलाना फैजान अशरफ़

सम्भल (अवधनामा संवाददाता)। सम्भल में जनगणना 2026-27 में पूर्ण सहयोग करें मौलाना फैजान अशरफ हामिदी जर्नल सेक्रेटरी तंज़ीम उलामाऐ अहले सुन्नत, जनपद सम्भल में भारत सरकार द्वारा जनगणना 2026 का महत्त्वपूर्ण कार्य शुरू होने जा रहा है। यह देश के विकास, योजनाओं और समुदाय के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।मैं पूरे समुदाय से अपील करता हूँ कि हम जिला प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करें। जनगणना अधिकारी जब आपके घर आएँ, तो उन्हें पूर्ण सहयोग दें। सही-सही और पूरी जानकारी दें। कोई भी तथ्य छुपाएँ नहीं।जनगणना क्यों जरूरी है?

क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रस्तावों को दी जाएगी प्राथमिकता: कमला यादव

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। नियामताबाद विकास खंड सभागार में बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख कमला यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं और क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

ब्लॉक प्रमुख कमला यादव ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा दिए गए प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

खंड विकास अधिकारी शाद अहमद ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने क्षेत्रों की समस्याओं को समय-समय पर अवगत कराते रहें, इससे उनका त्वरित और प्रभावी समाधान कराया जा सके। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है। बैठक में सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) धर्मेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकी) प्रमोद शर्मा, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) डॉ. संजय कुमार तथा सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) मनोज कुमार ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर लेखाकार अभिमन्यु सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य रीना देवी, पुष्पा देवी, विनोद यादव, अजय यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष बने शाहनवाज

संभल। केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक वैष्णेय मेडिकल स्टोर पर संपन्न हुई। जिसमें नूरियो सराय के शाह मेडिकोज के स्वामी मोहम्मद शाहनवाज आलम को केमिस्ट एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष चुना गया।

तहसील रोड पर स्थित वार्ष्णेय मेडिकल स्टोर पर केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में राहिल भारतीय ने नूरियो सराय निवासी शाह मेडिकोज के स्वामी मोहम्मद शाहनवाज आलम का नाम केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावित किया। जिसका अनुमोदन सागर मेडिकल स्टोर के स्वामी अनिल कुमार अग्रवाल ने किया। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार वार्ष्णेय ने मो. शाहनवाज आलम को संगठन के कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। अतुल त्यागी, श्यामशरण शर्मा, प्रियरत्न आर्य, अभिजीत पॉल आदि ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

स्वर्णिका ने 91 फीसदी अंक से विद्यालय में पाया पहला स्थान

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। एमएल कन्वेंट द स्पेस साइंसलैब स्कूल के छात्रों में 91 फीसदी अंकों के साथ स्वर्णिका ने नगर में टॉप किया।

सीबीएसई इंटीमीडिएट के परीक्षा परिणाम में एमएल कन्वेंट द स्पेस साइंसलैब स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें स्वर्णिका ने 91 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अपेक्षा निरंजन 87, आस्था 86, श्रेया पाठक 85, कृष्ण गुप्ता 85, निखिल 83 फीसदी अंकों के साथ पहले पांच स्थानों पर रहे। विद्यालय के 10 बच्चों ने 80 से 90 फीसदी अंक हासिल किए। 19 बच्चों ने किसी एक विषय में 95 से 100 फीसदी अंक प्राप्त किए। श्रेया पाठक और स्वर्णिका ने पेंटिंग में 100 अंक हासिल किए। इंग्लिश में सर्वाधिक 97 अंक अपेक्षा ने अर्जित किए। वंश ने फिजिकल एजुकेशन में 95 और श्रेया पाठक ने केमिस्ट्री में 92 अंक हासिल किया। विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मेधावियों को मिठाई खिलाकर और शील्ड देकर उन्हें सम्मानित किया। खास बात रही कि जूनियर छात्रों ने भी अपने इंटरमीडिएट में पास हुए छात्रों को माला पहनकर सम्मानित किया।

केसीसी बनवाने के लिए ब्लॉक में लगेगा कैंप

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। जनपद के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना से अधिकाधिक जोड़ने के उद्देश्य से जिले में 'केसीसी संतृप्तिकरण महा अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान 15 मई से 31 मई तक विकासखंड स्तर पर आयोजित होगा। यह जानकारी जिला अग्रणी प्रबंधक सुनील कुमार भगत ने दी है।

अभियान के दौरान विभिन्न बैंक शाखाएं किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा इससे मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी देंगी। साथ ही, पशुपालन एवं फसली ऋण खातों के नवीनीकरण पर भी विशेष जोर रहेगा। इस अभियान के अंतर्गत किसानों को समय से फसली ऋण चुकाने पर मिलने वाले ब्याज अनुदान की जानकारी भी दी जाएगी। इसके

किसानों को जोड़ने के लिए 15 से 31 मई तक चलेगा महाअभियान

अलावा, उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति भी जागरूक किया जाएगा, ताकि प्राकृतिक आपदाओं एवं फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को सुरक्षा मिल सके। जिला अग्रणी प्रबंधक ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को इस महाअभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़कर लाभान्वित करना है।

विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश

फतेहपुर। जनपद की वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने नई सड़कों के निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, सेतु निर्माण, धर्मार्थ कार्य, संपर्क मार्गों एवं निरीक्षण भवनों से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों से भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

जनप्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा वार दिए गए प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनहित एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावों को वरीयता प्रदान की जाए।

मेदांता के विशेषज्ञों ने रोबोटिक सर्जरी से किडनी कैंसर के उपचार में जगाई नई उम्मीद

अवधनामा संवाददाता

गुरुग्राम। राकेश एक व्यस्त जीवन जी रहे थे, जहां वे अपने काम और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस भागदौड़ में, वे अक्सर अपनी सेहत की अनदेखी कर देते थे। लेकिन एक दिन, उनकी पत्नी और बच्चों के लगातार अनुरोध पर, 48 वर्षीय राकेश ने अंततः नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला किया। परिणामों ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया - परीक्षणों से पता चला कि उनकी बाईं किडनी में एक छोटा ट्यूमर है, जो अंग की रक्त आपूर्ति के बेहद करीब स्थित है।

हालांकि, एक छोटी सी राहत की बात यह थी कि ट्यूमर का पता जल्दी चल गया था और वह बहुत छोटा था, और डॉक्टरों ने राकेश को एक ऐसी प्रक्रिया कराने का सुझाव दिया जिसमें केवल ट्यूमर को हटाया जाए, जिससे प्रभावित

न्यूजवीक ने 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल घोषित किया था

किडनी के स्वस्थ हिस्से को सुरक्षित रखा जा सके। सभी आवश्यक आकलनों के बाद, राकेश की रोबोटिक-सहायता प्राप्त पार्शियल नेफ्रेक्टोमी की गई, और कुछ ही दिनों के भीतर, वे आराम से चलने-फिरने में सक्षम हो गए और घर लौट आए। उनकी रिकवरी उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से हुई।

चिकित्सा प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति की बदौलत, गुरुग्राम स्थित मेदांता- द मेडिसिटी के अत्यधिक अनुभवी विशेषज्ञ, जिसे न्यूजवीक ने 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल घोषित किया था, किडनी सर्जरी सहित कई प्रकार की जटिल प्रक्रियाओं को करने के लिए रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करते है। किडनी कैंसर, जिसे रीनल सेल कार्सिनोमा (आरसीसी) के नाम से भी जाना जाता है, भारत में दस सबसे आम कैंसरों में से एक है, जिसमें हर साल लगभग 16,000-18,000 नए मामले सामने आते हैं। ट्यूमर के आकार और स्थान के आधार पर, डॉक्टर या तो पूरी प्रभावित किडनी को हटा सकते हैं (रेडिकल नेफ्रेक्टोमी) या किडनी के स्वस्थ हिस्से को सुरक्षित रखते हुए केवल ट्यूमर को हटा सकते हैं (पार्शियल नेफ्रेक्टोमी)।

मेदांता गुरुग्राम में यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के सीनियर डायरेक्टर और एचओडी, डॉ. पुनीत अहलूवालिया ने कहा, 'किडनी में ट्यूमर होने की बात सुनकर कई मरीज घबरा जाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी पूरी किडनी निकालनी पड़ेगी।'

ओवर लोडिंग के खिलाफ कार्रवाई से मचा हडकंप

अवधनामा संवाददाता

जालौन (उरई)। एसडीएम द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उरई जालौन मार्ग से तीन डम्पर पकड़े गए। जिनमें एक डंपर में आगे पीछे नंबर प्लेट नहीं थी तो एक डंपर ओवरलोड था। वहीं, एक डंपर का पीछा करने पर डंपर चालक बालू को सड़क पर ही गिराकर डंपर छोड़कर भाग गया। एसडीएम ने पकड़े गए डंपरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए खनन व परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

एसडीएम रिंकू सिंह राही द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान आज भी जारी रहा। अभियान के दौरान एसडीएम के साथ एसडीएम न्यायिक विशेश्वर सिंह द्वारा उरई रोड पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एसडीएम ने पाया एक डंपर जो दो दिन पहले ही पकड़ा

गया था और अगले दिन छोड़ा गया था, वह डंपर फिर से ओवरलोडिंग कर बालू की ढुलाई में लग गया। खनन अधिकारी ने इस डंपर पर 61480 रुपये का जुर्माना किया था। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं, आगे पीछे बिना नंबर प्लेट के बालू की ढुलाई में लगे दो डंपरों को पकड़ा गया। जब एसडीएम ने एक और डंपर को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। टीम ने जब डंपर का पीछा किया तो डंपर चालक ने रास्ते में ही बालू को गिरा दिया और डंपर छोड़कर भाग गया।

घरों के सामनें जमा गंदे पानी की बदबू से जीना हुआ दूभर

■ ईद उल अजहा त्योहार से पूर्व तालाब में तब्दील हुआ कब्रिस्तान, बारातघर के रास्ते में भरा पानी

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पंचायत समधन के आंशिक भाग इस्माइलपुर के मोहल्ला रामनगर में नालियों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। लगातार जाम और ओवरफ्लो हो रही नालियों के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों का निकलना एवं बारातघर में पहुंचना मुश्किल हो गया है। हालात इतने खराब हो गए कि सड़क पर बहता गंदा पानी कब्रिस्तान में जा घुसा, जिससे पूरा कब्रिस्तान तालाब में तब्दील हो गया। शुक्रवार को समधन नगर पंचायत के आंशिक भाग इस्माइलपुर के मोहल्ला रामनगर के स्थानीय लोगों तजन्ने खॉ, शमशाद खॉ, नईम खॉ, इशरत खॉ, हसीम खॉ आदि का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अनदेखी के चलते लंबे समय से नालियों की नियमित सफाई एवं गंदे जल के निकास का प्रबन्ध नहीं कराया गया है। जगह-जगह कूड़े के ढेर और सिल्ट जमा होने से पानी की निकासी बंद हो गई है। नतीजतन गंदा पानी बारातघर एवं घरों के सामने जमा हो रहा है और बदबू से लोगों का जीना दूभर हो गया है। साथ ही संक्रामक रोगों के पैर पसारनें का खतरा भी बना हुआ है। वहीं ईद उल अजहा त्योहार से पूर्व कब्रिस्तान में गंदा पानी भर जाने से लोगों में भारी नाराजगी है। नागरिकों ने बताया कि गंदा पानी भरने से कब्रिस्तान में आने-जाने में परेशानी हो रही है और धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं। बरसात के मौसम से पहले ही ऐसी स्थिति बनने से लोगों को आगे और ज्यादा परेशानी की आशंका सता रही है। मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन सहित नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल नालियों की सफाई कराने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने और कब्रिस्तान में भरे गंदे पानी को निकलवाने की मांग की है।

महिला थानाध्यक्ष ने दल बल के साथ पैदल भ्रमण किया

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से महिला थानाध्यक्ष सीमा पटेल ने पुलिस टीम के साथ पैदल गस्त कर नगर के मुख्य के मार्गों एवं धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

बीतीशाम महिला थानाध्यक्ष सीमा पटेल ने उप निरीक्षक अरविंद पांडेय, हेड कांस्टेबल मंतोष कुमार सहित पुलिस कर्मियों के साथ तिर्वा क्रासिंग, फूलमती मंदिर मकरंद नगर सहित नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल भ्रमण के दौरान बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल गश्त के दौरान महिला थानाध्यक्ष ने महिलाओं एवं छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों को चेतावनी दी गई। महिला थानाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाकर जब्तीकरण की कार्यवाही करें

■ डीएम ने सड़कों के किनारे कूड़ा, एवं सी एंड डी वेस्ट पाए जाने पर जताई कड़ी आपत्ति

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।'सड़कों के किनारे कूड़ा, एवं सी एंड डी वेस्ट पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर नियमानुसार निस्तारण तथा भविष्य हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में 'एक नगर-एक सरोवर' योजना के अंतर्गत एक सरोवर चिन्हित कर उसके संरक्षण, पुनर्जीवन एवं विकास की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए साथ सरोवर में सोलर लाइट, बैठने की व्यवस्था व पौधारोपण भी कराया जाए। बताया गया कि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को अधिसूचित किया है, जिससे 2016 के नियमों को प्रतिस्थापित किया गया है। 01 अप्रैल, 2026 से प्रभावी ये नियम शहरी और ग्रामीण दोनों स्थानीय निकायों में अपशिष्ट पृथक्करण तथा जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। स्रोत 'पर ही ठोस अपशिष्ट को चार श्रेणियों में अलग करना अनिवार्य किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को जनपद मे पूर्ण रूप् से प्रभावी किया जाए। बताया गया कि वन विभाग का 20 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित है तथा अन्य विभागों का लक्ष्य भी निर्धारित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि 15 दिनों के भीतर वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन पूर्ण कर लिया जाए, पूर्व वर्षों में लगाए गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्रों में खाली एवं अतिक्रमित भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वहां पार्क, सामुदायिक केंद्र जैसे जनोपयोगी कार्य विकसित किए जाएं। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, डीसी मनरेगा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अब टीबी मरीजों को उसी दिन मिलेगी जांच रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया के टीबी एवं स्वांस रोग विभाग में मरीजों को बेहतर एवं त्वरित जांच सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, देवरिया द्वारा मेडिकल कॉलेज को अत्याधुनिक चार चैनल की टूनाट मशीन उपलब्ध कराई गई है। इससे पूर्व विभाग में दो चैनल की मशीन कार्यरत थी, जिसके कारण जांच में अपेक्षाकृत अधिक समय लगता था। नई मशीन के संचालन से अब अधिक संख्या में मरीजों की जांच कम समय में हो सकेगी तथा अधिकांश मरीजों को उसी दिन रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सकेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएमओ कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई यह मशीन मरीजों के शीघ्र उपचार एवं संक्रमण नियंत्रण में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज देवरिया की प्रधानाचार्य डा रजनी पटेल ने की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है तथा नई मशीन से जांच व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

विशिष्ट अतिथि डा राजेश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा एचके मिश्रा ने नई मशीन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे टीबी रोग की समय से पहचान एवं उपचार में तेजी आएगी। जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में व्यवहार परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएं, वहां उसके प्रभाव एवं लोगों के व्यवहार में आए परिवर्तन का भी मूल्यांकन किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए महिला एवं बाल अपराधों में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि किसी भी निर्माण कार्य को सीधे न कराकर पीडब्ल्यूडी अथवा आरएलडी के माध्यम से कराया जाए। साथ ही बजट की उपलब्धता एवं व्यय का विवरण उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कन्या जन्मोत्सव, सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभाग की सभी योजनाओं में बेहतर प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, राजकीय बाल गृह (बालक), जिला प्रोबेशन कार्यालय, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना, बाल सेवा योजना कोविड से आच्छादित बच्चों हेतु लैपटॉप योजना, बाल सेवा योजना कोविड से आच्छादित बालिकाओं हेतु शादी अनुदान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर एवं बाल कल्याण कार्यालय का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, बाल कल्याण अधिकारी जे.पी. तिवारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सावित्री राय, अमित उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होने हमेशा किसानों के हितों व अधिकारों की रक्षा की : शमीम

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। किसानों के मसीहा स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर जलेसर गंगा नदी के किनारे प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में हवन पूजन कर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि चौधरी टिकैत ने हमेशा किसानो के हितों एवं उनके अधिकारों की रक्षा की है। कहा कि संघर्ष के योद्धा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों के हक की आवाज उठाने की बेमिसाल ताकत दी

शुक्रवार को क्षेत्र के जलेसर स्थित आश्रम में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधि विधान से हवन पूजन किया गया। इसके उपरांत किसानो की आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना सारा जीवन किसानों के हकों के लिए समर्पित कर दिया। स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत आज हमारे बीच भले ही ना हो लेकिन वह हम सभी के आदर्श हैं प्रेरणा स्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए हम सभी आजीवन किसानों के हितों की रक्षा करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा कि बाबा टिकैत ने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। पुण्यतिथि पर भाकियू संस्थापक की स्मृतियां याद आती हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेश यादव, प्रमोद तिवारी, डॉक्टर साजिद हुसैन, जिला सचिव ठाकुर धर्मेंद्र सिंह बबलू, उपेंद्र, आलोक राजपूत, रवि राजपूत, मानसिंह, नोमान सिद्दीकी, मो शहराज, शकील खान, फकरे आलम, सत्यम प्रजापति, प्रशांत गौतम, रामबाबू तिवारी, सियाराम, श्रीकांत शुक्ला, राजा ठाकुर, प्रधान प्रतिनिधि रामकिशोर मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

निजामपुर बिराहिमपुर में युवा महोत्सव का आयोजन

गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम निजामपुर बिराहिमपुर में आयोजित युवा महोत्सव क्रिकेट टूर्नामेंट एवं जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शुक्रवार को युवा महोत्सव का शुभारम्भ करनें के उपरान्त पूर्व विद्यायक अरबिन्द सिंह यादव एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते खेलों को युवाओं के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस मैच को संतोषा ने मोहना को 16 रन से हराकर जीता। इस मौके पर जिला पंचायत प्रत्याशी शैलेन्द्र सिंह यादव, अर्पित शुक्ला, अनंत सिंह, निर्देशक छबिराम यादव, अनूप यादव, आकाश यादव, गोलू यादव, अनुराग यादव, छोटे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पार्षद मुन्ना मलिक ने मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री को लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता

■ वार्ड 31 में गंगाजल आपूर्ति और उच्च स्तरीय जाँच की मांग

मथुरा। नगर निगम मथुरा वृंदावन के वार्ड संख्या-31 (सुखदेव नगर/नवनीत नगर) में गहराते पेयजल संकट और भीषण गर्मी के कारण जनता में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए स्थानीय पार्षद मुन्ना मलिक ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को पार्षद मुन्ना मलिक ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की नारकीय स्थिति से अवगत कराया और मुख्यमंत्री सहित शासन के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बीमारियों का घर बन रहा दूषित पानी- पार्षद मुन्ना मलिक ने बताया कि वार्ड के सुखदेव नगर, नवनीत नगर, पदमपुरी और राधिका धाम जैसे क्षेत्रों में निवासी लंबे समय से अत्यधिक खारे और प्रदूषित भूगर्भीय जल का उपयोग करने को मजबूर है पानी का ञ्छष्ठ्स्-इतना अधिक है कि यह पीने तो दूर, कुल्ला करने तक के लायक नहीं है। दूषित जल के कारण क्षेत्र में पेट और त्वचा संबंधी बीमारियाँ लगातार बढ़ रही हैं, जिससे स्थिति भयावह हो गई है

प्रशासनिक लापरवाही पर उठाए सवाल- शासन को भेजे गए पत्रों में पार्षद ने स्पष्ट किया कि मथुरा-वृंदावन क्षेत्र के लिए गंगाजल की कुल मांग 151 ख्ष्ठ से अधिक है, जबकि उपलब्धता मात्र 25 ख्ष्ठ के करीब है। वहीं दूसरी ओर, ग्रामीण क्षेत्र के लिए आवंटित 225 ख्ष्ठ गंगाजल का वर्तमान में पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। पार्षद ने मांग की है कि: ग्रामीण क्षेत्र के आवंटित कोटे से वार्ड-31 के लिए तत्काल शुद्ध पेयजल सुनिश्चित किया जाए। आसपास के अन्य वार्डों में चल रही गंगाजल लाइनों को तकनीकी परीक्षण कर वार्ड-31 से जोड़ा जाए पेयजल आपूर्ति में हो रही देरी और प्रशासनिक लापरवाही की जाँच के लिए एक उच्च स्तरीय जाँच समिति गठित की जाए पार्षद द्वारा यह पत्र माननीय मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, और प्रमुख सचिव (नगर विकास विभाग) को पंजीकृत डाक (Speed Post) के माध्यम से भेजे गए हैं मुन्ना मलिक ने चेतावनी दी है कि यह मामला केवल पानी का नहीं, बल्कि हजारों नागरिकों के स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा है, इसलिए प्रशासन को इस पर त्वरित संज्ञान लेना होगा।

थाना तिर्वा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित को पकड़ा

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी तिर्वा कुलवीर सिंह के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिर्वा संजय कुमार शुक्ल ने उपनिरीक्षक राधामोहन शर्मा व कांस्टेवल विकास चौधरी, रि0का0 सुमित कुमार के साथ थाना तिर्वा पर पंजीकृत छेडछाड व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गणेश पुत्र लाखन वर्मा उर्फ श्रीरामलखन निवासी ग्राम अहिकरापुर थाना तिर्वा को ग्राम अहिकरापुर से रूपपुर वाली पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करनें के उपरान्त न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

डीएम ने की प्रोबेशन एवं महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। देवरिया जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोबेशन एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी इकाइयों की समेकित समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों को समयबद्ध ढंग से प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसे मामलों में प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं बाल श्रम पर नियंत्रण हेतु कठोर कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी निर्माण कार्य को सीधे न कराकर पीडब्ल्यूडी अथवा आरएलडी के माध्यम से कराया जाए। साथ ही बजट की उपलब्धता एवं व्यय का विवरण उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कन्या जन्मोत्सव, सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभाग की सभी योजनाओं में बेहतर प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, राजकीय बाल गृह (बालक), जिला प्रोबेशन कार्यालय, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना, बाल सेवा योजना कोविड से आच्छादित बच्चों हेतु लैपटॉप योजना, बाल सेवा योजना कोविड से आच्छादित बालिकाओं हेतु शादी अनुदान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर एवं बाल कल्याण कार्यालय का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, बाल कल्याण अधिकारी जे.पी. तिवारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सावित्री राय, अमित उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मेदांता के विशेषज्ञों ने रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से किडनी कैंसर के उपचार में नई उम्मीद जगाई

अवधनामा संवाददाता

गुरुग्राम। राकेश एक व्यस्त जीवन जी रहे थे, जहां वे अपने काम और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस भागदौड़ में, वे अक्सर अपनी सेहत की अनदेखी कर देते थे। लेकिन एक दिन, उनकी पत्नी और बच्चों के लगातार अनुरोध पर, 48 वर्षीय राकेश ने अंततः नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला किया। परिणामों ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया - परीक्षणों से पता चला कि उनकी बाईं किडनी में एक छोटा ट्यूमर है, जो अंग की रक्त आपूर्ति के बेहद करीब स्थित है।

हालांकि, एक छोटी सी राहत की बात यह थी कि ट्यूमर का पता जल्दी चल गया था और वह बहुत छोटा था, और डॉक्टरों ने राकेश को एक ऐसी प्रक्रिया कराने का सुझाव दिया जिसमें केवल ट्यूमर को हटाया जाए, जिससे प्रभावित किडनी के स्वस्थ हिस्से को सुरक्षित रखा जा सके। सभी आवश्यक आकलनों के बाद, राकेश की रोबोटिक-सहायता प्राप्त पार्शियल नेफ्रेक्टोमी की गई, और कुछ ही दिनों के भीतर, वे आराम से चलने-फिरने में सक्षम हो गए और घर लौट आए। उनकी रिकवरी उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से हुई।

चिकित्सा प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति की बदौलत, गुरुग्राम स्थित मेदांता-द मेडिसिटी के अत्यधिक अनुभवी विशेषज्ञ, जिसे न्यूजवीक ने 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल घोषित किया था, किडनी सर्जरी सहित कई प्रकार की जटिल प्रक्रियाओं को करने के लिए रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करते है।

किडनी कैंसर, जिसे रीनल सेल कार्सिनोमा (आरसीसी) के नाम से भी जाना जाता है, भारत में दस सबसे आम कैंसरों में से एक है, जिसमें हर साल लगभग 16,000-18,000 नए मामले सामने आते हैं। ट्यूमर के आकार और स्थान के आधार पर, डॉक्टर या तो पूरी प्रभावित किडनी को हटा सकते हैं (रेडिकल नेफ्रेक्टोमी) या किडनी के स्वस्थ हिस्से को सुरक्षित रखते हुए केवल ट्यूमर को हटा सकते हैं (पार्शियल नेफ्रेक्टोमी)।

मेदांता गुरुग्राम में यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के सीनियर डायरेक्टर और एचओडी, डॉ. पुनीत अहलूवालिया ने कहा, 'किडनी में ट्यूमर होने की बात सुनकर कई मरीज घबरा जाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी पूरी किडनी निकालनी पड़ेगी।

देखना है गर हमारी उड़ान को, तो जाकर ऊंचा करो आसमान को

■ अमर नाथ विद्या आश्रम के मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

■ शैक्षणिक उपलब्धियों के लिये ''पं. आनन्द मोहन वाजपेयी प्रतिभा प्रेरणा पुरस्कार'' से सम्मानित हुए मेधावी विद्यार्थी

■ विद्यार्थी सफलता के लिये अनुशासन का महत्व समझे: अनुराधा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जनपद की प्रमुख शिक्षण संस्था अमर नाथ विद्या आश्रम सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक लाकर विद्या आश्रम व जनपद को गौरवान्वित करने वाले सैकड़ों मेधावी व प्रतिभावान विद्यार्थियों को नवीन कीर्तिमान स्थापित करने के लिये पं. आनन्द मोहन वाजपेयी प्रतिभा प्रेरणा पुरस्कार'' से पुरस्कृत किया गया। सी.बी.एस.ई. के टॉपर्स इशिका अग्रवाल, सार्थक गोला, अक्षय वर्मा को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डा. आदित्य कुमार वाजपेयी, प्रधानाचार्य डा. अरूण वाजपेयी, विद्यालय की पूर्व छात्रा तथा कमर्शियल टैक्स में सहायक आयुक्त अनुराधा सिंह, दिल्ली हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित यादव ने सम्मानित अतिथियों के रूप में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कमर्शियल टैक्स में सहायक आयुक्त नियुक्त होने पर विद्यालय की पूर्व छात्रा अनुराधा सिंह को विद्यालय प्रबन्धतंत्र द्वारा ''नारी रत्न सम्मान'' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनुराधा सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि अगर जीवन में सफल होना है तो अनुशासित रह कर अच्छी आदतों को अपनायें तथा पुस्तकों को अपना मित्र बनायें। उन्होंने विद्यालय में अपनी यादों को साझा करते हुये कहा कि उन्होंने विद्यालय से जो संस्कार और अनुशासन सीखा है वह आज तक उनके काम आ रहा है। उन्होंने पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। अमर नाथ विद्या आश्रम के प्रधानाचार्य डा. अरूण कुमार वाजपेयी ने पुरस्कृत होने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुये बताया कि प्रदेश में अग्रिणी अमरनाथ विद्या आश्रम का परीक्षाफल हमेशा से ही उच्च परम्पराओं का प्रतीक रहा है। विद्या आश्रम के विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में बल्कि खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य क्रियाकलापों में सदैव आगे रहे हैं बल्कि अपने शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन से विद्यालय व ब्रज क्षेत्र को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय के संस्थापक पं. श्रद्धेय आनन्द मोहन वाजपेयी जी का जीवन परिचय संक्षिप्त में बताते हुये कहा कि उन्होंने हमेशा ही कठिन परिश्रम के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये कार्य किया। उन्हीं की प्रेरणा से विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में पं. आनन्द मोहन वाजपेयी प्रतिभा प्रेरणा पुरस्कार समारोह में अविराज, देवसी, प्रज्ञान, शिवन्या, फरहान, लव्यम, ईशा, चार्विक, रौनक, अविका, जोधा, काव्यांश, अनीश, गौरव, शिवानी, कृष्णा, कौशल, ईशिका, भावुक, शगुन, अलीशा, प्रेम, नैतिक, चेतन,नन्दनी, प्रगति, सौरभ, सिद्धार्थ, मयंक, जागृति, अल्फिया, कीर्ति, अनुष्का, युग, भव्य, आयुष, जिगर, सत्यम, सात्विक सहित सैकड़ों विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाओं में अधिकतम अंक प्रतिशत प्राप्त किये तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, एन.सी.सी. एवं अधिकतम उपस्थिति दर्ज कर अपनी कक्षा के सभी वर्गों में उच्चतम स्थान प्राप्त किया।

सुफियाना कलामों का जमा रंग सम्पन्न हुआ हज़रत जुनैद शाह का उर्स

अवधनामा संवाददाता

संभल। हज़रत जुनैद शाह मियां रह0 का चार दिवसीय परम्परागत विभिन्न रस्मों के साथ सम्पन्न हो गया। कुल शरीफ की महफिल सजी और सूफियाना कलाम पेश कर कव्वालों ने रंग जमा दिया। नगर के मौहल्ला शेर खां सराय, चमन सराय दरगाह हज़रत मियां मीरन शाह स्थित हज़रत जुनैद शाह मियां रह0 की दरगाह पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी परम्परागत वार्षिक उर्स उत्साह के साथ मनाया गया। उर्स के आखिरी दिन दरगाह पर महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया। कव्वाली का आगाज़ रईस झनकार कव्वाल ने नाते पाक पेश करके किया और एक के बाद एक सूफियाना कलाम पेश करते हुए रंग जमा दिया। कुल शरीफ मे रंग पढ़ा गया और महमानो की रूखसती हुई। अंत मे मौलाना फैजुल इस्लाम ने कुल शरीफ की रस्म अदा कराई। मौलाना अब्दुल्ला ने मुल्क और शहर मे अमन शांति व भाईचारे को दुआ कराई। सभी अकीदतमन्दों को उर्स सम्पन्न होने के बाद तर्बरूक बांटा गया। दरगाह हज़रत जुनैद शाह मियां गुलामाने साबरी कमेटी के सचिव इंतेज़ार हुसैन ने सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। महमाने खुसूसी हिन्दुस्तान के मशहूर फनकार सरफराज़ चिश्ती उर्फ शानदार शामिल रहे। दरगाह मुजाबिर मौ0 आकिब ने सभी मेहमानो का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर खादिम व केशियर फरज़न्द अली वारसी, दबीर अहमद, मौ0 आकिब, हाजी कल्लू, मौ0 वसीम साबरी, सम्मू, मौ0 साजिद, फिदा हुसैन, अब्दुर्रहमान, शारिक अल्वी, अदनान साबरी खान, इमरान जिलानी आदि रहे।

सीडीओ ने की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की समीक्षा

मथुरा। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे मुख्य मंत्री युवा उद्यमी अभियान योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु जनपद मथुरा को 3300 का लक्ष्य आवंटित किया गया है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक जनपद स्थित विभिन्न बैंकों को 2127 आवेदन पत्र प्रेषित किये गये हैं। बैंकों द्वारा वर्तमान तक 135 प्रकरणो में ऋण स्वीकृति तथा 106 प्रकरणों में ऋण वितरण किया गया है। बैंकों द्वारा 331 आवेदन पत्र निरस्त किये हैं। वर्तमानमें 1686 आवेदन पत्र बैंक स्तर पर स्वीकृति हेतु तथा 148 आवेदन पत्र वितरण हेतु लम्बित हैं। केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के स्तर पर सर्वाधिक आवेदन पत्र लम्बित पाये गये जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा रोष प्रकट किया गया तथा समस्त बैंको को निर्देशित किया गया।

केले के कपकेक बनाते समय ये छोटे-छोटे टिप्स आएंगे बेहद काम

घर पर केले के कपकेक बनाने के लिए आपको किसी खास सामान की ज़रूरत नहीं है और ना ही किसी एक्सपर्ट वाली बेकिंग स्किल की आवश्यकता होती है। बस आप कुछ सिंपल टिप्स अपनाकर केले के कपकेक बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर बेहद ही टेस्टी बनाना कपकेक बना सकते हैं-

पकेहुए केले का इस्तेमाल करें

जब आप केले का कपकेक बना रहे हैं तो ऐसे में पके हुए केलों का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, ज्यादा पके केले मीठे और नरम होते हैं, जिससे कपकेक का स्वाद और नमी दोनों बढ़ते हैं। अक्सर केले पर काले दाग देखकर हम उन्हें फेंक देते हैं, लेकिन इनसे केले केक पकेक बनाना यकीनन बेहद अच्छा विचार है।

केले को अच्छे से मैश करें

केले का कपकेक बनाते समय केले को अच्छी तरह मैश करना चाहिए। क भी भी इसमें बड़े टुक्ड़े ना छोड़ें। दरअसल, स्मूद केले का पेस्ट बैटर में अच्छे से मिक्स होता है। जबकि बड़े टुक्ड़े नीचे बैठ सकते हैं या फिर कपके कका टेक्सचर खराब कर सकते हैं।

बैटर को ज़्यादा मत मिलाएं

कपकेक बनाने के लिए आप जो बैटर तैयार करते हैं, उसे ओवर मिक्स करने से बचना चाहिए। इसे बहुत ज़्यादा मिलाने से आटे में ग्लूटन एक्टिव हो जाता है, जिससे कपकेक सख्त और चबाने वाले हो जाते हैं। इसलिए ध्यान रखें कि आप इसे बस उतना मिलाएं कि सब चीजें मिक्स हो जाएं।

रूम टेंपरेचर पर हो सामान

केले का कपकेक बनाते समय उसमें अंडा, मक्खन व दूध जैसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है।

कोशिश करें कि उनका तापमान रूम टेंपरेचर पर हो। दरअसल, रूम टेंपरेचर वाले चीज़ें बैटर में अच्छे से मिलती हैं और कपकेक अच्छे फूलते हैं। वहीं, अगर इंग्रीडिएंट ठंडे हों तो इससे चीजें मिक्स होने में दिक्कत करती हैं।

जूतों को कंफर्टेबल बनाने के लिए जरूर ट्राई करें ये हैक्स, आसानी से पैरों में होंगे फिट

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके ढीले या बड़े जूतों को पैरों में फिट कराने में सहायता कर सकते हैं। वहीं इस हैक्स में किसी महंगे उपकरणों या किसी अन्य खास सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी।

शू स्टोर पर जाकर जूते लाना उतना आसान नहीं होता है। जूते खरीदने के दौरान डिजाइन, कलर और साइज जैसी कई समस्याओं पर ध्यान देना पड़ता है। क्योंकि कई बार हम जल्दबाजी में ऐसे जूते खरीद लेते हैं, जो देखने में अच्छे लगते हैं। लेकिन फिर वही पसंदीदा और महंगे जूते हमारे पैरों में ठीक से फिट नहीं होते हैं। तो यह दर्द देते हैं और हजारों का नुकसान भी करा देते हैं। ऐसे में अगर आपके पसंदीदा जूते भी पैरों में फिट नहीं हो रहे हैं, तो आप उनको फेंकने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको रुकना चाहिए।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके ढीले या बड़े जूतों को पैरों में फिट कराने में सहायता कर सकते हैं। वहीं इस हैक्स में किसी महंगे उपकरणों या किसी अन्य खास सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ध्यान

शू स्टोर पर जाकर जूते लाना उतना आसान नहीं होता है। जूते खरीदने के दौरान डिजाइन, कलर और साइज जैसी कई समस्याओं पर ध्यान देना पड़ता है।

अगर आपके जूते साइज में छोटे हैं, तो आप ब्लो ड्रायर की सहायता ले सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने पैरों में मोटी सॉक्स पहनें। अगर मोटे सॉक्स नहीं हैं, तो आप एक के ऊपर एक दो जोड़ी जुराब पहन लें। फिर जूता पहनें। इसके बाद हेयर ड्रायर को मीडियम सेट पर लगाकर जूतों को 20-30 सेकेंट के लिए हवा दें। अब 5 मिनट के लिए ड्रायर को रोक दें और फिर 20 से 30 सेकेंड तक जूतों

को हेयर ड्रायर से ब्लो ड्राई करें। इससे जूतों में स्पेस बन सकता है और जूता फिट हो सकता है।

वॉटर बैग

जूतों का साइज बड़ा करने में वॉटर बैग भी आपकी सहायता कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले दो जिपलॉग बैग लें, फिर इनमें पानी भरें और उनको जूतों के अंदर रख दें। इन जूतों को रातभर के लिए फ्रीजर में रख दें। जब फ्रीजर का पानी जमने लगे तो वह जूतों में अपनी जगह भी बनाएगा। इस उपाय को करने से टाइट जूते भी ढीले हो सकते हैं।

अखबार की गीली बॉल्स

टाइट जूतों को ढीला करने के लिए अखबार की गीली बॉल्स में मदद कर सकती है। सबसे पहले अखबार लें और उनकी बॉल्स बनाएं। अब इन बॉल्स को गीला करके जूतों में भर दें। जब तक यह बॉल्स सूख न जाएं, तब तक इनको जूतों में ही रहने दें। ऐसा करने से जूते ढीले हो सकते हैं।

पहनकर घूमें

अगर आप भी जूते पहनने में अनकंफर्टेबल हैं, तो आप पहले इनको पहनकर थोड़ी देर घर में घूम सकते हैं। ऐसा करने से जूतों में पैर अपना स्पेस बना लेंगे। ऐसे में जब आप वह जूता पहनकर बाहर जाते हैं, तो आपको कम समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

पैर में फिट हो सकते हैं ढीले जूते

अगर आपके जूते ढीले हैं, तो आपको पैरों में फिट करने के लिए टिश्यू पेपर, रूई या फिर सूती कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं। जूतों को फिट करने के लिए आप जिस भी चीज का इस्तेमाल करें, उसको टो एरिया यानी जूतों के अगले हिस्से में भर दें, इसके बाद जूता पहनें। इस तरीके से जूते पैरों में फिट हो सकते हैं।

अगर जूता साइज में बड़ा होने के कारण से फिसल रहा है, तो हील ग्रिप्स भी सहायता कर सकती है। यह एक सॉफ्ट पैड्स की तरह होता है, जिनको जूते के पीछे चिपकाया जाता है। इससे ढीला जूता पैरों में फिट बैठ सकता है।

डिस्क्लेमर- प्रभासाक्षी ने इस ख़बर को संपादित नहीं किया है। यह ख़बर पीटीआई-भाषा की फीड से प्रकाशित की गयी है।

बच्चे को लंच बॉक्स में बनाकर दें लौकी के अप्पे, चट कर जाएंगे पूरा टिफिन

अगर आपका बच्चा भी हरी सब्जियां खाने में आनाकानी करता है और वह हर रोज टिफिन बॉक्स बचाकर ले आता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए एक हेल्दी टिफिन बॉक्स रेसिपी लेकर आए हैं।

हर बच्चा खाना खाने में आनाकानी करता है। ऐसे में बच्चे को खाना खिलाना एक बड़ा और मुश्किल टास्क बन जाता है। वहीं बच्चे हरी सब्जियां खाने से भागते हैं। जबकि उनको बाहर का जंक फूड खाना बहुत पसंद होता है। ऐसे में मां के लिए बहुत बड़ी मुश्किल यह होती है कि वह बच्चे को ऐसा क्या बनाकर दें, जोकि खाने में टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी हो। क्योंकि यह तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां सेहत के लिए फायदेमंद होती है। फिर चाहे वह बच्चा हो या बड़ा।

बॉडी ग्रोथ से लेकर शरीर में कई तरह के पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए हरी सब्जियां बेहद फायदेमंद होती है। इसलिए इन हरी सब्जियों को किसी न किसी रुप में बच्चे को जरूर खिलाना चाहिए। अगर आपका बच्चा भी हरी सब्जियां खाने में आनाकानी करता है और वह हर रोज टिफिन बॉक्स बचाकर ले आता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए एक हेल्दी टिफिन बॉक्स रेसिपी लेकर आए हैं। जिसको आप अपने बच्चे को बनाकर दे सकती हैं। आप अपने बच्चे को टिफिन में लौकी के अप्पे बनाकर दे सकती हैं, यह स्वादिष्ट होने के साथ हेल्दी डिश भी है।

ऐसे बनाएं लौकी के अप्पे

सबसे पहले एक बर्तन में सूजी ले लें। फिर इसमें खट्टा दही या छाछ डालकर मिक्स करें और थोड़ी देर फूलने के लिए छोड़ दें।

सूजी के फूल जाने के बाद इसमें चने की दाल भूनकर, करी पत्ते, राई और नमक डालकर मिक्स करें। अब इसमें थोड़े से ड्राई फ्रूट्स भूनकर डालें और नारियल पाउडर डाल दें। इसके बाद ऊपर से लौकी का पेस्ट और कद्दूकस की लौकी डालकर थोड़ा सा पानी मिलाकर अच्छे से मिक्स करें।

फिर इसमें बेकिंग सोडा या ईनो डालें। अब इस मिश्रण को अप्पे पैन में तेल लगाकर डालें।

इन बातों का रखें खास ध्यान

अप्पे का मिश्रण बनाने के दौरान हमेशा खट्टी दही या छाछ का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे अप्पे फूलते हैं।

अप्पे के मिश्रण में थोड़ी सी चने की दाल डालने से इसका टेस्ट बढ़ जाता है।

लौकी के अप्पे बनाने के लिए लौकी को कद्दूकस या फिर पेस्ट दोनों तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

लौकी के अप्पे बनाने के लिए सूजी के घोल को थोड़ी देर के लिए फूलने को रख दें।

एक परफेक्ट समर ट्रीट है मैंगो ग्रीन टी पॉप्सिकल्स घर पर जरूर करें ट्राई

जब आम की मिठास और ग्रीन टी की सुकून देने वाली ठंडक पॉप्सिकल्स में एक साथ मिलती है, तो गर्मी को मात देने के लिए एक बेहतरीन कूल कॉम्बिनेशन बनता है, जो न सिर्फ आपके मन को खुश करेगा बल्कि आपके शरीर को भी तरोताजा कर देगा। तो चलिए, जानते हैं इसे घर पर कैसे बनाएं।

गर्मी की तपती धूप में अगर कुछ ठंडा, तरोताजा और स्वाद से भरपूर मिल जाए तो दिन बन जाता है। इसीलिए गर्मियों को खास, मजेदार और ठंडा बनाने के लिए हम आपके लिए एक अनोखी और हेल्दी रेसिपी लेकर आए हैं। ये है मैंगो ग्रीन टी पॉप्सिकल्स। जब आम की मिठास और ग्रीन टी की सुकून देने वाली ठंडक पॉप्सिकल्स में एक साथ मिलती है, तो गर्मी को मात देने के लिए एक बेहतरीन कूल कॉम्बिनेशन बनता है, जो न सिर्फ आपके मन को खुश करेगा बल्कि आपके शरीर को भी तरोताजा कर देगा। तो चलिए, जानते हैं इसे घर पर कैसे बनाएं। ग्रीन टी लेयर के लिए सामग्री- 1 चम्मच माचा ग्रीन टी पाउडर, ? कप फुल-फैट कोकोनट मिल्क (या लाइट) और 1-1.5 चम्मच मेपल सिरप, एगेव या शहद आम की लेयर के लिए सामग्री- 1 कप ताजा आम, द कप लाइट कोकोनट मिल्क (या फुल-फैट) और ड्ड मध्यम नींबू का रस मैंने पहले ग्रीन टी की लेयर ऊपर और आम की नीचे रखने का फैसला किया। इसलिए, मैंने एक ब्लेंडर में माचा, कोकोनट मिल्क और स्वीटनर मिलाकर ग्रीन टी की लेयर तैयार की और इसे सिल्की होने तक ब्लेंड किया। इस मिश्रण को पॉप्सिकल मोल्ड्स में आधा भरकर डाला और थोड़ा जमने के लिए 30 मिनट तक फ्रीज किया। इसके बाद, मैंने ताजे आम के टुकड़ों को कोकोनट मिल्क और नींबू के रस के साथ ब्लेंड कर आम की लेयर तैयार की और इसे जमी हुई ग्रीन टी की परत पर डाला।

टॉयलेट की गंदी सीट साफ करने के लिए ट्राई करें लहसुन वाली ट्रिक, आसानी से होगा साफ

अगर टॉयलेट सीट पर पीले धब्बे पड़ चुके हैं और आप इसको साफ करना चाहते हैं, तो आपको लहसुन वाला हैक जरूर ट्राई करना चाहिए। इसलिए आज हम आपको लहसुन वाला हैक बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से टॉयलेट सीट के दाग आसानी से साफ हो जाएंगे। गंदी टॉयलेट सीट देखकर हर किसी का दिमाग खराब हो जाता है। क्योंकि अगर टॉयलेट सीट साफ न हो तो कई तरह की बीमारियों का खतरा अधिक हो जाता है। बैक्टीरिया टॉयलेट सीट पर सबसे अधिक होते हैं, जो आपके परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए घर के बाथरूम के साथ ही टॉयलेट की सफाई भी बहुत जरूरी होती है। यह सेहत के लिहाज से भी बहुत जरूरी होता है। टॉयलेट को क्लीन करने के लिए लोग तरह-तरह के क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके बाद भी सीट पर लगे दाग साफ नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अगर टॉयलेट सीट पर पीले धब्बे पड़ चुके हैं और आप इसको साफ करना चाहते हैं, तो आपको लहसुन वाला हैक जरूर ट्राई करना चाहिए। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लहसुन वाला हैक बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से टॉयलेट सीट के दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

टॉयलेट की सफाई के लिए सबसे पहले लहसुन की कलियों को छील लें। फिर इनको छोटे-छोटे हिस्सों में काट लें। अब कटे हुए लहसुन को गरम पानी में डाल दें। इससे पानी में लहसुन का फ्लेवर मिक्स हो जाएगा। अब पानी की मात्रा के बराबर विनेगर मिलाएं। इस आसान तरीके से सफाई वाला लिक्विड तैयार हो जाएगा।

इसके बाद यह क्लीनिंग लिक्विड कम्बोड में डाल दें और ब्रश की मदद से कम्बोड को घिसकर साफ करें। जहां पर पीलापन है वहां पर ब्रश को लिक्विड के साथ रब करें। इस आसान तरीके से टॉयलेट सीट अच्छे से क्लीन हो जाएगी।

बता दें कि लहसुन बैक्टीरिया मारने के साथ-साथ टॉयलेट सीट को भी साफ करने में सहायता करेगा। लहसुन टॉयलेट को ब्लीच करने का काम करता है और यह इसके चारों ओर मौजूद पीलेपन को भी हटाने में सहायता करता है।

सफेद बालों को छिपाने में मदद करेगी ये देसी चाय, हेयर कलर की नहीं पड़ेगी जरूरत

कम उम्र से ही बालों का सफेद होना तनाव और शरीर में कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में कुछ बदलाव करके इसको रिवर्स करती हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चाय के बारे में बताने जा रहे हैं।

कई बार आइने में देखते हुए बालों के बीच कुछ सफेद बाल नजर आते हैं, हमारे चेहरे पर शिकन आ जाती है। खासकर यदि 30 साल की उम्र के बाद सफेद बाल दिखाई देने लगें, तो यह काफी खराब लगता है। अक्सर हम इन सफेद बालों को छिपाने का तरीका ढूंढते हैं और बालों को सफेद करने के लिए हेयर कलर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप सफेद बालों को छिपाने की बजाय इनको कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

बता दें कि कम उम्र से ही बालों का सफेद होना तनाव और शरीर में कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में

कुछ बदलाव करके इसको रिवर्स करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी चाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सफेद बालों की समस्या को कम कर सकती है।

बता दें कि मेथी के बीज हेयर फॉलिकल्स को मजबूती देने का काम करता है और यह बालों के समय से पहले सफेद होने से रोकता है।

मेथी के बीजों में विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन के पाया जाता है। साथ ही इसमें पोटैशियम, आयरन और फोलिक एसिड भी भरपूर मात्रा में होता है। मेथी बालों को पोषण देने का काम करता है और इसके इस्तेमाल से बाल मजबूत होते है, साथ ही समय से पहले सफेद भी नहीं होते हैं।

वहीं हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जोकि स्कैल्प की हेल्थ में सुधार करता है। हल्दी में कॉपर और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है और यह बालों को काला करने में मददगार होता है।

हल्दी में कर्क्युमिन पाया जाता है और यह बालों को मजबूत करता है और इससे बालों का झड़ना भी कम होता है।

गुड़हल की चाय का सेवन करने से बालों का झड़ना कम होता है और इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जो बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है।

सेंधा नमक में कई जरूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो हमारे बालों को मजबूती देते हैं।

गुड़हल के फूल का पाउडर हेयर फॉलिकल्स को मजबूत करने के साथ मेलानिन के प्रोडक्शन को सपोर्ट करता है।

गर्मियों में सेहत के लिए वरदान से कम नहीं सत्तू का शरबत, नोट करें बिहारी स्टाइल रेसिपी

सत्तू के शरबत पोषक तत्वों से भरपूर होता है और आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखने में सहायत साबित हो सकता है। लेकिन क्या आपने कभी बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत बनाया है। आज हम आपको बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत बनाने के रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

गर्मियों के मौसम में हम सभी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। ऐसे में शरीर को अंदर से ठंडा रखने और स्वस्थ रहने के लिए सत्तू के शरबत को पीने की सलाह दी जाती है। सत्तू हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद होता है, यह तो आप सभी जानते होंगे। आप गर्मियों में सत्तू के शरबत का सेवन कर सकते हैं। यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है और आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखने में सहायत साबित हो सकता है। लेकिन क्या आपने कभी बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत बनाया है। अगर नहीं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत बनाने के रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शरबत बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में सत्तू लें और फिर इसमें थोड़ा-थोड़ा करके पानी मिलाते रहें। इसको तब तक घोलते रहें, जब तक इसके घोल में गांठ न बचें। अब इस मिक्सचर में आपको थोड़ा सा नींबू का रस मिलाएं और फिर भुना जीरा और काला नमक मिलाएं। यह दोनों चीजें इसके स्वाद को बढ़ाने का काम करता है। फिर बारीक कटी हरी मिर्च और हरा धनिया मिलाएं। अंत में आपको इस मिक्सचर में ठंडा पानी मिलाना है। इस आसान तरीके से सत्तू का टेस्टी और हेल्दी सत्तू का शरबत बनकर तैयार हो जाएगा। बता दें कि अब आप गिलास में छानकर सत्तू के शरबत को सर्व कर सकती हैं। अधिक ठंडा बनाने के लिए आप चाहें तो इसके कुछ बर्फ के टुकड़े एड कर सकते हैं।

सिर पर हो गई हैं घमौरियां तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खा

गर्मियां शुरू होते ही लोग घमौरियों से परेशान रहने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो आप कुछ घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन घरेलू नुस्खों को आजमाने से आपके बाल भी खराब नहीं होंगे और इसका अपना फायदा भी पूरा मिलेगा।

गर्मियां शुरू होते ही शरीर से पसीना पानी की तरह पहना शुरू हो जाता है। इस मौसम में लोग घमौरियों से परेशान रहने लगते हैं। गर्मियों में यह एक आम बीमारी है, जोकि सही देखभाल से कम की जा सकती है। लेकिन कई बार पीठ, पेट और हाथों के साथ-साथ सिर पर भी घमौरियां हो जाती हैं। जिसकी वजह से सिर में खुजली, जलन और कई बार दर्द होने लगता है। हालांकि इस परेशानी से निजात पाने के लिए मार्केट में आपको तमाम तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो आप कुछ घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन घरेलू नुस्खों को आजमाने से आपके बाल भी खराब नहीं होंगे और इसका अपना फायदा भी पूरा मिलेगा।

पुदीने की पत्तियों का पानी में रात भर के लिए भिगो दें और फिर अगली सुबह उसी पानी से बालों को धो लें। आप सप्ताह में 2 से 3 बार ऐसा करना चाहिए। इससे स्कैल्प पर होने वाली घमौरियां ठीक हो जाएंगी।

पुदीने के इस्तेमाल से हेयर फॉलिकल्स में मोटापन आता है और बालों की ग्रोथ तेज होती है।

इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी फंगल होता है। स्कैल्प में किसी भी तरह का इंफेक्शन हो, तो पुदीने के इस्तेमाल से कम जाता है।

पुदीने के पानी से बाल धोने से स्कैल्प की त्वचा में सूदनेस आ जाती है और इससे खुजली और जलन की समस्या नहीं होती है।

नारियल के तेल से मसाज

गर्मियों के मौसम में बालों में सिर्फ नारियल के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। बहुत से लोग कैस्टर ऑयल और सरसों का तेल भी लगाते हैं। लेकिन यह दोनों थिक ऑयल होते हैं। इसको बालों में लगने के बाद निकालना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए 10 मिनट तक नारियल के तेल से बालों की मालिश करें। वहीं गर्मियों में बालों में पूरी रात ऑयल रखने की जरूरत नहीं होती है। आप तेल लगाने के 2 घंटे बाद वॉश कर देना चाहिए।

नारियल तेल लगाने के फायदे

बालों की नारियल तेल से डीप मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और इससे स्कैल्प की हेल्थ भी अच्छी होती है।

अगर स्कैल्प अधिक ड्राई है, तो घमौरियां होने के चांस अधिक बढ़ जाते हैं। ऐसे में आप नारियल तेल से मसाज करके स्कैल्प को मॉइश्चराइज रख सकती हैं।

प्रोटीन लॉस की वजह से भी स्कैल्प की त्वचा ड्राईनेस और फ्लेकी स्किन हो जाती है। ऐसे में नारियल तेल से मसाज करके इस समस्या को कम किया जा सकता है।

नारियल तेल लगाने से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं, इसलिए आपको सप्ताह में 1 बार बालों में नारियल तेल जरूर लगाना चाहिए।

गुलाब जल लगाएं

स्किन के लिए गुलाब जल एक नेचुरल टोनर और मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। इसको फेस और स्कैल्प दोनों जगह पर लगाया जा सकता है। स्कैल्प पर गुलाब जल लगाने से घमौरियां कम हो जाती हैं और बालों में शाइन आता है। आप चाहें तो इसको डायरेक्ट लगा सकती हैं, या फिर एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर लगा सकती हैं। यह आपकी स्कैल्प को ठंडक देने के साथ ही घमौरियों की भी कम करता है।

गुलाब जल के फायदे

गुलाब जल बालों की फिजीनेस को कम करने के साथ इनको सॉफ्ट बनाता है। अगर आप बालों में गुलाब जल पूरी रात लगाकर छोड़ देंगी तो इससे बालों में गजब की चमक आएगी।

साथ ही यह स्कैल्प के पीएच बैलेंस को बनाता है और डैमेज बाल भी रिपेयर होते हैं।

नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी

इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को, यह पेपर-पेंसिल से होगी

एजेंसी

नई दिल्ली। अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-यूजी-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे।

उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।

शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, राधाकृष्ण समिति की सिफारिशों का पालन करने के बावजूद यह उल्लंघन कैसे हुआ। ऐसे में सरकारी मशीनरी यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार कोई अनियमितता न हो। मंत्री के रूप में, अभिभावक के रूप में, अधिकारी के रूप में हमें परीक्षा रद्द करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा।

उन्होंने कहा कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं। एनटीए का गठन सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हुआ था। इसके अलावा मैं उम्मीदवारों के परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से बात करूंगा।

सीबीआई ने इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 5 यानी राजस्थान से पकड़े गए मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने पांचों आरोपियों को 7 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। सीबीआई ने इनके अलावा, पुणे से ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे, नासिक से धनंजय लोखंडे को गिरफ्तार किया था। दिल्ली कोर्ट ने शुक्रवार को लोखंडे को 6 दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा है।

जांच में सामने आया कि कथित तौर पर पेपर राजस्थान के सीकर तक पहुंचाया गया था। जांच एजेंसी ने कोचिंग सेंटर संचालकों, स्टाफ और छात्रों से पूछताछ की। 5 लोगों को गिरफ्तार किया।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है।

सीबीआई ने मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया।

ट्रंप ने शी जिनपिंग की तारीफ में खोले राज, बोइंग के 200 से ज्यादा विमान सौदे का भी किया जिक्र

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शी जिनपिंग को इंक्रेडिबल व्यक्ति बताते हुए दोनों देशों के बीच मजबूत व्यापारिक संबंधों का जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान अमेरिका और चीन के बीच कई बड़े व्यापारिक समझौते हुए, जिनसे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को फायदा मिला।

ट्रंप ने विशेष रूप से अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग के साथ हुए बड़े सौदे का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि विमान निर्माता कंपनी बोइंग को चीन से करीब 200 विमानों का बड़ा ऑर्डर मिलने जा रहा है, जो आगे चलकर 750 विमानों तक बढ़ सकता है।

ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह समझौता इस सप्ताह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बैठक के दौरान तय हुआ था। यदि यह डील आगे बढ़ती है, तो यह लगभग एक दशक बाद चीन के साथ बोइंग की सबसे बड़ी बिक्री होगी। हालांकि व्हाइट हाउस ने अभी तक इस सौदे की कोई आधिकारिक पुष्टि या विस्तृत जानकारी जारी नहीं की है और बोइंग कंपनी की ओर से भी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बताया गया कि बोइंग के सीईओ केली ऑर्टबर्ग भी इस यात्रा में ट्रंप के साथ चीन गए थे, जहां कई अमेरिकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए संभावित अवसर तलाश रहे थे।

ट्रंप ने यह भी कहा कि इस डील से जनरल इलेक्ट्रिक को भी फायदा होगा, क्योंकि कंपनी 400 से 450 विमान इंजनों की आपूर्ति कर सकती है। हालांकि जनरल इलेक्ट्रिक की ओर से इस पर तत्काल कोई बयान नहीं आया है।

गौरतलब है कि बोइंग पिछले कुछ वर्षों से उत्पादन, गुणवत्ता संबंधी समस्याओं और वित्तीय दबावों के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। 2024 की शुरुआत में एक 737 मैक्स विमान की उड़ान के दौरान

क्विक न्यूज

चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा : अखिलेश

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह भाजपा का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए हरसंभव तरीके अपना रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। आपको बता दे की कल मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव थे ,तब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी । उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में पुलिस मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हैं।

सट्टा बाजार ने खोला पिटारा, बताया किसकी बन सकती है दिल्ली में सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के बाद दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसको लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। इस बीच कई चैनलों के एग्जिट पोल सामने आने लगे हैं। ऐसे में राजस्थान का मशहूर फलोदी सट्टा बाजार कहां पीछे रहता। उसने भी दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी,उसपर अपना फैसला सुना दिया है। इस बार इसके लगाए अनुमान की मानें तो इस बार मामला टाइट हो सकता है। आम आदमी पार्टी को 34-36 तो भारतीय जनता पार्टी को 34-36 और कांग्रेस को 0-1 सीट आने का अनुमान है।

कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत के घर आईटी का छापा, कर्मचारियों के फोन कराए बंद, आईटीबीपी के जवान भी मौजूद

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला से बड़ी खबर सामने आ रही है जहां कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत सिंह के घर पर आयकर विभाग ने छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह चंडीगढ़ से आई आयकर विभाग की टीम ने विधायक के सर्कुलर रोड स्थित आवास पर छापेमारी की। आयकर विभाग की टीम के साथ भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवान भी मौजूद हैं। छापेमारी के दौरान आवास के सभी गेट अंदर से बंद कर दिए गए हैं। पंजाब पुलिस को भी इसके बारे में कोई सूचना नहीं दी गई थी। जांच के दौरान विधायक कार्यालय के सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ पाए गए। यह कार्रवाई किस मामले में की गई है, इसके बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

भोजशाला को हाईकोर्ट ने माना मंदिर- फैसले के बाद हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की कैविएट

एजेंसी

धार। भोजशाला विवाद मामले में हिंदू पक्ष ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि मामले में किसी भी अपील पर हिंदू पक्ष को सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। हाईकोर्ट ने भोजशाला को देवी सरस्वती का मंदिर मानते हुए एएसआई को इसके प्रबंधन का अधिकार दिया है। धार स्थित भोजशाला परिसर विवाद मामले में हिंदू पक्ष ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका दायर की। याचिका में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर होने वाली किसी भी अपील पर हिंदू पक्ष को सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। यह कैविएट जितेंद्र सिंह 'विशेन' की ओर से अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा के माध्यम से दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि उपरोक्त मामले में हस्ताक्षरकर्ता को नोटिस दिए बिना कोई आदेश पारित न किया जाए।

जितेंद्र सिंह विशेन इस मामले में छठे याचिकाकर्ता थे, जिस पर इंदौर स्थित मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। हिंदू पक्ष के लिए बड़ी जीत माने जा रहे इस फैसले में हाईकोर्ट ने धार जिले स्थित विवादित भोजशाला परिसर को देवी सरस्वती को समर्पित मंदिर घोषित किया। साथ ही कहा कि इसके प्रशासन और प्रबंधन का निर्णय केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ले सकते हैं।

हाईकोर्ट ने एएसआई के 7 अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें मुस्लिम समुदाय को हर शुक्रवार भोजशाला परिसर में नमाज अदा करने की अनुमति दी गई थी। खंडपीठ ने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय, जो 11वीं शताब्दी के एएसआई संरक्षित स्मारक को 'कमाल मौला मस्जिद' कहता है, वह मस्जिद निर्माण के लिए धार जिले में अलग भूमि आवंटन हेतु मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क कर सकता है।

दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों: सुप्रीम कोर्ट

एक एयरलाइन 8000 चार्ज करती है, दूसरी 18000

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि एक ही दिन, एक ही सेक्टर में उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन कुछ अलग हवाई किराया लेती है, जबकि दूसरी एयरलाइनल अलग किराया लेती है। इसे सही किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार यात्रियों को राहत दे।

दरअसल जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन की याचिका पर सुनवाई की। उनकी मांग है कि देश में मजबूत और स्वतंत्र रेगुलेटर बनाया जाए, जो एयरलाइनों के किराए और एक्स्ट्रा चार्जेस पर निगरानी रखे।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने बेंच से कहा- हवाई किराया 300 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। इस पर बेंच ने मजाक में कहा- वकीलों की फीस भी कई बार 400 प्रतिशत तक बढ़ जाती है, अब क्या किया जाए।

लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्ट 1937 के तहत नियम पहले से ही हैं लेकिन समस्या यह है कि पालन नहीं किया गया। जब तक नए नियम नहीं बन जाते, पुराने नियम जारी रहेंगे।

साथ ही कहा गया है कि अगर ष्ठत्रष्ट को लगता है कि किसी खास स्थिति में, एयरलाइंस बहुत ज्यादा किराया वसूल रही हैं, तो वह निर्देश जारी करेगा।

बेंच ने लक्ष्मीनारायण से केंद्र के फाइल किए गए काउंटर-एफिडेविट का जवाब देने का कहा। साथ ही सॉलिसिटर जनरल की नई व्यवस्था के तहत नियम बनाने के लिए कंसल्टेशन प्रोसेस चलने वाली बात रिकॉर्ड की।

इससे पहले 30 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने एक पिटीशन पर एफिडेविट फाइल न करने के लिए केंद्र की खिंचाई की थी, जिसमें भारत में प्राइवेट एयरलाइन्स के हवाई किराए और सहायक चार्ज में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को कंट्रोल करने के लिए रेगुलेटरी गाइडलाइंस की मांग की गई थी।

कोर्ट ने केंद्र से एक एफिडेविट के साथ एक एप्लिकेशन फाइल करने को कहा था, जिसमें यह बताने के निर्देश दिए गए थे कि एफिडेविट फाइल क्यों नहीं किया गया है। इसके लिए और समय क्यों मांगा गया है।

त्योहारों में हवाई किराया बढ़ाने पर जवाब मांगा था- सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में त्योहारों और इमरजेंसी हालातों में प्राइवेट एयरलाइंस के हवाई किराए बढ़ाने को लेकर चिंता जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि यह एक बहुत गंभीर चिंता का विषय है। वरना, हम 32 पिटीशन पर विचार नहीं करते। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि सिविल एविएशन मिनिस्ट्री इस मुद्दे पर विचार कर रही है।

कोर्ट का बड़ा फैसला- पूर्व विधायक विजय मिश्रा, पत्नी व बेटे को 10-10 साल की कैद बहू को चार साल की सजा

एजेंसी

भदोही। सपा व निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत उनकी पत्नी रामलली और बेटे विष्णु मिश्रा को कोर्ट ने 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई है। वहीं उनकी बहू रूपा मिश्रा को चार साल कैद की सजा मिली है। एमपीएमएलए की अदालत ने संपत्ति हड़पने के मामले में शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। पूर्व विधायक की पत्नी और उनकी बहू को पहली बार किसी मामले में सजा हुई है। कोर्ट ने बृहस्पतिवार को ही सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था।

ज्ञानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विजय मिश्रा मिश्रा की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को ही प्रयागराज हाईकोर्ट में एमपीएमएल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अब जिले की एमपीएमएलए कोर्ट ने संपत्ति हड़पने के मामले में उनके साथ पूरे कुनबे को सजा सुनाई है।

पूर्व विधायक विजय मिश्रा के रिश्तेदार कृष्णमोहन तिवारी ने गोपीगंज कोतवाली में पूर्व विधायक, उनकी पत्नी रामलली, बेटे विष्णु मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि विजय मिश्रा 2001 से ही उनके भदोही स्थित पैतृक घर पर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए थे और उनकी माइनिंग फर्म पर भी जबरन नियंत्रण कर लिया था।

पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज विचेचना शुरू की। 2023 में पुलिस ने जब चार्जशीट दाखिल किया तो तीनों के साथ उनकी बहू रूपा मिश्रा का भी नाम शामिल किया। मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चारों पर दोषी पाया। कोर्ट ने पूर्व विधायक, पत्नी और बेटे को 10-10 साल और बहू को रूपा को चार साल कैददी सजा सुनाई है।

कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह हैं, जो व्यवस्था पर हमले करते हैं, शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को कुछ बेरोजगार युवाओं पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे %कॉकरोच% जैसे हैं, जो आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं। फिर व्यवस्था पर सवाल उठाने लगते हैं।

यह टिप्पणी उस समय आई ,जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ एक वकील की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में वकील ने वरिष्ठ वकील का दर्जा पाने की कोशिश कर रहा था। कोर्ट ने इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि समाज में पहले से ही कुछ ऐसे परजीवी मौजूद हैं, जो व्यवस्था पर लगातार हमला करते हैं।

पीठ ने याचिकाकर्ता वकील से कहा, पूरी दुनिया वरिष्ठ (वकील) बनने के योग्य हो सकती है, लेकिन कम से कम आप तो इसके हकदार नहीं हैं। सीजेई ने स्पष्ट रूप से टिप्पणी की कि अगर दिल्ली हाईकोर्ट याचिकाकर्ता को वरिष्ठ वकील का पदनाम प्रदान करता है, तो सुप्रीम कोर्ट उनके पेशेवर आचरण को देखते हुए इसे रद्द कर देगा।

सीजेआई ने फेसबुक पर याचिकाकर्ता की ओर से इस्तेमाल की गई भाषा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, समाज में पहले से ही ऐसे परजीवी हैं, जो सिस्टम पर हमला करते हैं और आप उनसे हाथ मिलाना चाहते हैं? उन्होंने कहा, कई युवा कॉकरोच की तरह हैं, जिन्हें न तो कोई नौकरी मिलती है और न ही पेशे में कोई जगह। उनमें से कुछ मीडिया में चले जाते हैं। कुछ सोशल मीडिया कार्यकर्ता बन जाते हैं। कुछ आरटीआई कार्यकर्ता और अन्य कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर वे हर किसी पर हमला करने लगते हैं।

पीठ ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि क्या उसके खिलाफ कोई अन्य मुकदमा नहीं है।

सोमवार और शुक्रवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई, दो दिन वर्क फ्रॉम होम

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था सुप्रीम कोर्ट ने कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अदालत ने सोमवार और शुक्रवार को मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, अब सभी मिसलेनियस डेज यानी सोमवार, शुक्रवार और अन्य निर्धारित दिनों में मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। इस फैसले के तहत कोर्ट ने रजिस्ट्री को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वीडियो लिंक समय पर भेजे जाएं और तकनीकी सहायता सुचारू रूप से उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी पक्ष को परेशानी न हो। कोविड-19 महामारी के बाद से शुरू हुई डिजिटल सुनवाई को अब एक स्थायी और व्यवस्थित ढांचे में शामिल किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि आपस में कार-पूलिंग व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि ईंधन की खपत को कम किया जा सके और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो।यह कदम मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसका उद्देश्य पर्यावरण पर पड़ने वाले दबाव को कम करना भी है।

सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारियों के लिए भी नई व्यवस्था लागू की गई है। आदेश के अनुसार, प्रत्येक शाखा और सेक्शन में 50 प्रतिशत कर्मचारी सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम कर सकेंगे। हालांकि, यह भी स्पष्ट किया गया है कि बाकी स्टाफ कार्यालय में मौजूद रहेगा ताकि कामकाज बिना किसी रुकावट के चलता रहे।

ट्रंप बोले- पाकिस्तान के अनुरोध पर रुकी जंग, अब ईरान पर नहीं होगी बमबारी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम केवल पाकिस्तान के अनुरोध पर स्वीकार किया है। एयर फोर्स वन में चीन से अमेरिका लौटते समय पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अब खाड़ी देश ईरान पर किसी भी तरह की बमबारी नहीं करेंगे।

अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया था। पाकिस्तान की मध्यस्थता के बाद आठ अप्रैल से हमलों पर रोक लगा दी गई थी। ट्रंप ने कहा, हमने एक दूसरे देश के अनुरोध पर यह सीजफायर किया है। हालांकि युद्ध जारी रहने से मुझे लाभ होता, लेकिन हमने पाकिस्तान के सम्मान में इसे स्वीकार किया। वहां के लोग शानदार हैं, विशेषकर वहां के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे। उन्होंने दावा किया कि तेहरान को वर्षों से जमा किए गए संवर्धित यूरेनियम को पूरी तरह त्यागना होगा। ट्रंप ने बताया कि ईरानी वार्ताकारों का दावा है कि अमेरिकी हवाई हमलों में उनके परमाणु ठिकाने नष्ट हो गए हैं, इसलिए वे परमाणु ईंधन निकालने की स्थिति में नहीं हैं। ईरान की असमर्थता पर ट्रंप ने चुटकी लेते हुए कहा, उन्होंने एक भयानक रहस्य बताया है। वे कह रहे हैं कि उनके पास ईंधन निकालने की तकनीक, समय और अभ्यास की कमी है।% इसके अलावा, ट्रंप ने जानकारी दी कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी होर्मुज को व्यापार के लिए खोलने के पक्ष में हैं, जहां से दुनिया की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति होती है। गौरतलब है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक दल ने 11-12 अप्रैल को इस्लामाबाद में ईरानी नेताओं के साथ पहली बार आमने-सामने बातचीत की थी।

हम परमाणु हथियार नहीं चाहते, जहाजों को देंगे रास्ता

अराघची बोले- शांति वार्ता में भारत निभाए भूमिका

एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भारत और ईरान के रिश्तों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता और मजबूत रणनीतिक सहयोग मौजूद है। उन्होंने भारतीय सरकार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मेहमाननवाजी की खुलकर सराहना की।

अराघची ने कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान, जब उनके देश पर आक्रामक कार्रवाई हो रही थी, तब भी भारत लगातार संपर्क में रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने न सिर्फ कूटनीतिक समर्थन दिया बल्कि मानवीय सहायता के जरिए भी ईरानी जनता के साथ एकजुटता दिखाई। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा हम भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। भारत हमेशा से इस क्षेत्र में संतुलित और सम्मानजनक भूमिका निभाता रहा है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर अराघची ने अमेरिका और इस्राइल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि जब ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत चल रही थी, उसी दौरान अमेरिका और इस्राइल ने हमला कर दिया। उन्होंने कहा हम कूटनीति के बीच थे, लेकिन उसी समय हम पर हमला हुआ। यह पूरी तरह उकसावे वाली कार्रवाई थी।

अराघची ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम ने ईरान और अमेरिका के बीच भरोसे को और कमजोर कर दिया है। उनके मुताबिक, आज अमेरिका की तरफ से एक संदेश आता है और अगले दिन दूसरा। यही अविश्वास की सबसे बड़ी वजह है।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि फिलहाल संघर्ष विराम लागू है, लेकिन हालात अभी भी बेहद नाजुक बने हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ईरान किसी भी दबाव या प्रतिबंध के आगे झुकने वाला नहीं है। अराघची ने कहा कि ईरानी जनता सिर्फ सम्मान की भाषा समझती है। हमने हर बार दबाव का मुकाबला किया है और आगे भी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान किसी सैन्य समाधान में विश्वास नहीं करता और क्षेत्रीय शांति के लिए बातचीत ही सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशें अभी विफल नहीं हुई हैं और बातचीत के रास्ते अब भी खुले हुए हैं। अराघची ने साफ कहा कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार बनाने की इच्छा नहीं रखी। उनके मुताबिक, ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और इसे लेकर कई गलत धारणाएं फैलाई जा रही हैं।

अराघची ने पश्चिम एशिया संकट में भारत की भूमिका को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक है और वह शांति बहाली में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा भारत फारस की खाड़ी के सभी देशों का मित्र है। हम चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में आगे आए। ईरानी विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि अगर भारत कोई सकारात्मक मध्यस्थता की भूमिका निभाता है तो ईरान उसका स्वागत करेगा। चाबहार पोर्ट को लेकर एक सवाल पर अराघची ने कहा कि चाबहार पोर्ट भारत और ईरान के सहयोग का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इस परियोजना की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशिया, कॉकस और यूरोप तक पहुंच का गोल्डन गेट बनेगा। अराघची ने उम्मीद जताई कि भारत चाबहार पोर्ट के विकास कार्य को आगे भी जारी रखेगा।

सभी विभाग अलर्ट मोड में कार्य करें : ए.के. शर्मा

■ जौनपुर में प्रभारी मंत्री ए. के. शर्मा ने की आपदा एवं नगर व्यवस्थाओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा जनपद जौनपुर के भ्रमण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण भवन पहुंचकर शासन-प्रशासन, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले की स्थिति एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि बीते दो दिनों में आए आंधी-तूफान का जिले में व्यापक प्रभाव नहीं पड़ा है। हालांकि कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने के कारण बिजली के खंभों एवं ट्रांसमिशन लाइनों को क्षति पहुंची है, जिसे संबंधित विभागों द्वारा लगातार ठीक कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की जनहानि अथवा पशुहानि की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंधी, तूफान, बारिश एवं ओलावृष्टि के मौसम को देखते हुए आपदा प्रबंधन टीम को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए, ताकि किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पहले से तैयार रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व तैयारी मजबूत होने पर आपदा के समय नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है, इसलिए सभी विभाग पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए नगर क्षेत्रों में नाला-नालियों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत एवं साफ-सफाई का कार्य समय से पूरा कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां कहीं कूड़ा-करकट, जलभराव या क्षतिग्रस्त सड़कें हों, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सकुशल बरामद हुई अपहृता, सरायख्वाजा पुलिस की सक्रियता से मिली सफलता

जौनपुर। थाना सरायख्वाजा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार मु0अ0सं0-260/2026 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित अपहृता बीते 11 मई 2026 को लापता हो गई थी, जिसके बाद थाना सरायख्वाजा पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए अपहृता को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा अपहृता के स्वास्थ्य एवं मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है तथा नियमानुसार बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अपहृता की गरिमा, गोपनीयता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे– प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय उपनिरीक्षक बृजेश सिंह, महिला कांस्टेबल सरोजा, थाना सरायख्वाजा, जनपद जौनपुर।

ग्रीन चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता

■ बीडीओ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वृक्षारोपण, जल संरक्षण पर चर्चा की

जौनपुर। बक्शा विकास खंड के सुल्तानपुर गांव में शुक्रवार को एक 'ग्रीन चौपाल' का आयोजन किया गया। बक्शा के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शुभम बरनवाल और (एडीओआरडी) संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस चौपाल का उद्देश्य 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। इसका आयोजन ग्राम सचिव अवनीश यादव और ग्राम प्रधान सुशील विश्वकर्मा की देखरेख में हुआ।

ग्राम पंचायत सचिव अवनीश यादव ने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने और जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण और जल संरक्षण से वातावरण स्वच्छ रहता है और वन्यजीवों की रक्षा होती है। चौपाल में वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने पर भी चर्चा की गई।

यह पहल ग्रामीण विकास को गति देने, क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और ग्रामवासियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। इस ग्रीन चौपाल में पंचायत सचिव अवनीश यादव, ग्राम प्रधान सुशील विश्वकर्मा, पंचायत सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेत में शौच के लिए गई महिला से छेड़खानी

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)/अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही दो युवकों पर रास्ते में रोककर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार वह देर रात खेत की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में दो युवकों ने उसे रोक लिया और छेड़खानी करने लगे। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर परिवार की एक महिला मौके पर पहुंची, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पूर्वांचल विवि में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

जौनपुर/अवधनामा संवाददाता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बाला साहेब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में शुक्रवार को सम सेमेस्टर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का शुभारंभ हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने पहले दिन कॉमर्स विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कराया। कहा कि कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह जी के दिशा निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर परीक्षाफल घोषित होगा। मूल्यांकन समन्वयक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की मंशा के अनुरूप मूल्यांकन कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर उप समन्वयक डॉ. अजय कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र एवं डॉ. ममता सिंह, विशाल सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी संजय शर्मा, श्याम त्रिपाठी, मनू मिश्रा, अरविंद, मनोज कुमार, गुलाब, शैलेश, आशीष एवं शिवम आदि उपस्थित रहे।

मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण संपन्न

जौनपुर/अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत कजगांव में शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह को नगर पंचायत कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम दोपहर तीन बजे उपजिलाधिकारी सुनील कुमार जौनपुर द्वारा कराया गया। ज्ञात हो कि गत माह शासन द्वारा संतोष मिश्रा सुग्गु, काशीनाथ सेठ, राजेश पाण्डेय को नगर पंचायत कजगांव का नामित सभासद मनोनीत किया गया था। तीनों नव-नामित सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजित प्रजापति,चेयरमैन फिरोज अहमद खान, अधिशासी अधिकारी, चंदन सिंह गौड़ करंजाकला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन , बड़े बाबू आसिफ खान, दिवाकर उपाध्याय,सत्य प्रकाश मिश्रा, डब्लू तिवारी, अमित पांडेय अप्पू,पवन सिंह, दिनेश चौहान नगर पंचायत के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए नगर पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

साइकिल से नगर निगम कार्यालय पहुंचे महापौर

■ क्षेत्र का भ्रमण इलेक्ट्रिक स्कूटी से करेंगे

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से ईंधन की खपत को कम करने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के आह्वान का तीर्थराज प्रयाग में असर दिखने लगा है। महापौर गणेश केसरवानी अपनी चार पहिया गाड़ी का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने वाहन को हटा दिया है। महापौर आज शुक्रवार को अपने कीडगंज स्थित निवास से साइकिल पर सवार होकर नगर निगम स्थित कार्यालय पहुंचे। वहीं उन्होंने क्षेत्र में भ्रमण इलेक्ट्रिक स्कूटी से करने की बात कही है। गर्मी भी आज अपने चरम पर रही। इसी में उन्होंने साइकिल से सफर किया। महापौर ने पार्षदों और अधिकारियों से भी वाहनों का प्रयोग कम करने की अपील की है। इसके प्रभाव से अधिकतर पार्षदों ने चार पहिया वाहनों का प्रयोग न करने संकल्प लिया है। वह पैदल, साइकिल, पब्लिक ट्रांसपोर्ट या इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करेंगे। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रहित में अपील की है। उन्होंने दो गाड़ी से चलकर बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काफिला में वाहनों की संख्या कम किया है। राष्ट्र और समाज हित में उस मुहिम को हमें आगे बढ़ाना है।

उत्तर प्रदेशीय प्रारंभिक शिक्षक समिति का 1 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

आजमगढ़। उत्तर प्रदेशीय प्रारंभिक शिक्षक समिति, ब्लाक इकाई - तहबरपुर के शानदार एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक सभागार, तहबरपुर में ' वर्तमान परिवेश में शैक्षिक समस्याएं एवं शिक्षकों की भूमिका ' विषयक शैक्षिक एवं शिक्षकोन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ राम उजागिर शुक्ल ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। बच्चों द्वारा मनोहारी सरस्वती वंदना का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम् भेंटकर सम्मान किया गया। खचाखच भरे हुए सभागार में शैक्षिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ राम उजागिर शुक्ल ने कहा कि बदलते हुए परिवेश में शैक्षिक समस्याएं भी नए - ने रुपों में आ रही हैं।

नगर निकाय कार्ययोजनाओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

■ विकास कार्यों में गुणवत्ता पर डीएम सख्त

■ पूरे जिले में निर्माण दरें होंगी एक समान

■ बिना जांच नहीं मिलेगी कार्यों को मंजूरी

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों में राज्य वित्त आयोग एवं निबन्धन में 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क से आवंटित कार्यों की कार्ययोजना की स्वीकृति हेतु तथा वंदन योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त नगर निकायों द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। समीक्षा पश्चात् जिलाधिकारी ने प्रभारी नगरीय निकाय/मुख्य राजस्व अधिकारी व समस्त ईओ को निर्देशित किया कि रोड प्रति स्क्वायर तथा नाली प्रति क्यूबिक, मिट्टी भराई का रेट पूरे जनपद में समान होना सुनिश्चित किया जाए, जिसका डीपीआर में स्पष्ट अंकन होना चाहिए। नगर पालिका परिषद मुबारकपुर में विद्युत से संबंधित 04 करोड़ के कार्य को विद्युत विभाग से क्वालिटी व रेट परीक्षण पश्चात ही स्वीकृत किया जायेगा। जीयनपुर के अधिशासी अधिकारी को शासनादेश के अनुसार कार्य प्रस्तावित करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। नगर पंचायत जीयनपुर के कार्यालय मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य स्वीकृति का स्थलीय परीक्षण पश्चात ही स्वीकृत किया जाए। नगर पंचायत फूलपुर के क्रम संख्या 1 से 4 तक के कार्यों का स्थलीय परीक्षण का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि जहां भी निर्माण कार्य होना स्वीकृत किया जा रहा है, वहां 05 साल के अन्दर पुनः निर्माण कार्य न करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राज्य वित्त एवं स्टाम्प शुल्क से प्राप्त धनराशि का उपयोग जनहित एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजनाओं में साफ-सफाई, पेयजल, जल निकासी, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

आज आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

प्रयागराज। दो दिवसीय दौरे पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज प्रयागराज आयेंगे। भाजपा नेता राजेश केसरवानी ने बताया कि 16 अप्रैल को दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर हेलीपैड डीपीएस स्कूल अरैल ग्राउंड में उतरेंगे। दोपहर 2:30 बजे भाजपा यमुना पार जिले के द्वारा सच्चा बाबा आश्रम अरैल आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 3:45 पर सर्किट हाउस के सभागार में पार्टी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे तदोपरांत विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दिनांक 17 मई को कैंटोमेंट मैरिज हॉल करियप्पा रोड नई छावनी के प्रांगण में आयोजित भाजपा प्रयागराज महानगर के जिला प्रशिक्षण वर्ग 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि रूप में शामिल होंगे। दोपहर 2:30 बजे स्वामी भजनानंद मृत्युंजय धाम झूसी में आयोजित भाजपा गंगा पार जिले के जिला प्रशिक्षण 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और शाम 4:00 बजे सर्किट हाउस प्रयागराज आएंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं पीएम स्वनिधि योजना की डीएम ने की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया को प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक रेहड़ी, पटरी एवं छोटे दुकानदारों को योजना से आच्छादित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा ऐसे परिवारों को प्राथमिकता दी जाए, जो वास्तव में आवास सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना छोटे दुकानदारों एवं स्ट्रीट वेंडर्स के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के अधिक से अधिक रेहड़ी एवं पटरी दुकानदारों को योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहयोग देकर आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में पीओ डूडा/मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा ने जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने योजनाओं के अंतर्गत अब तक की उपलब्धियों, लंबित प्रकरणों तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

दुख की घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है: मंत्री

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में 13 मई को आए भीषण आंधी तूफान ने भारी तबाही मचाई। प्रयागराज सबसे ज्यादा प्रभावित जिला रहा, जहां 26 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जल शक्ति मंत्री एवं प्रयागराज के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।पत्रकारों से बातचीत के दौरान स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में पहली बार इतनी तेज आंधी-तूफान देखने को मिला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में जाकर पीड़ित परिवारों से मिलने और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें आवास सहायता और जरूरतमंद परिवारों को पेंशन योजना का लाभ भी दिया जाएगा। उन्होंने दैवीय आपदा में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरी सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।इस दौरान शंकरगढ़ क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर भी मंत्री ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस बार कम बारिश की संभावना को देखते हुए सरकार पहले से सतर्क है। पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के लिए भरे हुए डैमों पर निर्भरता रहेगी। उन्होंने लोगों से जल संरक्षण करने और पानी का सीमित उपयोग करने की अपील की। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के बढ़ते दामों पर मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर मंत्री और आम लोग ईंधन बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता। मऊआइमा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर 5 साल तक दुष्कर्म करने और फिर शादी से इनकार करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहिणी (परिवर्तित नाम) की मुलाकात चिरई बाजार के राहुल सरोज से एक शादी समारोह में हुई थी। दोनों ने मोबाइल नंबर साझा किए और बातचीत शुरू की, जिससे धीरे-धीरे प्रेम संबंध विकसित हो गए। इसके बाद दोनों की सहमति से शारीरिक संबंध भी बने। लगभग दो साल बाद जब परिजनों और गांव वालों को उनके संबंधों की जानकारी हुई, तो रोहिणी के परिजनों ने एक रात राहुल सरोज को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच समझौता हुआ और मई 2026 में उनकी शादी तय कर दी गई। समझौते के बाद रोहिणी और राहुल के बीच बातचीत कम हो गई। अब राहुल रोहिणी से शादी करने से इनकार कर रहा है। प्रिया ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पत्रकारों की आवासीय समस्याओं के निराकरण के लिए मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता। पत्रकारों की आवासीय समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयागराज प्रेस क्लब के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन मंडलायुक्त प्रयागराज मंडल और अध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण श्रीमती सौम्या अग्रवाल को सौंपा। ज्ञापन में प्रयागराज में भू-माफियाओं से खाली करायी गयी जमीनों पर प्राथमिकता के आधार पर मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भूखण्ड/ आवास उपलब्ध कराने और पत्रकारों की आवासीय सुविधा के लिए प्रयागराज जनपद में पत्रकार कालोनी के द्वितीय चरण की योजना शुरू कराने की मांग की गई। सचिव अचिन्त्य रंजन मिश्र ने बताया कि प्रयागराज में दशकों से काम कर रहे पत्रकारों के समक्ष आज भी आवास का संकट है। ऐसे में पीडीए द्वारा प्राथमिकता के आधार पर पत्रकारों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए योजना तैयार की जाय जिससे पत्रकारों का अपने आशियाने का सपना साकार हो सके।प्रतिनिधिमंडल में प्रयागराज प्रेस क्लब के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, सचिव अचिन्त्य रंजन मिश्र, आनन्द राज, छायाकार गगन जैन, सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मैनपुरी में सोलर योजना की समीक्षा

■ पीएम सूर्यघर योजना में तेजी लाने के निर्देश

■ 25 मई तक लंबित पत्रावलियां निस्तारित हों

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा के दौरान बैंकर्स, विद्युत, नेडा विभाग के अधिकारियों एवं सोलर एनर्जी के वेंडर से कहा कि समय की मांग को देखते हुए सोलर स्थापना की प्रगति सुधारें, बैंकर्स, विद्युत, नेडा एवं वेंडर आपस में समन्वय स्थापित कर तत्काल पत्रावलियों को स्वीकृत कराकर लोगों के यहां सोलर पैनल की स्थापना करायें, अधिशासी अभियंता विद्युत जिन लोगों के नाम संशोधित होने हैं, उन्हें प्राथमिकता पर संशोधन करायें, सोलर स्थापना के कार्य में किसी भी स्तर पर विलंब न हो, सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सोलर स्थापना से जो सोलर पावर एनर्जी जनरेट होगी, वह विद्युत विभाग के लिए लाभकारी होगी। उन्होंने कहा कि सोलर सिस्टम, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सभी सरकारी भवनों में प्राथमिकता पर स्थापित होंगे। उन्होंने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर पी.एम. सूर्यघर की कार्यशालाएं आयोजित करायें, जिसमें ग्राम प्रधानों, कोटेदारों, क्षेत्रीय कर्मियों, शिक्षकों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर उन्हें सोलर सिस्टम के लाभ के बारे में बताया जाए साथ ही लोगों को सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में बिजली, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती मांग तथा ऊर्जा संकट को देखते हुए सोलर ऊर्जा योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई हैं, अधिक से अधिक घरों एवं संस्थानों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जाने से न केवल आमजन को राहत मिलेगी बल्कि विद्युत ग्रिड पर बढ़ते दबाव को भी कम किया जा सकेगा। श्री त्रिपाठी ने पी.एम. सूर्यघर योजना की बैंकवार लंबित पत्रावलियों की समीक्षा के दौरान कहा कि विभिन्न बैंकों में अभी 498 पत्रावलियां स्वीकृत हेतु अवशेष हैं, जिसमें सर्वाधिक 147 पत्रावलियां भारतीय स्टेट बैंक में, 82 बैंक ऑफ इंडिया में, 69 पंजाब नेशनल बैंक, 39 बैंक ऑफ बड़ौदा में, 24 आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में, 22 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में स्वीकृत हेतु लंबित हैं। उन्होने बैंकर्स से कहा कि केन्द्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना में पत्रावलियों को अकारण लंबित न रखें, लंबित पंत्रावलियों को प्रत्येक दशा में 25 मई तक स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित करायें यदि किसी स्तर पर कोई समस्या आये तो तत्काल परियोजना अधिकारी नेडा, मुख्य विकास अधिकारी के संज्ञान में लायें। उन्होंने कहा कि वेंडर्स, बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी के कारण अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने सभी वेंडर्स का 30 मई तक 15-15 सोलर पैनल स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए वैण्डर्स से कहा कि अधिकतम संख्या में इंस्टॉलेशन पूर्ण किए जाएं। उन्होने कहा कि प्रत्येक वेंडर प्रतिदिन कम से कम एक इंस्टॉलेशन का लक्ष्य निर्धारित करे तथा 15 दिन में न्यूनतम 15 इंस्टॉलेशन अवश्य पूरे करे, जो वेंडर्स बेहतर कार्य करेंगे।

श्री हरि धाम गोठी में दर्शनार्थियों के वाहन पर हमला

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोठी बेलसारा स्थित श्री हरी धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर भक्तों और स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। आरोप है कि मंदिर परिसर के आसपास रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा लगातार श्रद्धालुओं को परेशान किया जा रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद पुलिस स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार गोठी बेलसारा में स्थित श्री हरी धाम सनातन सेवा ट्रस्ट एवं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी विनयानन्द गिरी जी महाराज के संरक्षण में संचालित श्री हरि विष्णु दरबार में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान भी कई बार विवाद की स्थिति उत्पन्न की जाती रही है।

भक्तों द्वारा आरोप लगाया गया है कि पड़ोस में रहने वाले कृष्णा राम विश्वकर्मा उर्फ कल्लू विश्वकर्मा द्वारा आए दिन दर्शनार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इतना ही नहीं, श्रद्धालुओं की गाड़ियों में तोड़फोड़ करने, महिलाओं के साथ बदसलूकी करने तथा गाली-गलौज करने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

भाजपा सरकार ने जनता की जेब पर फिर डाका डाला : दान बहादुर मधुर

प्रयागराज। सपा प्रवक्ता दान बहादुर सिंह मधुर ने कहा है कि तेल के दाम बढ़ाकर भाजपा सरकार ने जनता की जेब पर फिर डाका डाल दिया है। हर सुबह देशवासियों को महंगाई का नया झटका मिलता है और सरकार सिर्फ विज्ञापन में विकास दिखाती है। गरीब की रसोई उजड़ रही है, किसान की लागत बढ़ रही है, नौजवान की कमाई घट रही है और सरकार मुनाफाखोरी में लगी है। उन्होंने कहा कि ये सरकार जनता को राहत नहीं, सिर्फ टैक्स और बोझ दे रही है। देश पूछ रहा है कि क्या यही 'अच्छे दिन' हैं? क्या जनता सिर्फ टैक्स देने के लिए है? अब जनता समझ चुकी है का महंगाई भाजपा की सबसे बड़ी पहचान बन चुकी है। 2027 और 2029 में जनता इस आर्थिक अत्याचार का जवाब वोट से देगी।

हमदर्द लेबोरेटरीज ने लखनऊ में 'हेल्दी इंडिया, हमदर्द इंडिया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान' की शुरुआत की

लखनऊ। हमदर्द लेबोरेटरीज, जो भारत की अग्रणी और सबसे विश्वसनीय स्वास्थ्य और वेलनेस कंपनियों में से एक है, ने आज लखनऊ से हेल्दी इंडिया, हमदर्द इंडिया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरुआत की, जो उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में हुई। यह एक बड़े स्तर की सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता पहल की शुरुआत है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों में निवारक स्वास्थ्य सेवा, पोषण जागरूकता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।इस पहल के तहत, 30 दिनों का एक अभियान पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के 30 शहरों को कवर करेगा, जिसमें जागरूकता अभियान, वेलनेस इंटरैक्शन, बीएमआई चेक-अप और सामुदायिक गतिविधियाँ शामिल होंगी। अभियान का पहला चरण लखनऊ से शुरू हो चुका है और यह कानपुर, बांदा, प्रयागराज, वाराणसी, आज़मगढ़, गोरखपुर, बस्ती, फैजाबाद और सीतापुर को कवर करेगा। इसके बाद पटना और भागलपुर से इसी तरह की पहल शुरू की जाएगी।लखनऊ में आयोजित इस लॉन्च में आयुष और यूनानी क्षेत्र के प्रमुख नामों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. नजमुस साहेर, डिप्टी डायरेक्टर, सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन यूनानी मेडिसिन; डॉ. जमाल अख्तर, डायरेक्टर - यूनानी सर्विसेज, उत्तर प्रदेश; डॉ. अब्दुल कावी, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट यूनानी कॉलेज, लखनऊ; डॉ. मोहम्मद खालिद सिद्दीकी, यूनानी विशेषज्ञ और इन्फ्लुएंसर; और एराम यूनानी मेडिकल कॉलेज के डॉ. हलीम शामिल थे, जिन्होंने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह अभियान राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष मंत्रालय के दृष्टिकोण के अनुरूप है और स्वास्थ्य और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की हमदर्द की 120 से अधिक वर्षों की विरासत को आगे बढ़ाता है इस पहल पर बोलते हुए, हमदर्द लेबोरेटरीज इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग ट्रस्टी, श्री अब्दुल मजीद सानी ने कहा, ÷हमदर्द में हम मानते हैं कि स्वास्थ्य जागरूकता और पोषण शिक्षा राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। 'स्वास्थ्य जागरूकता अभियान' के माध्यम से, हम स्वस्थ जीवनशैली के विकल्पों को बढ़ावा देने और भारत भर के समुदायों को प्रभावित करने वाली पोषण संबंधी चुनौतियों को दूर करने में सार्थक योगदान देने का लक्ष्य रखते हैं।

भारत में सोने का आयात 82 फीसदी बढ़ा, चांदी भी 157 फीसदी उछली

नई दिल्ली। अप्रैल में भारत का सोने का आयात 81.69 फीसदी बढ़कर 5.62 अरब डॉलर हो गया। चांदी का आयात भी 157.16 फीसदी बढ़कर 411 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। कीमती धातुओं की ऊंची कीमतों के कारण यह वृद्धि हुई है। सरकार ने 13 मई से सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 वित्तीय वर्ष में सोने का आयात 24 फीसदी बढ़कर 71.98 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, मात्रा के हिसाब से यह 4.76 फीसदी घटकर 721.03 टन रहा। इसी अवधि में चांदी का आयात भी करीब 150 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया। मात्रा की बात करें तो चांदी का आयात 42 फीसदी बढ़कर 7,334.96 टन दर्ज किया गया।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि बढ़े हुए आयात शुल्क से इस वर्ष आयात में कमी आने की संभावना है। चांदी के मामले में औद्योगिक उपयोग के कारण शुल्क वृद्धि का प्रभाव अपेक्षाकृत कम हो सकता है। उनका मानना है कि खपत आधारित मांग में निश्चित रूप से कमी आएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यूएई के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत टैरिफ दर कोटा (टीआरक्यू) का सोने के आयात पर खास असर नहीं पड़ा है।

अप्रैल में कीमती धातुओं के आयात में भारी उछाल दर्ज किया गया। सोने की ऊंची कीमतें इस वृद्धि का एक प्रमुख कारण रहीं। राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव करीब 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम है। चांदी का भाव करीब 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम है। स्विट्जरलैंड सोने का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, जिसका हिस्सा करीब 40 फीसदी है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और दक्षिण अफ्रीका भी प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।

रे नियो फार्मा लखनऊ में लॉन्च, उत्तर प्रदेश और उभरते क्षेत्रीय बाजारों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ाई

लखनऊ। अगली पीढ़ी की फार्मास्यूटिकल कंपनी रे नियो फार्मा ने आज औपचारिक रूप से लखनऊ में अपना कामकाज शुरू कर दिया है। कंपनी उत्तर प्रदेश तथा आसपास के टियर II और टियर III बाजारों में गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के अपने संकल्प को और मजबूत कर रही है। यह घोषणा शहर में हुई प्रेस मीट के दौरान की गई। कंपनी की नेतृत्व टीम ने इस दौरान कंपनी के लंबे समय के स्वास्थ्य विजन, क्षेत्रीय विकास योजना और मरीज-केंद्रित देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। लखनऊ को उत्तर भारत की रणनीति के मुख्य केंद्रों में से एक बनाते हुए, रे नियो फार्मा शहर की महत्वपूर्ण भूमिका का फायदा उठाना चाहती है। लखनऊ उत्तर प्रदेश और आस-पास के राज्यों के लिए एक बड़ा चिकित्सा और रेफरल हब है। इस क्षेत्र के टियर 2 और टियर 3 बाजारों के मरीज लखनऊ जैसे शहरों पर उन्नत इलाज के लिए निर्भर हैं। कंपनी इस क्षेत्र में स्वास्थ्य

सेवाओं की आसानी से उपलब्धता और लगातार इलाज को बेहतर बनाने के लिए अच्छे अवसर देख रही है। यह बेल्ट देश के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य बाजारों में से एक है, जहां पुरानी और जीवनशैली से संबंधित बीमारियों के बढ़ते मामले, स्वास्थ्य जागरूकता में वृद्धि तथा विश्वसनीय उपचार विकल्पों की बढ़ती मांग प्रमुख कारण हैं। रे नियो फार्मा इन बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए मजबूत वितरण नेटवर्क, विश्वसनीय डॉक्टर पार्टनरशिप और उभरते स्वास्थ्य बाजारों में निरंतर दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। रे नियो फार्मा 90 से अधिक फॉर्मुलेशन्स का एक बड़ा पोर्टफोलियो पेश कर रही है, जिसमें एक्यूट और क्रॉनिक दोनों प्रकार की थेरेपी शामिल हैं। साथ ही कंपनी उन्नत फॉर्मुलेशन्स की एक बढ़ती पाइपलाइन पर भी काम कर रही है। कंपनी का पोर्टफोलियो प्रमुख थेरेपी क्षेत्रों को कवर करता है, जिनमें एंटीबायोटिक्स, एंटी-डायबिटिक केयर, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल (पेट संबंधी) उपचार, दर्द और ऑर्थोपेडिक प्रबंधन, श्वास संबंधी और एलर्जी केयर, कार्डियक थेरेपी तथा डर्मेटोलॉजी शामिल हैं। अमित पाटनी द्वारा स्थापित रे नियो फार्मा टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और फाइनेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता की मजबूत विरासत को साथ लेकर आई है।

इस क्रॉस-सेक्टर विशेषज्ञता कंपनी के आधुनिक, चुस्त और नैतिक रूप से संचालित फार्मास्यूटिकल बिजनेस बनाने तथा दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभाव सुनिश्चित करने की दृष्टि को मजबूती प्रदान करती है।

लखनऊ में बिकानेरवाला ने अपने 6वें आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया

लखनऊ। बिकानेरवाला भारत के सबसे लोकप्रिय पारंपरिक भारतीय मिठाई एवं स्नेक्स ब्रांड्स में से एक है। यह एक 100% शाकाहारी रेस्टोरेंट है, जो मल्टी-क्यूज़ीन व्यंजनों के साथ विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ तक्रूक्र फॉर्मेट में उपलब्ध कराता है। नया आउटलेट इंदिरा नगर, सेक्टर-5, लेखराज डॉलर कॉम्प्लेक्स, लखनऊ में स्थित है।

5000+ वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह आउटलेट 100+ पूर्णतः वातानुकूलित बैठने की क्षमता एवं एक पार्टी हॉल से सुसज्जित है। इंदिरा नगर आउटलेट, बिकानेरवाला की विस्तार यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा लखनऊ में ब्रॉड की मजबूत उपस्थिति को और सुदृढ़ करता है। बिकानेरवाला की लखनऊ में पहले से ही गोमती नगर, विजय टॉवर, लुलु मॉल, फन रिपब्लिक मॉल एवं एमराल्ड मॉल में सफल उपस्थिति है।

वर्ष 2026-27 में कंपनी 50+ नए आउटलेट जोड़ने के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया एवं यूरोप में विस्तार करने की योजना बना रही है। इसके अतिरिक्त घरेलू बाजार में कर्नाटक एवं झारखंड में भी विस्तार किया जाएगा। औसतन, बिकानेरवाला रेस्टोरेंट्स में प्रतिमाह 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों की फुटफॉल दर्ज की जाती है।

बिकानेरवाला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री अशोक अग्रवाल ने बिकानेरवाला÷ ब्रांड की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। भारतीय मिठाइयों एवं स्नैक्स का पर्याय बन चुका बिकानेरवाला वर्ष 1905 से अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है। इसकी शुरुआत बीकानेर के कोटे गेट क्षेत्र में ÷बीकानेर नमकीन भंडार÷ नामक एक छोटी मिठाई की दुकान से हुई थी, जिसकी स्थापना श्री लालचंद अग्रवाल ने की थी। प्रारंभ में यहाँ स्थानीय स्वाद के अनुरूप सीमित मिठाइयाँ एवं नमकीन उपलब्ध कराए जाते थे, जिन्हें लोगों ने अत्यंत पसंद किया और व्यवसाय निरंतर बढ़ता गया।

इसके बाद परिवार के दो भाइयों ने वर्ष 1950 में दिल्ली के चांदनी चौक में एक नई दुकान स्थापित की। पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक पारिवारिक रेसिपीज़ के माध्यम से उन्होंने दिल्लीवासियों को एक अनूठा स्वाद अनुभव प्रदान किया। बीकानेर नमकीन भंडार शीघ्र ही रसगुल्ला, बीकानेरी भुजिया एवं काजू कतली जैसी प्रसिद्ध मिठाइयों एवं स्नेक्स के लिए लोकप्रिय हो गया। समय के साथ लोग इस प्रतिष्ठान को प्रेमपूर्वक बिकानेरवाला कहने लगे और इसी प्रकार इस प्रतिष्ठित ब्रांड का जन्म हुआ।

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट ने किया समझौता

लखनऊ। भारत के सबसे बड़े निजी एयरपोर्ट ऑपरेटर अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और दुनिया की प्रमुख आतिथ्य कंपनियों में शामिल आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने भारत के प्रमुख एयरपोर्ट-लिंक?ड और उच्च-विकास वाले शहरी स्थानों पर पांच होटलों को विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक मैनेज्ड होटल पोर्टफोलियो समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री प्रणव अदाणी, डायरेक्टर, अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने कहा, ÷अदाणी ग्रुप हॉस्पिटैलिटी और एयरपोर्ट-केंद्रित शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए विश्व स्तरीय गंतव्यों का निर्माण करना चाहता है, जहां यात्रा, ठहरने और शहरी अनुभवों को भारत के तेजी से बढ़ते एविएशन इकोसिस्टम के साथ सहज रूप से जोड़ा जाए। हम यह प्लेटफॉर्म विश्व स्तर के प्रमुख होटल ब्रांड्स के साथ साझेदारी में बना रहे हैं, जो वैश्विक मानकों, परिचालन उत्कृष्टता और स्केल लाते हैं। आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट के साथ हमारी यह साझेदारी और प्रमुख गेटवे डेस्टिनेशन्स पर पांच होटलों के विकास, भारत की दीर्घकालिक यात्रा और आर्थिक विकास के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले आतिथ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुदीप जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, साउथ वेस्ट एशिया, आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने कहा, ÷अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के साथ हमारी साझेदारी भारत के आतिथ्य क्षेत्र में मौजूद अवसरों के पैमाने को दर्शाती है, खासकर गेटवे शहरों और एयरपोर्ट-लेड डेवलपमेंट्स में, जहां बिजनेस, लीजर और ट्रांजिट ट्रैवलर्स की मजबूत मांग देखने को मिल रही है। लग्जरी, प्रीमियम और एसेंशियल ब्रांड्स के मिश्रण के साथ, यह पोर्टफोलियो हमें देश भर के हाई-ग्रोथ मार्केट्स में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। यह समझौता हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है, क्योंकि इससे किम्पटन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स का भारत में प्रवेश हो रहा है। इस समझौते के तहत आईएचजी के विभिन्न ब्रांड्स के अंतर्गत 1500 से अधिक कमरों का प्रावधान किया जाएगा। यह आईएचजी का भारत में अब तक का सबसे बड़े पोर्टफोलियो प्रबंध करने का समझौता है। यह विकास भारत में यात्रा की बढ़ती मांग और विमानन, पर्यटन तथा एयरपोर्ट-केंद्रित शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के तेज़ विस्तार के अनुरूप है।

इस पोर्टफोलियो में जयपुर में एक किम्पटन होटल शामिल है, साथ ही आने वाले हॉस्पिटैलिटी-लेड मिश्रित-उपयोग विकास में हॉलिडे इन और हॉलिडे इन एक्सप्रेस होटल भी शामिल हैं, जो अदाणी एयरपोर्ट सिटीज़ का हिस्सा हैं। ये होटल नवी मुंबई, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम में प्लान किए गए हैं। एएएचएल आईएएचजी के साथ इस साझेदारी को और मजबूत करने तथा इसका विस्तार करने के लिए उन्नत चर्चाओं में भी है। यह साझेदारी किम्पटन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स ब्रांड की भारत में पहली एंट्री है।

इंडक्शन कुकिंग की ओर भारत के बढ़ते कदमों को गति दे रही स्टोवक्राफ्ट

बेंगलुरु। भारत की अग्रणी किचन एवं होम अप्लायंस कंपनियों में से एक स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने 31 मार्च, 2026 को खत्म हुई तिमाही एवं वित्त वर्ष में अपने इंडक्शन एवं एनर्जी एफिशिएंट अप्लायंस पोर्टफोलियो में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। कुकिंग को लेकर लोगों की बदलती प्राथमिकता और वैकल्पिक कुकिंग सॉल्यूशंस की बढ़ती स्वीकार्यता से यह वृद्धि हुई है। बीती तिमाही में कंपनी की इंडक्शन कुकटॉप कैटेगरी विकास का प्रमुख कारक बनकर सामने आई है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में इस कैटेगरी की वैल्यू ग्रोथ 89.4 प्रतिशत रही। इसी अवधि में वॉल्युम ग्रोथ की तुलना में यह काफी ज्यादा है। यह मजबूत प्रदर्शन एनर्जी एफिशिएंट कुकिंग अप्लायंस को लेकर लोगों की बढ़ती प्राथमिकता को दिखाता है। विशेष रूप से ऊर्जा दक्षता, सुगमता और मॉडर्न किचन सॉल्यूशंस को लेकर बढ़ती जागरूकता से यह संभव हुआ है।

इस प्रदर्शन को लेकर स्टोवक्राफ्ट

लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र गांधी ने कहा, 'वैश्विक बाजारों में ऊर्जा और ईंधन को लेकर हाल के दिनों में हुई उठापटक ने ज्यादा एनर्जी रेजिलिएंट फ्यूचर की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। इससे वैकल्पिक कुकिंग सॉल्यूशंस की ओर लोगों ने तेजी से शिफ्ट किया है। हमारा मानना है कि इस बदलाव से आने वाले वर्षों में लोगों के व्यवहार एवं किचन अप्लायंस के उपयोग में बदलाव देखने को मिलेगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'स्टोवक्राफ्ट में हम अपने इंडक्शन एवं स्मार्ट अप्लायंस पोर्टफोलियो को मजूबत करते हुए, सोर्सिंग की क्षमता बढ़ाते हुए, सप्लाई चेन को दुरुस्त करते हुए और मेट्रो एवं अन्य शहरों में पहुंच मजबूत करते हुए इस बदलाव के लिए तैयार हो रहे हैं। इंडक्शन कुकटॉप कैटेगरी में मजबूत विकास इस बदलती मांग को दिखा रहा है। हम एनर्जी एफिशिएंट और इनोवेटिव कुकिंग सॉल्यूशंस को भारतीय परिवारों की आसान पहुंच में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

अप्लायंस पोर्टफोलियो में मजबूती के साथ चौथी तिमाही में कंपनी का राजस्व 414.52 करोड़ रुपये और पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व 1607.42 करोड़ रुपये रहा। चौथी तिमाही में राजस्व में सालाना आधार पर 32.4 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष में 10.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। लगातार उतार-चढ़ाव और इनपुट मैटेरियल को लेकर लागत के दबाव के बावजूद कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में ग्रॉस मार्जिन को 60 आधार अंक तक बढ़ाया। खरीदारी में सख्त नियंत्रण, परिचालन में दक्षता और बेहतर प्रोडक्ट मिक्स से यह संभव हुआ।

वित्त वर्ष 2025-26 में एबिटडा 10.3 प्रतिशत बढ़कर 166.13 करोड़ रुपये रहा और एबिटडा मार्जिन 10.3 प्रतिशत पर स्थिर रहा। यह प्रॉफिटेबल ग्रोथ और ऑपरेशनल डिसिप्लन पर कंपनी के फोकस को दिखाता है। चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ (पीएटी) में सालाना आधार पर 317.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई। पूरे वित्त वर्ष में पीएटी 9.1 प्रतिशत बढ़ा। पीएटी मार्जिन 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहा। लीज लायबिलिटी के अलावा नेट डेट वित्त वर्ष 2023-24 के 192.92 करोड़ रुपये से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 27.38 करोड़ रुपये रह गया है।

अप्रैल में भारत का निर्यात 13.78% बढ़कर 43.56 अरब के पार

नई दिल्ली। व्यापारिक मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अप्रैल का महीना मिले-जुले रुझानों वाला रहा है। एक तरफ जहां वैश्विक स्तर पर भारत के कुल निर्यात में शानदार दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं दूसरी ओर पश्चिम एशिया के साथ होने वाले व्यापार में एक बड़ी गिरावट देखने को मिली है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल निर्यात और आयात दोनों में बढ़ोतरी हुई है, जो घरेलू और बाहरी मांग की गतिशीलता को दर्शाता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल के महीने में भारत के कुल निर्यात ने मजबूत प्रदर्शन किया है।

निर्यातः अप्रैल में देश का कुल निर्यात साल-दर-साल आधार पर 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। यह वृद्धि भारतीय उत्पादों की निरंतर मांग और निर्यातकों के बेहतर प्रदर्शन को रेखांकित करती है।

आयातः दूसरी ओर, आयात के मोर्चे पर भी 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में भारत का कुल आयात बढ़कर 71.94 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 65.38 अरब डॉलर था।

कुल व्यापारिक आंकड़ों में जहां सकारात्मकता है, वहीं क्षेत्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया के साथ व्यापारिक संबंधों में अप्रैल के दौरान सुस्ती दर्ज की गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के बयान के अनुसार, पश्चिम एशिया के साथ द्विपक्षीय व्यापार के दोनों पैमानों (आयात और निर्यात) में भारी गिरावट आई है-

निर्यात में गिरावटः पश्चिम एशिया को होने वाला भारत का निर्यात 28 प्रतिशत तक लुढ़क गया है। अप्रैल में यह आंकड़ा घटकर 4.16 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 5.78 अरब डॉलर था।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस आजः बचाव के मजबूत कदम उठाने की अपील

लखनऊ। हर साल 16 मई को देश में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय डेंगू दिवस की पूर्व संध्या पर डॉक्टर्स ने डेंगू से बचाव के लिये मजबूत कदम उठाने की अपील की है। इस दिवस के साथ ही मानसून के आगमन से पहले बचाव के कदम उठाने की शुरुआत हो जाती है। यह दिवस सही समय पर इस बात की याद दिलाता है कि डेंगू से बचाव के लिए लोगों, परिवारों और समाज के स्तर पर लगातार प्रयास की जरूरत है। बढ़ते तापमान और जलवायु के बदलते पैटर्न को देखते हुए इस साल पूरे भारत में डेंगू का खतरा बढ़ा है। इसलिए यह रिमाइंडर इस बार और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। नियो-चाइल्ड क्लीनिक, महानगर, लखनऊ के सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी), 2023 के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. संजय निरंजन ने कहा, ÷मैंने अक्सर देखा है कि जब किसी बच्चे को दूसरी बार डेंगू होता है, तो माता-पिता सोच में पड़ जाते हैं। एक गलत धारणा है कि अगर किसी को एक बार डेंगू हो गया है, तो उसे दोबारा यह बीमारी नहीं हो सकती। माता-पिता को यह समझना होगा कि चार अलग-अलग तरह के वायरस से डेंगू होता है। ये चारों वायरस अक्सर एक ही समय पर फैलते हैं। किसी एक वायरस से संक्रमित होने पर सिर्फ उसी वायरस से उम्रभर के लिए इम्यूनिटी मिलती है, न कि बाकी दूसरे वायरस से। इसका मतलब है कि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में डेंगू से चार बार तक संक्रमित हो सकता है।

बड़े मंगल के बीच लखनऊ में इनमोबी की हायरिंग पहल, टेक प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर

लखनऊ। एजेंटिक कॉमर्स और विज्ञापन के भविष्य को ताकत प्रदान कर रही वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनी इनमोबी लखनऊ में अपनी टेक्नोलॉजी प्रतिभाओं का विस्तार कर रही है। इसी क्रम में, कंपनी ने 18 और 19 मई को भर्ती अभियान (हायरिंग ड्राइव) आयोजित करने की घोषणा की है। गोमती नगर स्थित इनमोबी के कार्यालय में आयोजित यह पहल संयोग से शहर में बड़े मंगल के उत्सव के दौरान हो रही है, जिससे स्थानीय युवाओं और तकनीकी पेशेवरों के लिए अपने ही शहर में करियर बनाने के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

यह विस्तार क्षेत्र के सबसे अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों के लिए लखनऊ शहर से वैश्विक स्तर के उत्पाद बनाने का एक सीधा आह्वान है। लखनऊ में इन महत्वपूर्ण भूमिकाओं को लाकर, इनमोबी शीर्ष प्रतिभाओं को महानगरों की ओर

पलायन करने की आवश्यकता से मुक्त कराएगा और उन्हें शहर में ही विश्वस्तरीय कार्य संस्कृति तथा उन्नत तकनीकी अवसंरचना उपलब्ध कराएगा। InMobi द्वारा 5 से 12 वर्षों के अनुभव वाले अनुभवी इंजीनियरिंग पेशेवरों को नियुक्त किया जाएगा। जिन वरिष्ठ पदों के लिए भर्ती की जाएगी, उनमें SDE III, SDE IV, स्टाफ इंजीनियर्स और SecOps Leads जैसी भूमिकाएँ शामिल हैं।

साक्षात्कार प्रक्रिया में उम्मीदवारों का मूल्यांकन कोडिंग दक्षता, समस्या-समाधान क्षमता और सिस्टम डिज़ाइन विशेषज्ञता के आधार पर किया जाएगा, जिससे इनमोबी में वैश्विक डीप-टेक नवाचार को आगे बढ़ाने में लखनऊ की भूमिका और मजबूत होगी। वरिष्ठ डेवलपर्स, टेक लीड्स और सुरक्षा विशेषज्ञों को ऑनलाइन आवेदन करने और इनमोबी की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को भर्ती टीमों के साथ आमने-सामने की बातचीत के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इनमोबी समूहएजेंटिक कॉमर्स और विज्ञापन के भविष्य को नई दिशा दे रहा है। इनमोबी Advertising और इसके प्रमुख उपभोक्ता प्लेटफ़ॉर्म Glance जैसे अपने व्यापक इकोसिस्टम के माध्यम से, समूह उन्नत डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और जनरेटिव एआई का उपयोग कर ब्रांड्स को सटीक रूप से उपभोक्ताओं तक पहुँचने में सक्षम बना रहा है, वहीं उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों की खोज को अधिक सहज और स्मार्ट बना रहा है। यही डीप-टेक विशेषज्ञता लखनऊ टेक्नोलॉजी सेंटर की मुख्य ताकत है, जोते जी से जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग ऑपरेशंस और बड़े पैमाने की एआई अवसंरचना को आगे बढ़ाने वाला प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।

बड़े मंगल के प्रतीक अवसर पर इस पहल की शुरुआत कर, इनमोबी लखनऊ के टेक इकोसिस्टम के प्रति अपनी दीर्घ कालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है।

वर्ल्ड हाइपरटेंशन डेः रीजेंसी हेल्थ ने युवाओं में बढ़ते हाइपरटेंशन पर हेल्थ एडवाइज़री जारी किया

लखनऊ। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के अवसर पर रीजेंसी हेल्थ लखनऊ ने एक पब्लिक हेल्थ एडवाइज़री जारी की है। रीजेंसी हेल्थ लखनऊ, मरीज़ों को शिक्षित करने वाली पहलों के ज़रिए निवारक स्वास्थ्य सेवा और जन जागरूकता पर अपना ध्यान लगातार बढ़ा रहा है। इन पहलों का उद्देश्य बीमारियों का जल्द पता लगाना, स्वस्थ लाइफ़स्टाइल अपनाना और लंबे समय तक हृदय संबंधी स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना है।

हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने यह नोटिस किय कि 20 और 30 की उम्र के आखिर में हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों की संख्या बढ़ रही है। ऐसा ज़्यादातर क्रोनिक तनाव, खराब नींद, अस्वस्थ खाने की आदतों, मोटापे, आलसभरी लाइफस्टाइल, धूम्रपान, शराब पीने और लंबे समय तक स्क्रीन का उपयोग करने से होता है। हॉस्पिटल ने नियमित ब्लड प्रेशर जांच और लाइफस्टाइल में शुरुआती बदलाव के बारे में ज़्यादा जागरूकता फैलाने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि हाइपरटेंशन का अक्सर तब तक पता नहीं चलता जब तक कि गंभीर समस्याएं हृदय, किडनी, मस्तिष्क या खून की नसों पर असर न डालने लगें। चिकित्सा विशेषज्ञों ने ज़ोर देकर कहा कि समय पर निदान, नियमित जांच और रोज़ाना की स्वस्थ आदतें युवा आबादी में कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के लंबे समय के बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

हाइपरटेंशन को आम तौर पर ÷साइलेंट किलर÷ कहा जाता है, क्योंकि इसमें शुरुआती स्टेज में कोई ख़ास लक्षण नज़र नहीं आता है और शरीर कई सालों तक चुपचाप नुकसान झेलता रहता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन के मुताबिक, ड्ब्लूह साउथ-ईस्ट एशिया क्षेत्र में 294 मिलियन से ज़्यादा लोग अभी हाइपरटेंशन से पीड़ित हैं, यही कारण है कि यह बीमारी पूरी दुनिया में समय से पहले होने वाली मौतों के मुख्य कारणों में से एक बन गई है। भारत में ह्स्ास्-5 के परिणामों के अनुसार, लगभग चार में से एक वयस्क का ब्लड प्रेशर का स्तर बढ़ा हुआ रहता है, और लाइफस्टाइल से जुड़े जोखिम कारक कम उम्र के लोगों को भी इस बीमारी से तेज़ी से प्रभावित कर रहे हैं।

इस बीमारी के बारे में और ज्यादा जानकारी साझा करते हुए रीजेंसी हेल्थ लखनऊ के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हर्षित गुप्ता ने कहा, ÷हाइपरटेंशन अब सिर्फ बुढ़ापे में होने वाली समस्या नहीं रह गई है। हम युवाओं में भी इसका निदान कर रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि युवा लोग लगातार तनाव व चिंता, अनियमित नींद, ख़राब खाने पीने की आदतें और कम शारीरिक गतिविधि के आदी हो चुके हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस बीमारी से ग्रसित होने के बाद भी लोगों को पता नहीं होता है कि उन्हें यह बीमारी है लक्षण जब दिखने शुरू होते हैं तो काफी देर हो चुकी होती है। शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों में नुकसान होना शुरू हो चुका होता है। एक साधारण सी ब्लड प्रेशर जांच से बीमारी के खतरे को जल्दी भांपा जा सकता है और हृदय बीमारियों, स्ट्रोक या किडनी की समस्याओं से बचा जा सकता है।÷

प्रेस्टीज ने लॉन्च की नई ट्राई-प्लाई हैमर्ड कुकवेयर रेंज, रोजाना की कुकिंग होगी आसान और बेहतर

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी किचन अप्लायंस और कुकवेयर ब्रांड टीटीके प्रेस्टीज ने आधुनिक भारतीय किचन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी नई ट्राई-प्लाई हैमर्ड कुकवेयर रेंज पेश की है। यह नई रेंज बेहतर परफॉर्मेंस, मजबूत डिजाइन और स्टाइलिश लुक का शानदार मेल है, जिसे खास तौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो रोजमर्रा की कुकिंग में सुविधा के साथ प्रीमियम अनुभव भी चाहते हैं।

ट्राई-प्लाई हैमर्ड रेंज में कड़ाही, डीप कड़ाही और ग्लास लिड वाले फ्राई पैन सहित रोजमर्रा की जरूरतों के हिसाब से कई तरह के कुकवेयर विकल्प शामिल किए गए हैं। ये सामान्य घरेलू खाना बनाने से लेकर खास व्यंजन तैयार करने तक हर जरूरत को पूरा करते हैं। इस कुकवेयर में एडवांस ट्राई-प्लाई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे हीट पूरे बर्तन में समान रूप से फैलती है। इससे खाना तेजी से और एकसमान तरीके से पकता है। इसके भीतर मोटी एल्यूमीनियम कोर को हाई-क्वालिटी स्टेनलेस स्टील की परतों के बीच लगाया गया है, जो बेहतर हीट रिटेंशन के साथ

कुलकुला देवी मंदिर और हिरण्यवती नदी का होगा कायाकल्प

निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने दिए निर्देश, पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी

अवधनामा ब्यूरो

हिरण्यवती नदी के सफाई कार्य का निरीक्षण करते डीएम

कुशीनगर। कसया क्षेत्र के दिलीपनगर स्थित पौराणिक आस्था के केंद्र माँ कुलकुला देवी मंदिर और उसके समीप बहने वाली हिरण्यवती नदी क्षेत्र का अब समग्र विकास किया जाएगा। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण कर मंदिर परिसर, नदी तट और आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन विकास को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नदी तट के सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि धार्मिक और पर्यटन स्थलों को स्वच्छ और व्यवस्थित रखना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं व पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके। जिलाधिकारी ने मनरेगा और जिला पंचायत राज विभाग द्वारा कराए जा रहे सफाई कार्यों की प्रगति का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि हिरण्यवती नदी को 500-500 मीटर के खंडों में विभाजित कर गुणवत्तापूर्ण सफाई कार्य कराया जाए तथा पर्यटकों द्वारा फेंके गए प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्र कर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता होगी वहां ड्रोन सर्वेक्षण कराकर मशीनों की सहायता से नदी में जमी सिल्ट और झाड़ियों को हटाया जाएगा। साथ ही गांवों से नदी में गिरने वाले पानी को फिल्टर करने के लिए विभिन्न स्थानों पर चैंबर बनाए जाएंगे, जिससे नदी का जल प्रदूषित न हो। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर और आसपास की भूमि का नक्शा व विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश तहसील प्रशासन को दिए। उन्होंने बताया कि माँ कुलकुला देवी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र का सुनियोजित विकास किया जा सके। उन्होंने बताया कि परिसर में पर्यटकों की सुविधा के लिए महिला और पुरुषों हेतु अलग-अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल सहित अन्य जनसुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही आगामी वृक्षारोपण अभियान के तहत मंदिर और नदी क्षेत्र के आसपास लगभग दो लाख पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें 10 हजार फलदार पौधे शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से श्रमदान करने की अपील भी की। साथ ही सफाई कार्य में लगे श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सीएचसी/पीएचसी के चिकित्सकों की टीम को मौके पर तैनात रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, तहसीलदार कसया, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, तहसील प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

दो लाख पौधों से हरा-भरा होगा मंदिर व नदी क्षेत्र

माँ कुलकुला देवी मंदिर और हिरण्यवती नदी क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत बनाने के लिए आगामी वृक्षारोपण अभियान में लगभग दो लाख पौधे लगाए जाएंगे। इनमें करीब 10 हजार फलदार पौधे भी शामिल होंगे। प्रशासन का मानना है कि इससे क्षेत्र हरित होगा, साथ ही बंदरों और पक्षियों को प्राकृतिक भोजन भी उपलब्ध होगा।

संतुलित उर्वरक उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, किसानों को दी गई वैज्ञानिक जानकारी

अवधनामा संवाददाता

गोष्ठी में किसानों को जागरुक करते विशेषज्ञ

सेवरही, कुशीनगर। कृषि विज्ञान केंद्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, जो आईसीएआर-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत कार्यरत हैं, द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के 'उर्वरकों के संतुलित उपयोग अभियान' के तहत ग्रामसभा तिवारीपट्टी में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शुक्रवार को आयोजित उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उर्वरकों के संतुलित व वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करना, मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण करना तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश कुमार एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। तकनीकी सत्रों का संचालन वैज्ञानिक डॉ. विवेकानंद सिंह, डॉ. रमेश केबी तथा सुश्री रिद्धि वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी और संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से मृदा की उर्वरता में सुधार होता है, फसल उत्पादन बढ़ता है तथा खेती की लागत में कमी आती है। वैज्ञानिकों ने संस्थान द्वारा विकसित जैव एवं कार्बनिक उत्पादों–जैसे काशी बायो एनपीके, काशी एक्टिनोगौर, काशी रूट गार्ड, काशी बायोडर्मा एवं काशी बीसीएल–की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। किसानों को इन उत्पादों के बीज उपचार, मृदा उपचार एवं पौध वृद्धि प्रवर्धक के रूप में उपयोग करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि इन जैव उत्पादों के प्रयोग से सब्जी, गन्ना एवं धान फसलों में बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं, साथ ही रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है। कार्यक्रम में किसानों, महिला कृषकों एवं ग्रामीण युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उर्वरक प्रबंधन व जैविक खेती से जुड़ी समस्याओं पर वैज्ञानिकों से चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विशाल गुप्ता सहित प्रगतिशील किसान लल्लन चौहान, हरिकेश प्रसाद, महेश प्रसाद, राबेया खातून, मनोरमा, हमीदा समेत कुल 54 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को पर्यावरण अनुकूल, टिकाऊ एवं लागत प्रभावी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने परखी ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था

अमेठी। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह ने शुक्रवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान तथा विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस की बाह्य सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था निगरानी प्रणाली तथा स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बताया गया कि उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र अमेठी गौरीगंज तिलोई एवं जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्रों में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें सुरक्षित रूप से लॉक में संरक्षित हैं। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए तथा किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

कागज़ों में लहलहाया हरियाली का सपना, जमीनी हकीकत पर उठे बड़े सवाल

कुशीनगर में पिछले वर्ष लगाएं गए 39 लाख वृक्षारोपण का मामला

अवधनामा ब्यूरो

वृक्षारोपण महाअभियान 2026 की तैयारी बैठक

कुशीनगर। वृक्षारोपण महाभियान-2025 अब सरकारी उपलब्धि से ज्यादा सवालों का विषय बनता जा रहा है। करोड़ों रुपये खर्च कर जनपदवासियों को 'हरियाली' का जो सपना सरकारी फाइलों में दिखाया गया, उसकी जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग नजर आ रही है। हालात यह हैं कि अब खुद सरकारी बैठकों में ही अभियान की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

बता दें कि 9 जुलाई 2025 को एक ही दिन में जनपद में 39 लाख 72 हजार 500 पौधे लगाए गए। इनमें से अकेले वन विभाग ने 10 लाख 49 हजार 600 पौधे, जबकि अन्य 23 विभागों ने मिलकर 29 लाख 22 हजार 900 पौधे रोपित करने का दावा किया। इतना बड़ा आंकड़ा सुनने में किसी रिकॉर्ड से कम नहीं लगता, लेकिन अब यही आंकड़ा विभागीय दावों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर रहा है। दरअसल, जिस अभियान को 'ऐतिहासिक' बताया गया, उसकी जियो टैगिंग तक पूरी नहीं हो सकी है।

हाल ही में हुई सरकारी समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई कि राजस्व विभाग अब तक पौधों की जियो टैगिंग का कार्य पूरा नहीं कर पाया है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश देना पड़ा कि 18 मई 2026 तक जियो टैगिंग शत-प्रतिशत पूरी कराई जाए। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब पौधों की लोकेशन तक तय नहीं है, तो उनकी जीवितता का दावा किस आधार पर किया जा रहा है? सूत्रों के मुताबिक कई स्थानों पर पौधारोपण सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया। बरसात में गड्ढे खोदे गए, पौधे लगाए गए, फोटो खिंचवाई गई और फाइल बंद कर दी गई। कुछ ही दिनों में अधिकांश पौधे सूख गए, लेकिन सरकारी आंकड़ों में हरियाली लगातार बढ़ती रही।

डीएफओ के दावों पर उठने लगे सवाल : पूरा वृक्षारोपण अभियान वन विभाग की अगुवाई में संचालित हुआ था। ऐसे में इसकी जिम्मेदारी सीधे विभाग और जिले के डीएफओ पर आकर टिकती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि– क्या लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी हुई? उनकी सुरक्षा और देखभाल के लिए कोई स्थायी व्यवस्था बनाई गई? आज वास्तव में कितने पौधे जीवित हैं? और कितने पौधे सिर्फ सरकारी फाइलों और पोर्टल पर ही 'जिंदा' हैं?

करोड़ों खर्च, जवाबदेही शून्य: वृक्षारोपण अभियान में हर साल करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। पौधों की खरीद, गड्ढों की खुदाई, मजदूरी, सिंचाई, सुरक्षा, जियो टैगिंग और निगरानी–हर स्तर पर बजट जारी होता है। लेकिन अगर इतने बड़े अभियान के बाद भी पौधों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं है, तो यह सीधे-सीधे प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़ा करता है। सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि क्या कभी किसी अधिकारी ने यह जांचने की कोशिश की कि जिन पौधों का रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड है, वे वास्तव में जमीन पर मौजूद भी हैं या नहीं?

आम लोगों पर सख्ती, बड़े खेल पर चुप्पी : वन विभाग की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई गरीब व्यक्ति सूखी लकड़ी काट ले तो विभाग तुरंत कार्रवाई करता है, लेकिन लाखों पौधों के गायब होने और वन भूमि पर कब्जों के मामलों में विभाग की सक्रियता नजर नहीं आती।

निष्पक्ष जांच की उठने लगी मांग : जनपद में बीते वर्षों के वृक्षारोपण अभियानों को अलग रख भी दिया जाए, तो सिर्फ वृक्षारोपण महाभियान-2025 के आंकड़े ही सवालों के घेरे में हैं। अब मांग उठ रही है कि लगाए गए पौधों का भौतिक सत्यापन कराया जाए, जियो टैगिंग डेटा सार्वजनिक किया जाए, पौधों की जीवितता की स्वतंत्र जांच कराई जाए, पूरे अभियान में खर्च हुए बजट का ऑडिट कराया जाए, क्योंकि अगर 39 लाख पौधे सचमुच लगाए गए थे, तो कुशीनगर की जमीन आज भी बंजर क्यों दिखाई दे रही है? क्या कुशीनगर में सचमुच जंगल उगाए गए थे...या सिर्फ सरकारी फाइलों में हरियाली रंगी गई थी?

हरियाली का 'फोटोशूट' बन गया अभियान

जनपद में हर साल वृक्षारोपण अभियान को बड़े आयोजन की तरह पेश किया जाता है। मंत्री, अधिकारी और जनप्रतिनिधि पौधे लगाते हैं, फोटो खिंचवाते हैं, सोशल मीडिया पोस्ट होती हैं और प्रेस नोट जारी होते हैं। लेकिन कुछ महीने बाद उन्हीं स्थानों पर सूखे पौधे, खाली ट्री-गार्ड और उजड़ी जमीन नजर आती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पौधों की देखरेख के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति और बजट खर्च होता है। कई जगह तो रोपित पौधों का नामोनिशान तक नहीं बचा, इसके बावजूद विभागीय रिपोर्टों में उन्हें 'सुरक्षित और जीवित' बताया जाता रहा।

जियो टैगिंग अधूरी, पारदर्शिता पर सवाल

जानकारों के अनुसार किसी भी वृक्षारोपण अभियान में जियो टैगिंग सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। इसी से यह प्रमाणित होता है कि पौधा वास्तव में कहां लगाया गया और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है। लेकिन जब खुद सरकारी बैठक में यह सामने आ गया कि जियो टैगिंग अधूरी है, तो पूरे अभियान की पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब यह चर्चा भी तेज हो गई है कि कहीं पौधारोपण के नाम पर सरकारी लक्ष्य पूरा करने और बजट खर्च दिखाने का खेल तो नहीं हुआ।

फंदे से लटका मिला महिला का शव, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

अवधनामा संवाददाता

पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

तमकुहीराज, कुशीनगर। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के शिव सरेया बुजुर्ग गांव में गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बताया जाता है कि गांव निवासी कमलेश शर्मा की 30 वर्षीय पत्नी अंजलि गुरुवार की रात घर का कामकाज निपटाने के बाद अपने बच्चों के साथ कमरे में सोने चली गई थी। शुक्रवार सुबह जब बच्चे जगे तो उन्होंने अपनी मां का शव पंखे से लटका देखा। यह दृश्य देखकर बच्चे रोने-चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान सुबह टहलने गए पति कमलेश भी घर लौट आए। ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतारा गया और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना मृतका के मायके तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के महुअवा गांव में दे दी। सूचना मिलने पर मृतका के भतीजे राहुल ने 112 नंबर पर फोन कर हत्या की आशंका जताई। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर कमरे से आवश्यक साक्ष्य इकट्ठा किए। ग्रामीणों के अनुसार अंजलि की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व कमलेश से हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं–सात वर्षीय मुन्नी और पांच वर्षीय टीशू। बताया जाता है कि कमलेश चार भाइयों में तीसरे नंबर का है और वह अपने माता-पिता व भाइयों से अलग रहता है।

नई बहू के काम को लेकर हुआ विवाद, बेटे ने पिता के सीने में त्रिशूल घोंपकर कर दी हत्या

खाना बनाने और बर्तन साफ करने को लेकर बढ़ा झगड़ा, आरोपी बेटा पुलिस हिरासत में

अवधनामा संवाददाता

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के रामपुर झुरिया गांव के टोला रामपुर माफी में गुरुवार की देर रात पिता-पुत्र के बीच हुआ विवाद खूनी वारदात में बदल गया। गुस्से में बेटे ने घर के दरवाजे पर बने मंदिर से त्रिशूल निकालकर अपने पिता के सीने में घोंप दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार रामपुर माफी निवासी ओमप्रकाश (55) और उनके छोटे बेटे राधेश्याम (25) के बीच घर में खाना बनाने और बर्तन साफ करने को लेकर कहासुनी हो रही थी। बताया जाता है कि राधेश्याम की शादी 18 मार्च 2026 को नैना नामक युवती से हुई थी। परिवार के लोग नई दुल्हन होने के कारण उससे खाना बनाने और बर्तन साफ करने का काम नहीं करवा रहे थे, जबकि ओमप्रकाश का कहना था कि बहू को घर के कामकाज में हाथ बंटाना चाहिए। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद बढ़ गया और धक्का-मुक्की होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान राधेश्याम ने घर के दरवाजे पर स्थित मंदिर से त्रिशूल निकाल लिया और पिता ओमप्रकाश के सीने में घोंप दिया। गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हें आनन-फानन में निजी साधन से तिलिला स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का बड़ा बेटा अच्छेलाल चेन्नई में मजदूरी करता है। पिता की मौत की सूचना मिलते ही वह ट्रेन से घर के लिए रवाना हो गया है। मृतक की पत्नी इंद्रावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे राधेश्याम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रविंद राय ने बताया कि आरोपी पुलिस हिरासत में है। घटना में प्रयुक्त त्रिशूल अभी बरामद नहीं हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

दो महीने पहले आई थी नई बहू : रामपुर माफी गांव में हुई इस दर्दनाक घटना के पीछे नई बहू को लेकर पारिवारिक मतभेद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आरोपी राधेश्याम की शादी 18 मार्च 2026 को नैना से हुई थी। शादी को अभी करीब दो महीने ही हुए थे। परिवार के सदस्य नई दुल्हन होने के कारण उससे घर का काम नहीं करा रहे थे, जबकि मृतक ओमप्रकाश का कहना था कि बहू को धीरे-धीरे घर के कामकाज में हाथ बंटाना चाहिए।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

मुंशीगंज (अमेठी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगंज गांव के पास गुरुवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।मिली जानकारी के अनुसार मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पूरब दुआरा गांव निवासी करन उम्र 20 वर्ष नगर कोतवाली सुलतानपुर क्षेत्र के घसीटू का पुरवा निवासी अर्जुन उम्र 22 वर्ष और अंकित उम्र 20 वर्ष एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। देर रात शिवगंज गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि करन और अंकित की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल अर्जुन को पुलिस ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतकों के घरों में मातम पसरा हुआ है। मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्थायीकरण को लेकर गरजे शिक्षक विधायक

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की कुशीनगर इकाई के तत्वावधान में पडरौना नगर स्थित हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सम्मान तथा नवनियुक्त प्रधानाचार्यों के अभिनंदन का समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तदर्थ प्रधानाचार्यों के स्थायीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठा। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि वर्षों से प्रधानाचार्य का दायित्व निभा रहे शिक्षकों को आज भी स्थायीकरण के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो सड़क से सदन तक आंदोलन किया जाएगा। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मणिशंकर तिवारी ने सभी प्रधानाचार्यों से जून में लखनऊ पहुंचकर आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय संरक्षक डॉ. टी.पी. सिंह ने की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार पांडेय सहित लगभग 20 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र मणि त्रिपाठी, शैलेंद्र दत्त शुक्ल, डॉ. गोरख राय, मनोज शर्मा सारस्वत सहित बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों को मिली एयर राइफल और एयर पिस्टल

अमेठी। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में संचालित शूटिंग रेंज को दो नए हथियारों की सौगात मिली है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी संजय चौहान ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों के बेहतर अभ्यास के लिए एक एयर राइफल एक एयर पिस्टल एवं पांच डिब्बे पैलेट्स (छर्रे) शूटिंग कोच रुचि सिंह को सौंपे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू डिप्टी कलेक्टर नितेश राज सहित अन्य अधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इसे जनपद में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। जिलाधिकारी संजय चौहान के प्रयासों से स्टेडियम परिसर में 25 मीटर और 10 मीटर की आधुनिक शूटिंग रेंज विकसित की गई है जहां वर्तमान में 18 बच्चे नियमित रूप से निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जबकि 27 बच्चों का पंजीकरण कराया जा चुका है। प्रशिक्षुओं को कोच रुचि सिंह द्वारा शूटिंग की तकनीक एकाग्रता और अनुशासन संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नए हथियार उपलब्ध होने से खिलाड़ियों को अभ्यास में अधिक सुविधा मिलेगी और उनकी तैयारी और बेहतर हो सकेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शूटिंग खेल में युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं एवं खेल प्रतियोगिताओं में शूटिंग कौशल का विशेष महत्व होता है। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ें और शूटिंग रेंज में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनपद की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है ताकि जिले के युवा देश का नाम रोशन कर सकें।

गन्ने के साथ कद्दू की सहफसली खेती से किसान को 65 दिन में 60 हजार की आमदनी

एक बीघा खेत से 30-35 कुंतल कद्दू की उपज, लागत महज दो हजार

शकील अहमद

गन्ने की खेत से कद्दू की उपज दिखाते किसान मनीष दुबे

कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)। पडरौना तहसील के ग्राम पड़री पिपरपाती के प्रगतिशील किसान मनीष दुबे ने गन्ने के साथ कद्दू-कोहड़ा की सहफसली खेती कर मात्र 65 दिनों में एक बीघा (करीब 80 डिसमिल) खेत से लगभग 30 से 35 कुंतल कद्दू की उपज प्राप्त कर करीब 60 से 70 हजार रुपये की आमदनी हासिल की है। इससे यह साबित हुआ है कि गन्ने के साथ सहफसली खेती अपनाकर किसान कम समय में अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं।

उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच, गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक एवं गन्ना विकास सलाहकार ओमप्रकाश गुप्ता ने किसान मनीष दुबे के खेत का निरीक्षण कर कहा कि गन्ने के साथ सहफसली खेती अपनाने से किसानों की आय बढ़ेगी और उत्पादन लागत भी कम होगी। किसान मनीष दुबे वैज्ञानिक तरीके से गन्ने की खेती करते हैं। उनके प्रतियोगिता वाले खेत में गन्ने की पैदावार 500 से 600 कुंतल प्रति एकड़ तक पहुंच चुकी है। 55 वर्षीय मनीष दुबे इंटरमीडिएट पास हैं और करीब 10 एकड़ में गन्ने की खेती करते हैं।

उन्होंने बताया कि उन्होंने गन्ने को चार फुट की दूरी पर बोया था। उसी के बीच 28 फरवरी को लगभग 800 कद्दू-कोहड़ा के बीज एक लाइन में बोए गए। खेत में चार महिला मजदूरों से बुवाई कराई गई। मार्च में फफूंदनाशक का छिड़काव किया गया। कद्दू के बीज करीब 600 रुपये में खरीदे गए थे और कुल लागत लगभग दो हजार रुपये आई। मई के प्रथम सप्ताह में बुवाई के करीब 65 दिन बाद कद्दू की तुड़ाई कर ली गई और उसका तना-पत्ता खेत से निकाल दिया गया। इस बार समय पर हुई वर्षा से गन्ने की फसल को भी काफी लाभ मिला। खेत में गन्ने की प्रजाति को-0118 लगाई गई है। मनीष दुबे ने बताया कि वर्तमान में बाजार में कद्दू का भाव कम है, इसलिए वे जून में शादी-विवाह के मौसम में इसे बेचेंगे, जब इसकी कीमत 20 से 25 रुपये प्रति किलो तक मिलने की उम्मीद है। उन्होंने तीन किलो से लेकर 10 किलो तक के कद्दू भी दिखाए।

> वैज्ञानिक तरीके से गन्ने की खेती करने के कारण मनीष दुबे की क्षेत्र में अलग पहचान बन गई है। अन्य किसान भी उनके खेत देखकर नई तकनीक सीख रहे हैं। इस दौरान अनुज गुप्ता (एसएमएस एग्रीकल्चर, सतत मानव विकास संगठन खड्डा) ने भी उनसे गन्ने की अधिक उपज लेने की तकनीकी जानकारी ली।
>
> **ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व सहायक निदेशक**

उन्होंने बताया कि गांव पड़री, धौरहरा, मनिकौरा और सिंहापट्टी में आयोजित किसान गोष्ठियों में ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा गन्ने के साथ आलू, लहसुन, प्याज, कद्दू, खरबूजा, धनिया, खीरा, उर्द-मूंग, तोरिया और गेहूं जैसी सहफसली खेती के बारे में जानकारी दी गई थी। उसी से प्रेरित होकर उन्होंने कद्दू की खेती शुरू की। मनीष दुबे ने बताया कि उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। पत्नी कुमुद द्विवेदी का खेती में पूरा सहयोग रहता है। गन्ने की खेती से ही उन्होंने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और शादी-ब्याह की जिम्मेदारी पूरी की है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के लिए सबसे भरोसेमंद फसल है, बस मेहनत और सहफसली खेती अपनाने की जरूरत है।

प्रेम प्रसंग में आहत युवती मोबाइल टॉवर पर चढ़ी, पुलिस की सूझबूझ से बची जान

अवधनामा संवाददाता

चौराखास, कुशीनगर। क्षेत्र के बनकटा बाजार स्थित सुभाष चौक के पास शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती अचानक मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार टॉवर पर चढ़ी युवती की पहचान बलियवा मुसहरी टोला निवासी विश्राम प्रसाद की 20 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवती का लगभग दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि देवरिया जनपद निवासी शत्रुघन चौहान नामक युवक शादी का झांसा देकर उससे लगातार बातचीत करता रहा, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। इसी बात से आहत होकर युवती ने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही चौरा खास थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश साहनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर तक समझाने-बुझाने और सूझबूझ के साथ पुलिस टीम ने युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया। पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की सराहना की। थाना प्रभारी दिनेश साहनी ने बताया कि युवती को सुरक्षित थाने लाया गया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

प्रेम प्रसंग में भावनात्मक फैसले पड़ सकते हैं भारी : बनकटा बाजार की यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि प्रेम प्रसंग में भावनात्मक आक्रोश में उठाया गया कदम किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

समूहों का गठन, जनगणना और पौधरोपण का कार्य प्राथमिकता : विजय कुमार सिंह

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद के विकास खंड चित्तौरा सभागार में आज ब्लॉक प्रमुख हरिराम आर्या की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई बैठक का संचालन आद्या शंकर सिंह ने किया। इस बैठक में भारी संख्या में ग्राम प्रधान सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य ज़िला पंचायत और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ विजय कुमार सिंह ने कहा कि आपलोग सभी परियोजनाओं को जल्द से जल्द कार्ययोजना में फीड करा लीजिए। पंद्रह जून तक प्रधानमंत्री आवास की सूची ग्राम सभाओं में बैठक करके फाइनल कर लिया जाए सूची बनाने में मानकों को अनदेखा न किया जाए और प्रतिमाह पंद्रह हजार रुपए कमाने वालो को पीएम आवास लिस्ट में न चयनित किया जाय समूहों को लक्ष्य के हिसाब से ज़्यादा से ज़्यादा बनाने का प्रयास किया जाए जिससे लखपति दीदी का लक्ष्य पूरा हो सके समूहों के माध्यम से गौशालाओं में मौजूद गोबर से खाद बनाने पर जोर दिया जाए इसके अलावा वोटर लिस्ट का कार्य देखने के साथ सभी कृषकों की फॉर्मर रजिस्ट्री अवश्य करा दीजिए जनगणना के कार्य को प्रमुखता से लेकर करें।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा सदस्य ज़िला पंचायत अभिमन्यु सिंह पवन जायसवाल अजय सिंह एडीओ आईएसबी सत्यव्रत श्रीवास्तव एडीओ पंचायत राम कुमार एडीओ आशुतोष मिश्रा सहित ग्राम प्रधान सदस्य क्षेत्र पंचायत मौजूद रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी ने की प्रधानों से अपील

विकास खंड चित्तौरा सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा ने प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग स्व गणना अवश्य कर लें बच्चों के नामांकन कराने में सहयोग करते हुए दिव्यांग शौचालयों को ज़रूर बनवा दे। इसके अलावा 37 ऐसे अधूरे दिव्यांग शौचालय ऐसे है जो कम धन के व्यय में पूर्ण हो सकते हैं हमारे माध्यमिक स्कूलों में सभी बच्चों के लिए डेस्क बेंच मजूद है जल्द ही सभी प्राइमरी के बच्चे भी कॉन्वेंट स्कूलों के तरह डेस्क बेंच पर बैठ कर शिक्षा हासिल करेंगे। इसके अलावा आपलोग एक समूह का गठन कर लें जो मसालों को तैयार करके हमारे बेसिक के स्कूलों में सप्लाई करे जिससे लखपति दीदी और मज़बूत होंगी।

50 लीटर कच्ची शराब बरामद

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत शुक्रवार को सुल्तानपुर में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसा। अभियान के दौरान 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि लगभग 1850 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में की गई। अभियान का संचालन आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 रण विजय सिंह द्वारा टीम के साथ किया गया। संयुक्त टीम में साकेत राय प्रधान आबकारी सिपाही, अंकित शर्मा, इरफान, ओमवीर सहित प्रवर्तन-2 अयोध्या प्रभार एवं कोतवाली नगर पुलिस की टीम शामिल रही। टीम ने ग्राम बल्लीपुर एवं चुनहा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में दबिश देकर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान कुल तीन अभियोग पंजीकृत किए गए। टीम ने अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त भारी मात्रा में लहन बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कराया। इसके अलावा क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का भी सघन निरीक्षण किया गया। दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा गुप्त रूप से टेस्ट परचेज कर बिक्री व्यवस्था की जांच की गई। टीम ने कबाड़ी की दुकानों और ईंट भट्ठों पर भी गहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को अवैध शराब से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए अवैध कारोबार की सूचना प्रशासन को देने की अपील की।

बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण कार्य का डीएम ने किया लोकार्पण

- इन्दिरा स्टेडियम की व्यवस्थाओं तथा खेल गतिविधियों का लिया जायज़ा
- फुटबाल कैम्प के नियमित खिलाड़ियों को वितरित किया किट

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच के बहुउद्देशीय हाल में स्थित बैडमिंटन कोर्ट एवं छत के सौन्दर्यीकरण कार्य का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल की उपस्थिति में सब जूनियर बालिका खिलाड़ी के हाथों फीता कटवाकर लोकार्पण किया गया। डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के आग्रह पर जिलाधिकारी के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र अन्तर्गत विकास शुल्क से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. निर्माण खण्ड-4, देवीपाटन मण्डल द्वारा बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में मौजूद डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज गुप्ता, संरक्षक अशोक मातनहेलिया, वरिष्ठ पदाधिकारी बिपिन चन्द्र अग्रवाल, भागवत शुक्ला, बैडमिंटन संघ के सचिव राकेश सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी राना अनिल सिंह, अनुतोष कमल, अमरेंद्र, लोकेश तोलानी ने डीएम का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि कोर्ट का सौन्दर्यीकरण हो जाने से जिले के खिलाड़ियों विशेषकर युवा खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा इन्दिरा स्टेडियम में खेला इण्डिया के तहत संचालित फुटबाल कैम्प में नियमित आने वाले खिलाड़ियों को किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ाधिकारी आनन्द श्रीवास्तव द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया। लोकार्पण के पश्चात डीएम श्री त्रिपाठी ने इन्दिरा स्टेडियम का भ्रमण कर संचालित किये जा शिविरों तथा खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अन्य अवस्थापनाओं को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी, उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक, जीवन रक्षक रोहित सिंह, फुटबाल प्रशिक्षक खेलो इण्डिया सेन्टर विनोद कुमार मौजूद रहे।

फिरोजाबाद में ग्राम स्तर पर खुले लीगल एड क्लीनिक

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डॉ0 बब्बू सारंग के कुशल मार्गदर्शन में संचालित 'ग्राम न्याय सहायता अभियान' के अंतर्गत जनपद की समस्त तहसीलों में विधिक सहायता सेवाओं को ग्राम स्तर तक पहुंचाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खैरगढ़ एवं ग्राम पंचायत कनवारा में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई। उक्त लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की सचिव सुश्री योगेश शिवा द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला एवं बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सचिव द्वारा बताया गया कि लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले जरूरतमंद एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें न्याय प्राप्त करने में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

डीएम ने मेडिकल कॉलेज एवं ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (सौ शैया) एवं 200 शैया मेडिकल कॉलेज व ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी।

मरीजों से संवाद और फीडबैक-निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वार्डों में भर्ती मरीजों, विशेषकर महिलाओं, वृद्धों और बच्चों से सीधे बातचीत की। उन्होंने मरीजों से उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। मरीजों की संतुष्टिः बातचीत के दौरान अधिकांश मरीजों ने अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं और डॉक्टरों के व्यवहार पर संतोष व्यक्त किया। सुविधाओं का विस्तारः जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि अस्पताल में वर्तमान में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जो सुविधाएं अभी उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें भविष्य में प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जाएगा, ताकि मरीजों को इलाज के लिए शहर या निजी अस्पताल में न जाना पड़े साफ-सफाई पर जताई कड़ी नाराजगी जहाँ एक ओर चिकित्सा सेवाएं संतोषजनक पाई गईं, वहीं अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। अस्पताल परिसर में व्याप्त गंदगी और अव्यवस्था को देखकर जिलाधिकारी अत्यंत नाराज दिखे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और सफाई विंग को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि स्वच्छता मानकों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रमुख निर्देश- निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को निम्नलिखित निर्देश जारी किए। स्वच्छता अभियानः तत्काल प्रभाव से पूरे परिसर की सघन सफाई सुनिश्चित की जाए। नियमित मॉनिटरिंगरू वार्डों और टॉयलेट्स की सफाई की नियमित अंतराल पर मॉनिटरिंग की जाए। मरीज सुविधाः भविष्य में प्रस्तावित स्वास्थ्य सुविधाओं के रोडमैप पर तेजी से कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उच्च स्तरीय और सुलभ चिकित्सा सहायता मिलना सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

किसान नेताओं का प्रतिनिधि मंडल उपखंड अधिकारी से मिला

- किसानों, व्यापारियों व आम जनता की समस्या को लेकर की वार्ता

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद। किसानों, व्यापारियों व आम जनता की बिजली समस्याओं को लेकर शुक्रवार को माधवगंज बिजली घर पर भारतीय किसान क्रांति यूनियन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा और जूनियर इंजीनियर व उपखंड अधिकारी से कड़ी वार्ता कर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती, कम वोल्टेज, जर्जर व्यवस्था एवं आम जनता की परेशानियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने उप खंड अधिकारी हरी सिंह और जेई अजय कुमार से साफ शब्दों में कहा कि भीषण गर्मी में किसान, मजदूर, व्यापारी और आम नागरिक बिजली संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन विभाग समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा। किसानों की फसल, पशुपालकों का काम और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। जिसे भारतीय किसान क्रांति यूनियन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उप खंड अधिकारी द्वारा पांच दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उप खंड अधिकारी कार्यालय का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान एडवोकेट पुष्पेन्द्र यादव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, योगेश यादव ब्रज प्रांत अध्यक्ष, नागेंद्र कुमार युवा जिलाध्यक्ष, गौतम कुमार मंडल उपाध्यक्ष, राघवेंद्र, आकाश, आशीष, अमन ठाकुर, राजीव यादव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नीलामी सूचना

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अमरोहा परिसर में स्थित मूल्यांकित 10 यूकेलिप्टस वृक्षों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 18/05/2026 को अपराह्न 12:30 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

नीलामी विभागीय नियमों एवं निर्धारित शर्तों के अधीन संपन्न कराई जाएगी। किसी भी अथवा समस्त बोलियों को स्वीकार अथवा निरस्त करने तथा नीलामी को स्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्या/नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय समय में विद्यालय कार्यालय से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

प्रधानाचार्या
राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमरोहा

न्यायालय सूचना

न्यायालय मा. सिविल जज (सी.डि.)/एफ.टी.सी. सहारनपुर। इजराय याद संख्या 03/2019 स्टेट बैंक आफ इंडिया.....(वादी).....बनाम.....नवाज जुबैरी आदि। पत्रावली पेश हुई। पुकार पर डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली पर अमीन महो. द्वारा दाखिल आख्या दिनांकित 25.03.2026 के आवलोकन से यह विदित है कि उक्त वाद में कोई रिट नीलामी हेतु पत्रावली पर नहीं है। उपरोक्त तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय द्वारा पारित पूर्व आदेश के अनुक्रम में उक्त वाद के निष्पादन हेतु कुर्क की गयी संपत्ति की पब्लिक नीलामी करायी जानी है। पब्लिक नीलामी के संबंध में आवश्यक सूचनाएं निम्नलिखित हैं-1 नीलामी नियत दिनांक-20/05/2026 2.नीलामी दिन बुधवार 3. नीलामी का समय 10:00 AM से 04:00 PM 4 . नीलामी का स्थान ..नदीम कालोनी, दरा अली स्वाद अन्दरून, प0 तहसील व जिला सहारनपुर।

आज्ञा से.. (रवि पाण्डेय) सिविल जज, (सीoडि0)/एफoटीoसी , सहारनपुर

न्यायालय सूचना

मा.मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सहारनपुर। एम ए सी नंबर 49 सन 2024 1- लक्ष्मी पुत्री महेन्द्र उम्र करीब 18 वर्ष 2- वंशिका पुत्री महेन्द्र उम्र करीब 14 वर्ष नाबालिग 3- वंश पुत्र महेन्द्र उम्र करीब 13 वर्ष नाबालिग 4- अंश पुत्र महेन्द्र उम्र लगभग 11 वर्ष ना बालिग याचीगण सं. 2 ता 4 ना बालिगान द्वारा अपनी सगी बहन व संरक्षक लक्ष्मी पुत्री श्री महेन्द्र नि. ग्राम दुगचाडी मलकपुर थाना देवबंद जि.सहारनपुर। (याचीगण).....बनाम 1-फारूख पुत्र हाजी जहीर निवासी 551 दक्षिणी इस्लामाबाद मेरठ जिला मेरठ पंजीकृत स्वामी वाहन नंबर यू पी 15 सी टी 8658 2- मौ0 मुदस्सिर पुत्र मौ0 मुजम्मिल निवासी मसावी थाना थानाभवन जिला शामली चालक वाहन नंबर यू पी 15 सी टी 8658 3- दि.न्यू इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लि0 निकट पैगासस हॉस्पिटल दिल्ली रोड, सहारनपुर द्वारा शाखा प्रबन्धक 4 महेन्द्र पुत्र इलमचंद नि.ग्राम दुगचाडी थाना देवबंद जिला सहारनपुर (विपक्षीगण) हरगाह वादी गण ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है अतः आप को हुक्म होता है कि आप दि. 21/05/2026 को. बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके हो और जवाबदेही दावा करे आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला गवाहों को या दस्तावेज़ को पेश करें इत्तला दी जाती है कि बरोज़ मजकूर यदि आप हाज़िर ना होंगे तो मुकदमा बग़ैर हाजिरी आपके समाप्त एवं फ़ैसला होगा। दि.7/5/2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से...जज, मोटर दुर्घटना दवा अधिकरण, सहारनपुर

मरीजों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म : डॉ. सुप्रीत

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा जिले के लगभग 350 मरीजों, तीमारदारों एवं जरूरतमंदों को गरम ताज़ा निःशुल्क भोजन वितरित किया गया।

संघ के तत्वाधान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला अस्पताल तथा रेलवे स्टेशन परिसर में प्रत्येक बृहस्पतिवार देर शाम निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर संघ अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक के सामने आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्जन डॉ. सुप्रीत वर्मा, न्यूरो सर्जन यशांक तथा डॉ.आकाश श्रीवास्तव ने जरूरतमंदों को भोजन की थाली वितरित कर किया।

सर्जन डॉ. सुप्रीत वर्मा ने कहा कि मरीजों और तीमारदारों को भोजन उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय एवं मानवीय कार्य है। ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। न्यूरो सर्जन यशांक ने कहा कि अस्पतालों में दूर-दराज से आने वाले जरूरतमंद लोगों की सहायता करना पुण्य का कार्य है।

सामाजिक संगठनों की यह पहल समाज को नई प्रेरणा देती है। सर्जन डॉ. आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि भोजन वितरण जैसे कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। हर सक्षम व्यक्ति को समाज सेवा के लिए आगे आना चाहिए। संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन के मेन्यू में अरहर की दाल, मौसमी सब्जी, रोटी एवं चावल शामिल था। इस पुनीत कार्य में प्रदीप श्रीवास्तव, सुहेल सिद्दीकी, सरदार गुरुप्रीत सिंह, हाजी मुहम्मद मुजतबा अंसारी, जियाऊल कमर सिद्दीकी, राशिद खान, सद्दाम खान, अमानत खान, युसूफ पठान, बैजनाथ प्रजापति एवं माता प्रसाद जायसवाल सुल्तान महमूद खान कैफ़ी सहित अनेक समाजसेवियों का सहयोग रहा।

डीएफओ कार्यालय की मेहरबानी

- अपने गृह क्षेत्र में वन रक्षक की तैनाती पर डीएफओ कार्यालय कटघरे में

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। वन विभाग के तैनाती नियमों की खुली अवहेलना सामने आई है। आरोप है कि डीएफओ कार्यालय की शह पर बल्दीराय क्षेत्र की रहने वाली वन रक्षक रेखा सिंह को अपने ही ब्लॉक में तैनात कर दिया गया।

जिससे विभाग के नियमों की धज्जियां खुले उड़ रही है रेखा सिंह को अपने ही गांव के बीट का प्रभार किसने दिया विभाग के कार्यालय पर मिलीभगत के आरोप भी लगे हैं। वन विभाग की स्पष्ट नीति है कि जो कर्मचारी जिस ब्लॉक का निवासी है,उसकी तैनाती उसी ब्लॉक में नहीं की जा सकती। इसके बावजूद वन रक्षक रेखा सिंह को अपने ही गांव के बीट का प्रभार सौंपा गया है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह आदेश डीएफओ कार्यालय स्तर से जारी हुआ या उच्च अधिकारियों को गुमराह कर यह तैनाती कराई गई? स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना विभागीय मिलीभगत के यह संभव नहीं है।डीएफओ कार्यालय की शह पर वन विभाग के नियम,और अपने ही ब्लॉक में वन रक्षक रेखा सिंह डेरा जमा क्षेत्र अवैध हरे वृक्ष की कटान करवाती है इनके ऊपर क्षेत्र में आरा मशीनो व ठेकेदारो से अवैध वसूली के भी आरोप है। क्षेत्र के ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से तत्काल वन रक्षक रेखा सिंह को उनके गृह क्षेत्र से हटाने की मांग की है।

वन विभाग में फैले भ्रष्टाचार की बड़ी वजह

इम्तियाज़ रिज़वी

- वन विभाग में कार्यरत कर्मियों के नही होते है स्थानांतरण
- कई डीएफओ आए और चले गए लेकिन अंगद के पांव की तरह जमे कर्मचारियों को सरकारें टस से मस नही कर सकी
- वन विभाग में स्थानांतरण नीति का 10% का कोई मतलब नही, यहा स्वहित को सर्वोपरि का सिद्धांत माना जाता है

सुल्तानपुर। प्रशासन को ही नही शासन तक को वन विभाग की उस हकीकत से रूबरू करवाने का प्रयास है जहां योगी महराज की जीरो टालरेंस को आलमारी के लांकर में बंद करके चाभी को अंधेरे कुंए में फेक दिया है,शायद यह हरियाली के साथ गहरी साजिश है,जहां आरे और नाजयाज आरा मशीने बगैर आवाज के एक वृक्ष मां के नाम की परिभाषा को कुल्हाड़ी के वार से धराशाई कर रहे है,उत्तर प्रदेश की बाबा बुलडोजर सरकार का बुलडोजर सुल्तानपुर के वन विभाग की तरफ शायद रूख करने से गुरेज करता है,वर्ना पिछले दो-तीन दशक से जिले और एक ही रेंज पर नौकरी पूरी करने वालों को प्रदेश के अंतिम छोर तक का फेरा लगाना पड़ सकता था,आश्चर्य होता है की कई सरकारे आई-गई न जाने कितने डीएफओ आए और गए लेकिन बर्षो-बरस से जमे अंगद पांव की तरह साहबों को कोई हिला न सका,शायद यही वजह है की जिले में बेतहाशा अवैध आरा मशीने और हरियाली के दुश्मनों के गठजोड़ ने वन विभाग को हमेशा सुर्खियों में ही रखा,एक बड़ा कारण और भी रहा की विभाग ने तमाम शिकायतों के बाद भी मामले को संज्ञान में नही लिया,बस यही वजह रही की बरसों-बरस से जमे साहबान और हरियाली को नेस्तनाबूद करने वालों के बीच खून का रिश्ता भले ही नही है,लेकिन आर्थिक संबंध जरूर गहरे बने हुए है,बड़े आश्चर्य की बात है की एक जनपद, एक रेंज पर पूरी नौकरी बिताने वालों को न शासन ने कभी संज्ञान लिया और न ही वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने,अन्यथा शासन की स्थानांतरण नीति का इतना क्रूर मजाक जनपद में शायद ही होता,हद तो तब हो गई जब सरकार की स्थानांतरण नीति से उलट मौजूदा डीएफओ ने 20 प्रतिशत बताया जबकि सरकार का मानक संभवतः10% ही है,अब ऐसे में क्या समझा जाए।वैसे सूत्रों की माने तो विभाग में वर्षो से जमे कर्मियों की मंडल व शासन स्तर पर 10% की सूची भी नही जाती,सूत्र बताते है की सत्र 2023/24 और 2024/25 में भी कोई सूची स्थानीय स्तर से नही भेजी गई,डीएफओ अमित सिंह का कहना है की स्थानांतरण करना मेरे अधिकार क्षेत्र में नही है,यदि किसी भी कर्मचारी का स्थानांतरण होगा तो उसको मेरे तरफ से रिलीव किया जाएगा,आइये एक नज़र बरसों-बरस से जमे हुए वन विभाग के कर्मियों पर डालते है।सबसे ऊपर है सोभनाथ वन दारोगा डिवीजन कार्यालय में कोर्ट केस देखते है,लगभग 28 साल से इसी जिले में तैनात है,दूसरे नंबर पर है राकेश चौहान वन दारोगा पिछले 25 साल से अखंड नगर/कादीपुर में जमे हुए है,तीसरे नंबर पर आते है कमलेश सिंह वन दारोगा सदर रेंज में लगभग 22 बरस से मौजूद है,चौथे नंबर पर आते है रमेश बहादुर सिंह वन दारोगा जयसिहपुर रेंज 20 साल से अंगद पांव की तरह जमे हुए है,पांचवें नंबर पर आते है वन दारोगा दीपक सिंह कादीपुर रेंज लगभग 17 साल से इसी जनपद में अपनी सेवाएं दे रहे है, दारोगा ही नही रेंजर भी लंबे समय से जिले में कार्यरत है,चंद्र प्रकाश रेंजर जयसिहपुर लगभग 18 साल से तैनात है,वही डिप्टी रेंजर में अतुल सिंह लंभुआ रेंज लगभग 18 वर्षो से जिले में है तो वहीं डीके यादव डिप्टी रेंजर जिले में लगभग 15 साल से तैनात है,सूत्र बताते है की बीते वर्ष डीके यादव का स्थानांतरण गैर जनपद हो गया था,दोबारा पुनः सुल्तानपुर जनपद में इन्हें पोस्टिंग मिली है।तो यह है वन विभाग सुल्तानपुर की वह व्यवस्था जहां शंका होना कोई आश्चर्य की बात नही बल्कि बाबा योगी आदित्यनाथ सरकार की उस नीति पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है की जिस व्यवस्था के लिए योगी सरकार देश में जानी जाती है तो सुल्तानपुर वन विभाग में ऐसी चूक कैसे हो रही है।

समर्थ पोर्टल पर वैब रजिस्ट्रेशन कराकर छात्राएं प्रवेश लें

शिकोहाबाद। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु की सूचना के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा नीति 2020 के तहत बीए प्रथम सेमेस्टर, (हिन्दी, संस्कृत,शिक्षा शास्त्र,, समाज शास्त्र, अर्थ-शास्त्र , मनोविज्ञान, इतिहास, गृहविज्ञान, संगीत गायन, अंग्रेजी, राजनीतिविज्ञान, शरीरिक शिक्षा, उर्दू, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग) विषय में महाविद्यालय में प्रवेश ले सकती हैं। अतः प्रवेश लेने वाली इच्छुक छात्राऐं विश्वविद्यालय का समर्थ पोर्टल पर वेब रजिस्टेऊशन करा कर महाविद्यालय में अतिशीघ्र सम्पर्क कर प्रवेश ले लें। अन्यथा की स्थिति में वेब रजिस्ट्रेशन बन्द होने के बाद छात्राऐं प्रवेश से वंचित रह सकती है। पीजीडीसीए (एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्स) में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को भी सूचित किया जाता है कि वह भी विश्वविद्यालय का समर्थ पोर्टल पर वेब रजिस्ट्रेशन करा कर महाविद्यालय में अतिशीघ्र प्रवेश ले लें।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-रायबरेली।

पत्रांक : 364/ग्रा0अ0वि0/निविदा आमंत्रण/2026-27 दिनांक : 29.04.2026

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-रायबरेली द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से (श्रेणी'ए,बी,सी एवं डी) जिसके लिये अधिकृत है, से प्रतिशत दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं द्वारा एक या समस्त कार्यो के लिये निविदा दी जा सकती हैं।

कार्य का विवरण

क्रम सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	धरोहर धन राशि रू. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता	अभियुक्ति
त्वरित आर्थिक विकास योजना (विधान परिषद रायबरेली)										
1	रायबरेली	विकास खण्ड- सतांव में शहजादपुर में अष्ठभुजी माता मन्दिर से मोहन लाल पासवान के दरवाजे तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य।	4.63	9260.00	500.00+ 150.00 rs Total 650.00	3 months	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सोनिया नगर, रायबरेली	लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ	कलेक्ट्रेट रायबरेली	

2. निविदा प्रपत्र बिक्री की तिथि निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, जिलाधिकारी से जिनका वर्णन तालिका के कालम 8, 9 व 10 में है के कार्यालय से आवश्यक मूल्य देकर (जो वापस नही होगा) प्रत्येक कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वान्ह से 4:00 बजे अपरान्ह तक दि0-26.05.2026 से 28.05.2026 को साय 4:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। तथा निविदा दिनांक-30.05.2026 को समय 12:00 बजे तक डाली जा सकती हैं।
3. निविदा खोलने की तिथि 30.05.2026 समय अपरान्ह 12:30 बजे अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, रायबरेली के अधोहस्ताक्षरी कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।
4. एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. विस्तृत निविदा (एस0बी0डी0) बिल आफ क्वांटिटी ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, रायबरेली के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-रायबरेली।

UPID-251192 Dated-14-05-2026

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

एमनीव विज़न स्कूल, इटावा के अम्बर राज ने 96.4% अंकों के साथ कक्षा 12 में किया शानदार प्रदर्शन

खुशी के पल

- सभी मेधावी विद्यार्थियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया

वहाज अली 'निहाल'

इटावा। बुधवार को घोषित हुए सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन के सत्र 2025-26 कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम में एमनीव विज़न स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के छात्र अम्बर राज (पिता संजीव कुमार शाक्य, माता भारती शाक्य) ने 96.4%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर कशिश(पिता अभिषेक कुमार दुबे, माता अर्चना) रहीं, जिन्होंने 93.2%अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान शौर्यांश(पिता अनित कुमार, माता सुषमा रानी) ने 90.6%अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता की खुशी साझा की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम होती है।

हमें अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है तथा विश्वास है कि वे भविष्य में भी विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

बीजपुर/सोनभद्र। समृद्धि जन कल्याण ट्रस्ट की टीम ने जनहित एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की सड़क, बिजली, आवागमन एवं विकास कार्यों से जुड़ी कई प्रमुख मांगें उठाई गईं। ट्रस्ट की ओर से बीजपुर से बखरिहवा मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। टीम ने बताया कि वर्षों से सड़क खराब होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया।

इसके अलावा एनटीपीसी द्वारा सीएसआर मद एवं फ्लाई ऐश का आसपास के गांवों में समुचित उपयोग न किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों का लाभ स्थानीय ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिले के बिलग्राम क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और जर्जर आपूर्ति व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को आखिरकार फूट पड़ा। लंबे समय से शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में बिलग्राम पावर हाउस पहुंच गए और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पावर हाउस का घेराव कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दिन और रात में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पानी की समस्या गहराती जा रही है, वहीं छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि लो-वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। क्षेत्र की समस्या को लेकर अधिकारियों को लगातार फोन किए गए, मगर जिम्मेदार अधिकारी फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझते। इससे लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। प्रदर्शन में शामिल बीजेपी कार्यकर्ता कुलदीप द्विवेदी ने कहा कि जनता की समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से बातचीत की गई, लेकिन किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि जब जनता भीषण गर्मी में बिजली संकट से जूझ रही है, तब जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़े हुए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पावर हाउस परिसर में काफी देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही। ग्रामीण लगातार बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते रहे और अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग करते रहे। वहीं मामले को लेकर जेई संतोष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में आ रही तकनीकी खामियों को दूर कराने के निर्देश दिए गए हैं तथा जल्द ही व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा। विभाग की ओर से टीम लगाकर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि इस पूरे मामले के बाद क्षेत्र में एक बड़ा सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं की शिकायतों तक पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान आखिर किस प्रकार होगा।

गंगा में समाईं मासूम खुशियां

अवधनामा संवाददाता

- भागवत कथा से पहले दो बच्चों की दर्दनाक मौत

बिलग्राम/हरदोई। श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पहले खुशियों का माहौल उस समय मातम में बदल गया, जब गंगा जल भरने गए पांच किशोर-किशोरियां तेज बहाव की चपेट में आ गए। हादसे में दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन बच्चों को ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से सकुशल बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

हादसा बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के नोखेपुरवा गंगा घाट पर हुआ। जानकारी के अनुसार म्योरा मोड़ गांव से परिवार और आसपास के लोग भागवत कथा के लिए गंगा जल लेने घाट पहुंचे थे। जल भरने और स्नान के दौरान अचानक पांच बच्चे गहरे पानी में चले गए। बच्चों को डूबता देख घाट पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और गोताखोरों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन 14 वर्षीय संध्या पुत्री रविशंकर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ओमजी पुत्र राजेश गहरे पानी में लापता हो गया था, जिसका शव शुक्रवार सुबह गोताखोरों ने बरामद कर लिया। संध्या के पिता रविशंकर ने बताया कि उनकी बेटी जूनियर हाईस्कूल पैडापुर में कक्षा आठ की छात्रा थी। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। देर रात तक राहत एवं बचाव अभियान चलता रहा। क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी एन. राम और थाना प्रभारी विजय कुमार मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने लोगों से गंगा घाटों पर सावधानी बरतने की अपील की है।

महिला कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां, बैनर लेकर विरोध जताया

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। हमीरपुर-महोबा से सपा सांसद द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता व सदर विधायक सरिता भदौरिया के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि सपा में अब नेता नहीं बचे, बल्कि ऐसे गालीबाज रह गए हैं जो लगातार विवादित और अपमानजनक बयान देते रहते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के जनप्रतिनिधि संवैधानिक गरिमा को ताक पर रखकर जिस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग किया गया है, उससे नारी शक्ति और देश की जनता में भारी रोष है। भर्थना पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने मांग की अखिलेश यादव को तत्काल अजेंद्र सिंह लोधी जैसे नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भाजपा के नहीं बल्कि देश के 150 करोड़ लोगों के नेता हैं। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे, सभासद पूनम पांडेय महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला मंत्री मधु तोमर, प्रीति दुबे, पूर्व जिला मंत्री ममता कुशवाहा, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीतू नारायण मिश्रा, राधा पाल, सोनिया चक, एडवोकेट नेहा सिंह, एडवोकेट निधि पाल, एडवोकेट अम्बिका अवस्थी, एडवोकेट खुशबू, एडवोकेट काजल रावत, एडवोकेट प्रीती चौहान, राबिया सुल्तान, पूनम तिवारी सहित महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एस एस पी, इटावा ने शुक्रवार परेड की ली सलामी

इटावा। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। उन्होंने यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। इसी क्रम में एस एस पी ने आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश दिए।

व्यापारी नेता ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) उदी मोड़ स्थित शिव विद्या उड़ी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री रमेश यादव ने काफी संख्या में बच्चों को पुरस्कार प्रमाण पत्र व किताबें देकर उनका मनोवल बढ़ाया। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि पुरस्कार मिलने से बच्चों मै पढ़ने का उत्साह एवं मनोवल बढ़ेगा क्योंकि आने वाले समय मैं देश के ये भविष्य है। प्रबंधक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने महामंत्री रमेश यादव को फूलमाला व गीता देकर, अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। जिन बच्चों ने टॉप आने वाले बच्चों में 9th के बच्चों में हर्ष भदौरिया प्रथम 96% सौम्या तिवारी द्वितीय 92% रागिनी सविता तृतीय 90% 8th के बच्चों में सुंदर सिंह प्रथम सतेंद्र सिंह द्वितीय दिव्यांश तृतीय 7th के बच्चों का नाम शिवेंद्र प्रथम अनीत द्वितीय इस कार्यक्रम मै सम्मिलित रहे। प्रधानाचार्य सचिन प्रताप, प्रबंधक निदेशन अभिषेक प्रताप, उप प्रधानाचार्य सौरभ यादव व सहायक अध्यापक रामनिवास, अभिषेक, प्रशांत, प्रवेश व पंडित रतन चौधरी, प्रमोद यादव, अनिल यादव, अनिल भदौरिया आदि लोग शामिल रहे।

मरहूमा रियाज़ फातिमा की बरसी पर हुई मजलिस

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) ज़ाकिरा ए एहलेबैत मरहूमा रियाज़ फातिमा बिन्ते मरहूम सैयद हुसैन निवासी कोठी मोहसिनुल मुल्क सराये शेख की बरसी की मजलिस बाद नमाज़े जुमा मस्जिद पंजतनी में आयोजित हुई। कोठी मोहसिनुल मुल्क सराये शेख निवासी गुलामुस सैयदेन व अंदलीब कोठी मोहसिनुल मुल्क सराये शेख की ओर से आयोजित मजलिस में तकरीर करते मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कि जो अल्लाह पर भरोसा करता है वह बुलन्द मंजिल तक पहुंचता है। नवें इमाम मोहम्मद तक़ी फरमाते हैं बुरे इंसानों की सोहबत से बचो, समाज मे बुराई पैदा करने वालों से दूर रहो, मोमिन को अल्लाह की तौफीक से फिक्रमंद होना चाहिए, नसीहत करने वाले की बात कुबूल करना चाहिए। उन्होंने कहा मरहूमा रियाज़ फातिमा सिर्फ एक मां ही नही थीं बल्कि वह एहलेबैत की जाकिरा भी थीं। मजलिस में अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, सलीम रज़ा, मो.अब्बास, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, समर अब्बास, अख्तर अब्बास, हसन अब्बास, अली साबिर सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

जिला कारागार में सैनिटरी नैपकिन मशीन का उद्घाटन

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन के सहयोग से जिला कारागार में महिला बंदियों के लिए सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसर और इन्सिनरेटर मशीन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वंदना अग्रवाल ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि महिला बंदियों को गरिमापूर्ण जीवन और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना संवेदनशील व्यवस्था का प्रतीक है। मशीन के माध्यम से महिलाओं को आसानी से सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध होंगे तथा इस्तेमाल किए गए नैपकिन का सुरक्षित निस्तारण किया जा सकेगा। इस अवसर पर पीएलवी छाया प्रजापति, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल आनंद सक्सेना और संस्था की संस्थापक सुभाषिनी शिवहरे मौजूद रहीं।

रोडवेज बस और डंपर की भिड़ंत, 14 यात्री घायल

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) राठ से सवारियां लेकर आ रही रोडवेज बस की राठ तिराहे के पास सामने से आ रहे डंपर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चालक-परिचालक समेत 14 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपी-112 पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई और घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। बताया गया कि शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे राठ डिपो की बस हमीरपुर की ओर आ रही थी। मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर पहले शंकरी पीपल के पास मोड़ पर सामने से आ रहे डंपर से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। घायलों में कानपुर नगर के सिरसा गांव निवासी प्यारेलाल (72) व उनकी पत्नी मुन्नी देवी (56) को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया गया।

गुजारा भत्ता न देने पर वारंटी गिरफ्तार

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) पत्नी को गुजारा भत्ता न देने के मामले में न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के तहत ललपुरा पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी ललपुरा ने बताया कि परिवार न्यायालय के आदेश पर धारा 147 बीएनएसएस से संबंधित वारंटी अभियुक्त आशीष पुत्र कामता निवासी ग्राम पौथिया बुजुर्ग को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक हरिप्रताप सिंह व कांस्टेबल अनुरुद्ध यादव शामिल रहे।

सामूहिक विवाह में चार जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

अवधनामा संवाददाता

- पूर्णाहुति व भंडारा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ संपन्न

सरीला। चंडौत गांव के मेला परिसर मैं आयोजित नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा शुक्रवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ संपन्न हो गया। यज्ञाचार्य रामचन्द्र महाराज द्वारा मंत्रोच्चार के साथ-साथ विधि विधान से पूजा अर्चना के कर हवन का कार्य संपन्न कराया। वहीं चार जोड़ों का भी सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। पूर्णाहुति के पश्चात आयोजन समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें चंडौत गांव सहित आसपास के कई गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में चार जोड़ों की शादियां भी संपन्न हुईं। सम्मेलन में योगेश सुनेहटा व प्रवेश गोहाण्ड, दर्शन इंदरपुरा व सर्वेश चंडौत, राममिलन इछौरा व वर्षा चंडौत एवं खुशहाल सरसई व निधि चंडौत ने विवाह सूत्रबंधन में बंध जीवन भर साथ निभाने की कसम खाई। सभी जोड़ों को समिति की ओर से उपहार भी भेंट किये गए। देवेंद्र राजपूत, रामसहोदर, नारायण सिंह, अश्वनी कुमार ने वर वधु का टीका कर उन्हें सुखद जीवन का आशीर्वाद दिया। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के सफल आयोजन में गांववासियों का भरपूर सहयोग मिला। सभी के सामूहिक प्रयास से यह आध्यात्मिक महायज्ञ शांतिपूर्ण और भव्य रूप में संपन्न हुआ। चंडौत चौकी प्रभारी रोहित साहू पुलिसबल के साथ आयोजन स्थल पर मुस्तैद रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महिपाल सिंह, सत्या राजपूत, ज्ञानसिंह, पुष्पेंद्र राजपूत, नरेंद्र राजपूत, धर्मेश राजपूत, सत्यवदन राजपूत, अरविंद राजपूत, राघवेंद्र राजपूत, रोहित, नरेश राजपूत सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अमवार ग्राम समूह पेयजल योजना का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज दुद्धी क्षेत्र स्थित अमवार ग्राम समूह पेयजल योजना का औचक निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत किसी भी गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए तथा जून माह तक प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि अमवार ग्राम समूह पेयजल योजना के माध्यम से कनहर डैम से पानी उठाकर कुल 54 गांवों में जलापूर्ति की जानी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अमवार, बाघाडू, दिघुल, देवपुरा, टेड़ा एवं जामापानी सहित 6 गांवों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है। जिलाधिकारी ने मौके पर ही ग्राम दिघुल के प्रधान से मोबाइल फोन पर वार्ता कर गांव में पेयजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली।

अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य ने चुनार-चोपन रेलखंड का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। प्रयागराज मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य दीपक कुमार ने आज दिनांक 15 मई 2026 को चुनार-चोपन रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण कर रेलवे के विभिन्न विकास कार्यों एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सक्तेशगढ़, लूसा, सोनभद्र, चुर्क, अगोरी खास एवं चुनार स्टेशनों का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज मंडल के अंतर्गत सोनभद्र एवं चुनार सहित कुल 14 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, जबकि करछना एवं गोविंदपुरी स्टेशनों का उद्घाटन पूर्व में किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने लूसा-खैराही रेललाइन के दोहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया एवं कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य ने स्टेशन परिसरों, प्लेटफॉर्मों, सर्कुलेटिंग एरिया तथा प्रवेश एवं निकास मार्गों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा से जुड़े सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से वर्तमान ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए पर्याप्त पेयजल, स्वच्छता एवं छायादार स्थानों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान दीपक कुमार ने स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों से संवाद करते हुए उन्हें यात्रियों के प्रति संवेदनशील, सहयोगात्मक एवं उत्तरदायी व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने स्टेशन पर संचालित विभिन्न विकास एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपलब्ध सुविधाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्टेशन परिसर में स्वच्छता, सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था एवं यात्रियों को बेहतर सूचना सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

कनहर सिंचाई परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

- जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कनहर सिंचाई परियोजना क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर परियोजना से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। निरीक्षण एवं बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना के निर्माण कार्यों, भूमि संबंधी मामलों, मुआवजा वितरण, पेड़ कटान, विद्युत समस्याओं एवं माइनर नहरों की खुदाई की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि मेन कैनाल नहर क्षेत्र में आने वाले सभी पेड़ों की कटान का कार्य जून माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा 6 डिवीजन स्तरीय टीमों का गठन कर गांववार कार्य योजना तैयार की गई है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना क्षेत्र में विद्युत लाइनों एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु कार्य तेजी से कराया जा रहा है और लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव एवं उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि डूब क्षेत्र की जिन जमीनों का अभी तक दाखिल-खारिज नहीं हुआ है, उनकी कार्यवाही प्रतिदिन कराते हुए जल्द पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रभावित परिवारों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उनके प्रकरणों में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा वरासत एवं दाखिल-खारिज की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड नंबर 3 में डस्टबिन वितरण अभियान की शुरुआत कर लोगों को किया जागरूक

चोपन/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता) नगर पंचायत चोपन द्वारा नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को वार्ड नंबर 3 स्थित मान्यवर काशीराम आवास से डस्टबिन वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली द्वारा किया गया। इस दौरान वार्ड के सभासद प्रतिनिधि पंकज बिंद, सभासद नरेश यादव, नगर पंचायत के लिपिक अंकित पांडेय सहित अन्य कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छ नगर की जिम्मेदारी केवल नगर पंचायत की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है। उन्होंने लोगों से घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने, कूड़ा इधर-उधर न फेंकने तथा डस्टबिन का नियमित उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है और नगर को सुंदर एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि पंकज बिंद व नरेश यादव ने भी लोगों से नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया।कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय निवासियों को डस्टबिन वितरित किए गए तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के बारे में जानकारी दी गई। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नियमित सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

प्रबुद्धजनों की भूमिका समाज के लिए अहम : मुख्यमंत्री योगी

- 'जय श्रीराम' समाज को जोड़ने का भाव: सीएम
- भारत की ज्ञान परंपरा दुनिया के लिए प्रेरणा: योगी
- सकारात्मक नेतृत्व से बदल रहा भारत: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी समाज में दिशा देने व प्रेरणा प्रदान करने में प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रबुद्धजन समाज को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक तथा ओपिनियन मेकिंग का कार्य करते है। चिकित्सक मरीजों के प्रति, शिक्षक छात्रों के प्रति, अधिवक्ता वादकारियों के प्रति, उद्यमी उपभोक्ताओं के प्रति प्रेरणापुंज के रूप में सदैव नई दिशा प्रदान करते हैं। समाज के ऐसे ओपिनियन मेकर्स के साथ संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ना एक अच्छी पहल है।

मुख्यमंत्री जनपद गोरखपुर में आयोजित प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पं0 दीनदयाल उपाध्याय और डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने प्रबुद्ध समाज को सदैव सम्मान दिया है। प्रत्येक भारतीय अपना गोत्र किसी न किसी ऋषि से जोड़ता है। इसके माध्यम से वह ज्ञान की विशिष्ट शाखा के साथ अपना सम्बन्ध जोड़ता है। ज्ञान की इसी परम्परा के साथ भारत का सम्बन्ध है। भारत का तात्पर्य है ज्ञान में रत। हम सभी उस ज्ञान परम्परा के वारिस हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश, काल और परिस्थिति को सही दिशा प्रदान करने की जिम्मेदारी हमारे प्रबुद्धजनों की है। दुनिया आज प्रगति के नये प्रतिमान स्थापित कर रही है। दुनिया में यह प्रगति विगत 400-500 वर्षों में हुई है। उस समय भारत को छोड़कर दुनिया के कथित विकसित देश अन्धकार में जी रहे थे। भारत दुनिया की उन प्राचीन सभ्यताओं व संस्कृतियां में है, जिसके पास हजारों वर्षों की विरासत व गौरवशाली अतीत है। भारत ने अपनी बौद्धिक सम्पदा से केवल अपने लिए नहीं, बल्कि विश्व बन्धुत्व की भावना तथा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' एवं 'अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्, उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्' के विराट भाव के साथ दुनिया का कल्याण किया।

'यह मेरा है, यह तेरा है' का भाव संकुचित लोगों का होता है। उदार चरित्र वाले भारत ने सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार माना। इस परिवार भाव के साथ हमने जीवन जिया है। हमारे ऋषि-मुनियों ने इसकी प्रेरणा हम लोगों को दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने किसी भी क्षेत्र पर जबरन आधिपत्य नहीं स्थापित किया। रामायण में भगवान श्रीराम जब लंका पर विजय प्राप्त कर लेते हैं, तो वह लंका के राजा बन सकते थे। 14 वर्षों के वनवास के दौरान वह किसी राज्य में नहीं गये। विजय के उपरान्त जब भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण से पूछते हैं कि हमारा कार्य पूर्ण हो गया है, अब हम लोगों को वापस चलना चाहिए। लक्ष्मण जी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि लंका सोने की बनी है। अयोध्या में बर्तन ही सोने के बने हैं, जबकि लंका में सम्पूर्ण राजमहल सोने का बना है। कुछ दिन यहां रुकना चाहिए और युद्ध शिविर से निकलकर लंका का भ्रमण करना चाहिए। भगवान श्रीराम ने लक्ष्मण जी से कहा कि 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते, जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'। अर्थात हे लक्ष्मण, लंका भले ही सोने की बनी हो, लेकिन मुझे यह अच्छी नहीं लगती, क्योंकि अपनी माँ और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। भगवान श्रीराम का यह उद्बोधन आज भी हम सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा है। भगवान राम के यह शब्द एक ऋषि के माध्यम से हम सबके सामने आये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रत्येक कोने में अपनी वेश-भूषा पहनकर जब हम जाते हैं, तो देखकर ही लोग 'जय श्रीराम' का उद्घोष करते हैं। कोई जान पहचान न होने के बावजूद यह शब्द उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम सभी जगह सुनने को मिलता है। चाहे कोई व्यक्ति हिन्दी जानता हो या न जानता हो, अथवा तमिल, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलगू, बंगाली, उड़िया मूल का हो या नॉर्थ ईस्ट की किसी भी भाषा या बोली बोलता हो, उसे मुख से 'जय श्रीराम' का शब्द निकलता है।

अल्पसंख्यक समाज के लिए सहारा बनी सामूहिक विवाह योजना

- मुख्यमंत्री विवाह योजना से बेटियों को मिला सम्मान
- हजारों परिवारों की चिंता कम कर रही सरकारी योजना

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को जमीन पर उतारने में लगातार जुटी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए मजबूत सहारा बन कर उभरी है। अल्पसंख्यक समाज के हजारों परिवारों को योजना से राहत और सम्मान मिला। वर्ष 2017-18 से 25-26 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अल्पसंख्यक वर्ग के 52,134 जोड़ों को इस योजना के तहत विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। सरकार की इस पहल से उन परिवारों की चिंता कम हुई है जो बेटियों के विवाह के खर्च को लेकर सालों तक परेशान रहते थे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और समानता का भी संदेश दे रही है। कार्यक्रम में सभी धर्मों और समुदायों के जोड़ों का एक साथ विवाह कराना समाज में भाईचारे और सौहार्द की भावना को मजबूत करता है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकार की इस पहल से अल्पसंख्यक समाज की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर मिल रहा है। कई परिवारों ने इसे गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बताया। अधिकारियों के अनुसार योजना में पात्रता के आधार पर लाभ दिया जा रहा है। यह योजना सामाजिक समरसता को मजबूत करते हुए जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

ऊर्जा बचत के संदेश के साथ बाइक से सचिवालय पहुंचे मंत्री दानिश आजाद

- देशहित में ईंधन बचत, मंत्री दानिश आजाद अंसारी बने मिसाल

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं पेट्रोलियम उत्पादों की खपत कम करने के लिए किए गए आवाहन के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी दिशा में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी मा. मंत्रीगणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तेल एवं अन्य संसाधनों का यथासंभव कम उपयोग किया जाए तथा उनके सदुपयोग को प्राथमिकता दी जाए। इसी क्रम में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने एक सराहनीय पहल करते हुए अपने लखनऊ स्थित सरकारी आवास से सचिवालय तक का सफर बाइक से तय किया। उनका यह कदम न केवल ईंधन की बचत के प्रति जागरूकता का संदेश देता है, बल्कि आम जनमानस को भी पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करता है। राज्यमंत्री अंसारी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह आह्वान केवल एक अपील नहीं, बल्कि देशहित में एक आवश्यक कदम है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर थोड़ी-थोड़ी बचत का संकल्प ले, तो इसका व्यापक सकारात्मक प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण दोनों पर पड़ेगा। प्रदेश सरकार द्वारा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। यह पहल एक उदाहरण है कि जनप्रतिनिधि स्वयं आगे आकर समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

ग्लोबलाइज़ेशन के दौर में जंग बे इतमीनानी, डिप्रेशन, हिज्रत का मसला

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आज दुनिया को पहले से अधिक शांति और अमन की आवश्यकता है। शांति हम सभी के लिए हर स्तर पर आवश्यक है, चाहे वह दुनिया हो, देश हो, राज्य हो, समाज हो या परिवार। इन विचारों का व्यक्त करते हुए आज जनाना पार्क में बज़्म-ए-खवातीन के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उम्मे सफिया, अफशां सिद्दीकी गोरखपुर, निदा खातून अलीगढ़, अनवर जहां, गुलशन बेगम आदि ने कहा कि आज हम एक ग्लोबल विलेज कहलाने वाली दुनिया में रह रहे हैं, जिसने देशों को आपस में जोड़कर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया है, लेकिन वैश्वीकरण के इस दौर में युद्ध, असंतोष, अवसाद और पलायन जैसी समस्याएँ भी बढ़ी हैं। पर्यावरण असंतुलन पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसी स्थिति में वैश्विक स्तर पर शांति और भाईचारे की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।

ईंधन मूल्य वृद्धि पर कांग्रेस ने साधा निशाना

- चुनाव खत्म होते ही जनता पर बोझ: प्रमोद तिवारी
- पेट्रोल-डीजल महंगाई पर मोदी सरकार घिरी
- ईंधन कीमतों को लेकर कांग्रेस का केंद्र पर वार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता विरोधी दल प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये की वृद्धि को लेकर केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इसी वक्त और शुभ मुहूर्त का इंतजार था कि 5 राज्यों के चुनाव समाप्त हों तो जनता की जेब पर कैसे डाका डाला जाए। वही बात सामने आ गयी, जैसे ही चुनाव समाप्त हुए पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि कर दी गयी। श्री तिवारी ने कहा कि पहले से नीति तो यही थी कि जब दुनिया के बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम होगी तो पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी की जाएगी और जब कच्चे तेल की कीमत वैश्विक बाजार में बढ़ेंगे तो दाम बढ़ाए जाएंगे। यूपीए सरकार में लगभग 140 डॉलर प्रति बैरल कच्चा तेल खरीद कर भी पेट्रोल की कीमत 60-70 रुपये प्रति लीटर से ऊपर डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने नहीं जाने दिया। लेकिन आज मोदी सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत को शतक के करीब पहुंचा दिया। जब दुनिया के बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम हुई थी तो मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमत कम क्यों नहीं की थी। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में मोदी के मित्रों विशेष रूप से 3-4 दोस्तों ने 28 से 30 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा पुराना घाटा पूरा करने के बाद कमाया है। उस वक्त मोदी सरकार का जवाब था कि भविष्य के लिए इन कम्पनियों को तैयार किया जा रहा है जिससे समस्या आए तो संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रधानमंत्री के ईंधन की बचत की अपील के बाद दो गाडियों के काफिले के साथ चलने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश में दो गाडियों में चल कर फोटो रील बनवानी थी वह दिखाने और प्रचार के लिए बन गयी, लेकिन अब आप उस हवाई जहाज से विदेश यात्रा को जा रहे हैं, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प चलते हैं। यह जनता के साथ धोखा है।

धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंककर जताया विरोध

- पेपर लीक मामले पर कांग्रेस का सरकार पर हमला
- एनटीए भंग करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के नेतृत्व में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंका। युवा कांग्रेसियों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए की मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए धर्मेन्द्र प्रधान मुर्दाबाद, मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर हुए प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष अंकित तिवारी और एनएसयूआई मध्य जोन अध्यक्ष अनस रहमान ने किया। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए अंकित तिवारी ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक ने देश के लाखों छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के विश्वास और उनके मनोबल को पूरी तरह तोडने का काम किया है। भाजपा सरकार के संरक्षण में एनटीए लगातार परीक्षा आयोजन की सुदृढ़ व्यवस्था कराने में विफल साबित हो रही है, जिस वजह से देश के होनहार मेहनती छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। युवा और एनएसयूआई पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार नहीं पेपर लीक उद्योग बन गया है। बीते 10 सालों में 80 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। भाजपा सरकार की भ्रष्ट व्यवस्था से पेपर माफियाओं को खुला संरक्षण प्राप्त होने की वजह से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। युवा कांग्रेस नेताओं ने एनटीए को तुरंत भंग करने, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से तत्काल इस्तीफा देने और नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच कराने, छात्रों को निशुल्क मेंटल हेल्थ सपोर्ट, प्रभावित छात्रों को फ्री लीगल ऐड देने और पीड़ित परीक्षार्थियों को आर्थिक मुआवजा दिये जाने की मांग की।

नदवा परिसर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

- फाह हॉस्पिटल की पहल, छात्रों और लोगों को मिली मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं
- मेगा हेल्थ कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया परामर्श
- निःशुल्क जांच, दवाइयां और परामर्श से लोगों को राहत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। फाह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा नदवा परिसर, लखनऊ में एक विशाल निःशुल्क मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

कैंप में जनरल मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पीडियाट्रिक्स, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही पूर्ण रक्त जांच, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं ECG जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं तथा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयाँ वितरित की गईं।

डॉ. अहमद रज़ा खान (फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर) फाह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल , ने कहा,

'स्वस्थ समाज ही मजबूत समाज की पहचान है। फाह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्देश्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक उच्चतम स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। नदवा समुदाय के साथ यह पहल हमारी सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का प्रतीक है। '

कैंप के सफल आयोजन में मोहम्मद अम्मार हसनी नदवी (नाज़ेआम), कमाल अख्तर नदवी (टीचर एवं हॉस्पिटल इंचार्ज) तथा मोहम्मद शरीफ (शिफाखाना हॉस्पिटल) का विशेष सहयोग रहा।

कैंप से रेफर मरीजों को फाह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में OPD, डायग्नोस्टिक्स एवं उपचार सेवाओं पर विशेष छूट एवं प्राथमिकता सुविधा देने की भी घोषणा की गई।

एनआरएलएम योजना को 1529 करोड़ की मंजूरी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में एन.आर.एल.एम. योजनान्तर्गत एस.एन.ए. स्पर्श माडयूल के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मदर सैक्शन के सापेक्ष अनुदान सं.-13 (सामान्य मद) के अंतर्गत केन्द्रांश की धनराशि रू. 91794.64 लाख के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि रू. 61196.427 लाख इस प्रकार कुल रू. 152991.067 लाख (रुपये पन्द्रह अरब उन्तीस करोड इक्यानबे लाख छ हजार सात सौ मात्र) को अवमुक्त कर आयुक्त, ग्राम्य विकास के निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किये जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की गयी है। जारी शासनादेश मे निर्देश दिये गये है कि धनराशि का कोषागार से आहरण एकमुश्त न करते हुए आवश्यकतानुसार चरणों में किया जायेगा। धनराशि का आहरण एवं व्यय योजना विषयक गाइड लाइन /दिशा निर्देश तथा इस संबंध में समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद पर फैसला राजनीतिक: शाहनवाज़

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने कहा है कि भोजशाला - कमाल मौला मस्जिद को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा मंदिर घोषित कर दिया जाना न्यायिक कम राजनैतिक फैसला ज़्यादा है। क्योंकि कथित एएसआई रिपोर्ट पर मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का संज्ञान ही हाईकोर्ट द्वारा नहीं लिया गया। वहीं इस मामले में पूजा स्थल अधिनियम 1991 की भी अवहेलना की गई है। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट के इस फैसले को पलट देगा। शाहनवाज़ आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पूजा स्थल अधिनियम स्पष्ट तौर पर कहता है कि 15 अगस्त 1947 तक धार्मिक स्थलों का जो भी चरित्र था वो यथावत रहेगा। इसे चुनौती देने वाले किसी भी प्रतिवेदन या अपील को किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण (ट्रिब्युनल) या प्राधिकार (अथॉरिटी) के समक्ष स्वीकार ही नहीं किया जा सकता। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि इंदौर हाईकोर्ट का यह फैसला 12 दिसंबर 2024 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन के उस आदेश की भी अवमानना है जिसमें उन्होंने अदालतों को मस्जिदों और मंदिरों के दावों पर कोई भी याचिका स्वीकार करने, लंबित मामलों में कोई भी आदेश जारी करने पर रोक लगायी थी। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि निचली अदालतें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमानना कर रही हैं और सुप्रीम कोर्ट अपनी अवमानना पर चुप्पी साधे हुए है।

आलिया फातिमा रिज़वी को वाशिंगटन डीसी में एक हजार यूएस डॉलर की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। युवा नवोन्मेषक आलिया फातिमा रिज़वी को प्रतिष्ठित National Geographic Society 'स्लिंगशॉट चैलेंज 2026' में उनके अभिनव पर्यावरणीय प्रोजेक्ट के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। यह प्रोजेक्ट सस्टेनेबिलिटी और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उनके प्रोजेक्ट 'द पपेट टीचेज़ द प्लैनेट' को Significant Achievement Award के साथ 1000 अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्रदान किया गया। वर्ष 2022 में शुरू किए गए इस वैश्विक प्रतियोगिता का उद्देश्य 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अपने समुदायों की पर्यावरणीय समस्याओं के लिए रचनात्मक समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष प्रतियोगिता में 104 देशों से 5,900 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल शीर्ष 15 प्रोजेक्ट्स को सम्मानित किया गया। आलिया का यह पुरस्कार विजेता प्रोजेक्ट पर्यावरणीय शिक्षा और सांस्कृतिक जुड़ाव का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। 'द पपेट टीचेज़ द प्लैनेट' के माध्यम से बेकार कपड़ों का रचनात्मक पुनः उपयोग करते हुए कठपुतली निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जो लखनऊ की स्थानीय सांस्कृतिक परंपराओं से प्रेरित थीं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को रोचक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी के प्रति जागरूक करना है। यह उपलब्धि आलिया फातिमा रिज़वी की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरी बड़ी सफलता है। इससे पहले वर्ष 2024 में उन्होंने Axis Bank SPLASH Competition 2024 में नेशनल रनर-अप का स्थान हासिल किया था और उन्हें 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई थी। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान के तहत आलिया को अक्टूबर 2026 में Washington, D.C. में आयोजित होने वाले आधिकारिक सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है। वर्तमान में इस प्रोजेक्ट के लिए एक समर्पित वेबसाइट विकसित करने और इस पहल को व्यापक स्तर पर विस्तार देने की दिशा में कार्य जारी है। इसके अतिरिक्त, इस प्रोजेक्ट का चयन People's Choice Award के लिए भी किया गया है, जिसके लिए सार्वजनिक मतदान जारी है। वोटिंग लिंक: 'The Puppet Teaches the Planet' के लिए वोट करें।



खादी ग्रामोद्योग विभाग देगा आधुनिक पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन

लखनऊ। उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में पिछड़े वर्ग के पॉपकॉर्न बनाने वाले भुर्जी समाज के ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों तथा इस कार्य में रुचि रखने वाले अन्य परंपरागत कारीगरों को आधुनिक पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन निःशुल्क प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, लखनऊ ए0के0 गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद लखनऊ में पॉपकॉर्न उत्पादन एवं विक्रय का कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थी अपना फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

11 साल की सेवा के बाद भी शिक्षक स्थानांतरण को तरस रहे, निदेशालय पर दिया धरना

- वरिष्ठता और सेवा के आधार पर अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की उठी मांग
- निशातगंज निदेशालय में महानिदेशक को सौंपा ज्ञापन, समान अवसर की अपील

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जनपदों, जैसे बहराइच और श्रावस्ती, में तैनात बेसिक शिक्षकों के धैर्य का बांध शुक्रवार को टूट गया। पिछले 11 वर्षों से लगातार एक ही जनपद में अपनी सेवाएं दे रहे सैकड़ों शिक्षकों ने आज शिक्षा निदेशालय, निशातगंज में महानिदेशक और निदेशक बेसिक को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों की मुख्य मांग है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आकांक्षी जनपदों से विशेष अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू की जाए और इसके लिए केवल वरिष्ठता को ही आधार बनाया जाए।

शिक्षकों का आरोप है कि विगत वर्षों में आकांक्षी जिलों से स्थानांतरण पर 35% तक का प्रतिबंध लगाया गया था, जिसके कारण प्रदेश के अन्य जिलों में जहां 45% तक तबादले हुए, वहीं इन जिलों में केवल 10% शिक्षक ही लाभान्वित हो सके। 2018 और 2020 की नीतियों में पद संतृप्ति का भरोसा दिया गया था, लेकिन उसे आज तक पूरा नहीं किया गया और अब छात्र-शिक्षक अनुपात (PTR) का हवाला देकर पुनः प्रतिबंध लगा दिया गया है।

लंबी अवधि से अपने गृह जनपद से दूर रहने के कारण शिक्षक अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा से वंचित हैं और कई शिक्षक मानसिक अवसाद व गंभीर शारीरिक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बेसिक शिक्षा मंत्री से इस मानवीय संकट पर ध्यान देने की अपील की है। इस दौरान लक्ष्मीकांत दुबे, चंद्रशेखर सिंह, विजय पांडेय, दीपक यादव, अमर वर्मा, प्रदीप पांडेय, शारदा केसरवानी, अर्चना त्रिपाठी, राधारानी, शेखर पवार, अमर यादव, आशुतोष मिश्र, विनोद, सूर्यप्रकाश, अनुराग, शिव बहादुर, शिव विशाल, राजकुमार, कबीर, श्रवण भट्ट, राजीव गुप्ता, सौरभ, राजेश, आलोक, अवधेश, रेशू शुक्ला समेत सैकड़ों पीड़ित शिक्षक उपस्थित रहे।

जिला कारागार लखनऊ में विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल

लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान वर्ष 2026-27 के अंतर्गत तथा जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा आज जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों के परिजनों की सुविधा हेतु कारागार परिसर के बाहर लीगल हेल्प डेस्क की स्थापना की गई, जिससे उन्हें विधिक सहायता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य बंदियों एवं उनके परिजनों को सुलभ एवं त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की पहल से न्याय तक पहुंच को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम द्वारा बंदियों के उपयोग हेतु एक वाटर कूलर तथा महिला बंदियों के लिए नजर के 30 चश्मे उपलब्ध कराए गए।